तापमान
अधिकतम :33° C
न्यूनतम: 21° C

सेंसेक्स
82,176.45
25,001.15

सोना चांदी
98,555
1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

हल्द्वानी, मंगलवार 27 मई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 276 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 28 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाने से पहले क्वारंटीन हुए शुभांशु

विस्तृत खबर देश-विदेश पर

पर्पल कैप की दौड़ में प्रसिद्ध को पछाड़ नूर हुए आगे

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

भूषण स्टील के परिसमापन कार्यवाही पर यथास्थिति का आदेश

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल) के परिसमापन कार्यवाही पर पुनर्विचार याचिका दायर करने की समय सीमा समाप्त होने तक यथास्थिति बनाए रखने का सोमवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने जेएसडब्ल्यू स्टील की याचिका पर यह आदेश पारित किया।

सुप्रीम कोर्ट बेंगलुरु पैलेस ग्राउंड टीडीआर विवाद पर आज करेगा विचार

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि अधिग्रहित बेंगलुरु पैलेस ग्राउंड की 15 एकड़ से अधिक अधिग्रहित भूमि के लिए श्रीकांतदत्त नरसिंहराजा वाडियार और अन्य के कानूनी उत्तराधिकारी के पक्ष में 3,400 करोड़ रुपये से अधिक के हस्तांतरणीय विकास अधिकार प्रमाण पत्र (टीडीआर) जारी करने के अदालती फैसले को चुनौती देने वाली कर्नाटक सरकार की नई याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करेगा।

एटीएस नागपुर की महिला से करेगी पूछताछ

मुंबई। बहु-एजेंसी जांच के अलावा महाराष्ट्र पुलिस का आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) नागपुर की महिला सुनीता भालेश्वर जामगड़े से भी पूछताछ करेगा, जिसे पाकिस्तानी अधिकारियों ने रविवार को भारतीय अधिकारियों को सौंपा था। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि सुनीता इस महीने की शुरुआत में करगिल के हुंदरमन गांव से नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तान चली गई थी। 43 वर्षीय सुनीता के 14 मई को लापता होने की सूचना मिली थी। पुलिस के अनुसार वह दस दिन पहले अपने बेटे को छोड़कर भूलवश सीमा पार चली गई थी और बाद में उसे पाकिस्तानी बलों ने पकड़ लिया और महिला को 24 मई को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया गया।

नेहा सिंह राठौर के मामले में सुनवाई 29 मई को

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने पहलगाम हमले पर टिप्पणी के मामले में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की याचिका पर अगली सुनवाई 29 मई को नियत की है। उधर, राठौर ने लखनऊ के हजरतगंज थाने में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। याचिका पर न्यायाधीश विवेक चौधरी व न्यायाधीश बृजराज सिंह की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से सरकारी वकील ने कहा कि मामले की केस डायरी की पूरी जानकारी उनके पास है। इस पर, याची के अधिवक्ता ने कहा कि अभियोजन ने याची के खिलाफ जो साक्ष्य पाए हैं उन्हें याची को सौंपा जाए।

विभाजन के बाद अस्तित्व में आए पाकिस्तान पर जमकर बरसे मोदी

बहनों का सिंदूर मिटाने वालों का मिटना तय

- दाहोद से किया पीएम ने 24 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

दाहोद, वार्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर कहा है कि जो कोई 'हमारी बहनों का सिंदूर मिटाएगा, उसका मिटना भी तय है।'

श्री मोदी ने सोमवार को यहां विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो कोई हमारी बहनों का सिंदूर मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद अस्तित्व में आया देश भारत के प्रति नफरत पर जी रहा है। पाकिस्तान का एकमात्र उद्देश्य भारत से दुश्मनी करना और भारत को नुकसान पहुंचाना है, लेकिन भारत का लक्ष्य गरीबी हटाना, आर्थिक विकास लाना और विकसित राष्ट्र बनना है। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सैन्य कार्रवाई नहीं, यह हम भारतीयों के संस्कारों, हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंक फैलाने वालों ने सपने में भी सोचा नहीं होगा कि 'मोदी' से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है। बाल-बच्चों के सामने पिता को गोली मार दी। आज भी वे तस्वीरें देखते हैं, तो खून खौल जाता है। ये 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी, इसलिए हमने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि हमने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारी -शेष पृष्ठ दो पर

ऑपरेशन सिंदूर को मॉनिटर कर रहे थे तीनों सेना प्रमुख

- सेना ने बुकलेट जारी की, बीएसएफ के आईजी बोले- पाक ने राजस्थान में 413 ड्रोन अटैक किए

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने सोमवार को एक बुकलेट जारी की है। इसमें बताया गया कि 6-7 मई को लॉन्च किए ऑपरेशन सिंदूर की तीनों सेना प्रमुख मॉनिटरिंग कर रहे थे। बुकलेट में दिखाया गया है कि कैसे वॉर रूम से पूरे ऑपरेशन पर नजर रखी जा रही थी। इसमें सेना चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और एयरफोर्स चीफ एयरचीफ मार्शल एपी सिंह मौजूद थे। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पार्लियामेंट्री कंसलटेटिव कमेटी की बैठक की। उन्होंने कहा कि डीजीएमओ ने पाकिस्तान को उसके क्षेत्र में टेरर कैंप पर भारतीय हमले की जानकारी तभी दी थी जब अटैक किया गया था। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान से कभी बात नहीं की। सेनां ऑपरेशन (सीजफायर) रोकने का फैसला पाकिस्तान की रिक्वेस्ट पर द्विपक्षीय लिया गया था। इसमें अमेरिका की मध्यस्थता का सवाल नहीं उठता है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद ही दी गई पाकिस्तान को जानकारी: जयशंकर

नई दिल्ली। सीमापार आतंकवाद के मुद्दे पर सोमवार को संसदीय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सरकार ने सीमापार आतंकवाद को लेकर अपनी रणनीति साझा की, जिसमें कूटनीतिक पहल और अन्य कोशिशों की पूरी जानकारी दी। सरकार ने संसद की सलाहकार समिति के साथ बैठक में बताया कि पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो आतंकवाद का केंद्र थे। इससे पाकिस्तानी सेना के मनोबल पर चोट लगी है, क्योंकि वह आतंकी शिविरों की रक्षा नहीं कर सकी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को एक संसदीय समिति को बताया कि पाकिस्तान को भारतीय सेना द्वारा उनके क्षेत्र में स्थित आतंकी शिविरों पर किए गए हमलों की जानकारी केवल हमले के बाद डीजीएमओ (डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस) स्तर पर दी गई थी। सूत्रों के अनुसार, जयशंकर ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान को पहले से कोई सूचना नहीं दी गई थी और अमेरिकी हस्तक्षेप की जो बातें कही जा रही थीं, वे निराधार हैं।

मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली कमांडर मनीष ढेर

लातेहार। झारखंड में लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली कमांडर मनीष यादव मारा गया तथा नक्सली कुंदन खरवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) वाईएस रमेश ने नक्सली कुंदन के मारे जाने की पुष्टि करते हुए सोमवार को यहां बताया कि लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को रविवार की रात सूचना मिली थी कि नक्सली कमांडर मनीष यादव अपने दस्ते के साथ महुआडांड थाना क्षेत्र के दौना और करमखाड के बीच जंगल में भ्रमणशील है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम गठित की गई और नक्सलियों की घेराबंदी का काम शुरू किया गया। इसी बीच पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई। रविवार देर रात से लेकर सोमवार सुबह तक चली पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में नक्सली कमांडर मनीष यादव मारा गया है। मौके से दस लाख रुपये के इनामी नक्सली कुंदन खरवार को गिरफ्तार किया गया है।

भाजपा विधायक आदेश चौहान को छह माह की सजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून/हरिद्वार। पुलिस हिरासत में मारपीट के करीब 16 वर्ष पुराने एक मामले में बीजेपी के विधायक को सीबीआई कोर्ट ने 6 महीने की सजा सुनाई है।

उत्तराखंड के हरिद्वार जिले की रानीपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक आदेश चौहान सहित उनकी भांजी एवं 3 पुलिसकर्मियों को सीबीआई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सीबीआई कोर्ट ने उन्हें पुलिस कस्टडी में की गई मारपीट से जुड़े मामले में सजा सुनाई है। सजा सुनाए जाने के बाद उनको सोमवार को ही जमानत भी मिल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विधायक पर अपनी भांजी के पति को पुलिस हिरासत में मारने-पीटने का आरोप है। घटना का दोषी मानते हुए सीबीआई कोर्ट ने विधायक के साथ उनकी भांजी एवं तीन पुलिसकर्मियों को भी सजा सुनाई गई। सीबीआई के स्पेशल मजिस्ट्रेट संदीप भंडारी की अदालत ने पीड़ित -शेष पृष्ठ दो पर

- भांजी व तीन पुलिसकर्मियों को भी सीबीआई कोर्ट ने सुनाई सजा
- हरिद्वार जनपद के रानीपुर क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं आदेश चौहान
- सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें जमानत भी मिल गई

पाक को खुफिया जानकारी भेजने वाला CRPF जवान गिरफ्तार

नई दिल्ली। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली से सीआरपीएफ के जवान मोती राम जाट को गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को भारत की संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप है।

एनआईए के मुताबिक, 2023 से पाकिस्तान खुफिया अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी डिटेल शेयर कर रहा था। मोती राम को पीआईओ से अलग-अलग तरीकों से पैसे भी मिल रहे थे। मोती राम को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 6 जून तक की कस्टडी में भेजा गया है। एनआईए उससे पूछताछ कर रही है। 24 मई को गुजरात एटीएस ने कच्छ से एक शख्स सहदेव सिंह गोहिल को गिरफ्तार किया था। गोहिल बीएसएफ -नेवी की मौजूदा सेना यूनिट्स की फोटो- वीडियो व्हाट्सएप के जरिये पाकिस्तानी एजेंट को भेजा करता था।

- आरोपी मोतीराम जाट को पाक अफसरों से मिले पैसे: एनआईए

यूट्यूबर ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

हिसार। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ज्योति को हिसार पुलिस पेशी के लिए हिसार कोर्ट लेकर पहुंची थी। ज्योति मल्होत्रा को सिविल जज सुनील कुमार की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के मुताबकि ज्योति को हिसार की सेंट्रल जेल नंबर 2 में रखा जाएगा। यह महिलाओं की जेल है। पेशी के दौरान कोर्ट के अंदर के गेट बंद कर दिए गए थे और भारी पुलिसबल को मौके पर तैनात किया गया था।

पटना में एम्स डाक्टर सहित दो कोरोना पॉजिटिव

नई दिल्ली, वार्ता

भारत में कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बिहार में सोमवार को एम्स पटना के एक डाक्टर और एक 31 साल के व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई। यह कोरोना की मौजूदा लहर में राज्य का पहला मामला है।

वहीं पश्चिम बंगाल में चार और लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है, जिसके बाद सक्रिय मामलों की संख्या 12 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मरीजों को सांस संबंधी समस्याएं हैं। अधिकतर मामले कोलकाता और उसके आसपास से सामने आए हैं। पिछले एक सप्ताह में कोविड-19 के 752 नए मामले सामने आए हैं? देश में कुल मामलों की संख्या 1,009 हो गई है। पिछले एक सप्ताह में केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली में सबसे ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। केरल में 335 नए मामले सामने आए हैं, जिसके साथ ही कुल एक्टिव मामले 430 हो गए हैं। महाराष्ट्र में 153 और दिल्ली में 99 नए मामले सामने आए हैं। दिल्ली में इस वक्त कुल 104 एक्टिव मामले हैं। इन शहरों के बाद गुजरात में 83 मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15 मामले दर्ज किए गए हैं। देश में कोरोना के बढ़ते नए मामलों के बीच अब तक 7 लोगों की मौत भी हुई है। रविवार को महाराष्ट्र के ठाणे के छत्रपति शिवाजी महाराज कलवा अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के कोविड मरीज की मौत हो गई। युवक का 22 मई से इलाज चल रहा था। राज्य में अब तक 4 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। इससे पहले 17 मई को कर्नाटक के बेंगलुरु में 84 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बुजुर्ग की मौत मल्टी आर्गन फेल्योर के कारण हुई। हालांकि, 24 मई को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई। केरल में दो लोगों की कोविड से मौत हुई है।

- बिहार में पहला मामला, बंगाल में चार नए केस, दिल्ली में 104, देश में अब तक 1009 एक्टिव मामले

राज्यसभा की आठ सीटों के द्विवार्षिक चुनाव 19 जून को

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने राज्यसभा के लिए असम से उन दो तथा तमिलनाडु से उन छह सीटों के लिए 19 जून को चुनाव कराने की सोमवार को घोषणा की जिनके लिए निर्वाचित वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल जून-जुलाई में पूरा हो रहा है। इन सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचना दो जून को जारी की जाएगी। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार इन सीटों के लिए निर्वाचित सदस्यों का वर्तमान कार्यकाल आगामी 14 जून और 24 जुलाई को पूरा होने जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इन सीटों के लिए नामांकन पत्र सोमवार नौ जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 10 जून को की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 12 जून रखी गई है। इन सीटों के लिए मतदान 19 जून को पूर्वाह्न नौ बजे से अपराह्न चार बजे तक कराया जाएगा। मतों की गिनती मतदान पूरा होने के एक घंटे बाद उसी दिन शाम पांच बजे की जाएगी। आयोग ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया 23 जून तक सम्पन्न करा ली जाएगी असम से राज्यसभा के सदस्य मिशन रंजन दास और बीरेन्द्र (दोनों भाजपा) का कार्यकाल 14 जून को पूरा हो रहा है।

मुंबई में भारी बारिश, अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में भरा पानी

- लोकल ट्रेनें भी प्रभावित, हजारों लोग फंसे, आठ फ्लाइट्स प्रभावित, पुणे में बादल फटा, घरों में पानी भरा

नई दिल्ली। मुंबई में सोमवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। हाल ही में शुरू हुए वर्ली अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में पानी भर गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने एक मई को ही इसका उद्घाटन किया था।

इधर, घने बादलों की वजह से विजिबिलिटी लो है। इस वजह से 8 फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। सड़कों पर भी लोग गाड़ियों की लाइट ऑन करके ड्राइव कर रहे हैं। बारिश के साथ मुंबई में 70 से 80 किमी की रफ्तार से हवा चली, जिससे कई इलाकों में पेड़ गिर गए हैं। बारिश के बाद कई जगह 7-8 किमी लंबा जाम लगा हुआ है। हार्बर, सेंट्रल लाइन पर लोकल ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। हजारों लोग अभी भी फंसे हुए हैं। इधर पुणे में रविवार की तेज बारिश की वजह से -शेष पृष्ठ दो पर

देश के कई हिस्सों में पहुंचा मानसून

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम मानसून मुंबई, बेंगलुरु और पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के कई हिस्सों में सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि मानसून मध्य अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके अलावा, त्रिपुरा, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में भी मानसून पहुंच गया है। असम और मेघालय के कुछ हिस्सों में भी सोमवार को मानसून की बारिश हुई। दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं और यह जल्द ही अरब सागर के मध्य भाग, महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में सक्रिय हो जाएगा।

कोच्चि तट पर लाइबेरियाई जहाज डूबा, सार्वजनिक परामर्श जारी

कोच्चि। केरल में कोच्चि तट पर अरब सागर में लाइबेरिया के कंटेनर जहाज के डूबने के बाद एक सार्वजनिक परामर्श जारी किया गया है, जिसमें लोगों को किसी भी तैरते या किनारे पर पड़े कंटेनर या मलबे के पास न जाने या उनसे संपर्क न करने का निर्देश दिया गया है, क्योंकि उनमें खतरनाक पदार्थ हो सकते हैं। जहाज पर कुल 643 कंटेनर थे, जिनमें से 73 खाली थे और 13 में खतरनाक सामान थे, जिनमें कैल्शियम कार्बाइड भी शामिल था। एक ऐसा रसायन जो पानी के साथ हिसक रूप से प्रतिक्रिया करके अत्यधिक ज्वलनशील एसिटिलीन गैस छोड़ता है। कंटेनर जहाज 24 मई को दोपहर करीब 1:25 बजे एमएससी एल्सा 3 विझिनजाम से कोच्चि बंदरगाह के रास्ते में अरब सागर में पलट गया और बाद में डूब गया। तिरुवनंतपुरम जोन के सीमा शुल्क के मुख्य आयुक्त के कार्यालय द्वारा जारी परामर्श के अनुसार घटना के समय जहाज पर मौजूद सभी सामान पर शुल्क नहीं चुकाया गया था और ऐसे सामान को किसी भी तरह से अनधिकृत तरीके से हटाना या चुराना अवैध है।

मोदी ने 11 साल में कर दी देश की दुर्दशा

कहा: देश में बेरोजगारी बढ़ी और अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 साल के दौरान देश बर्बाद हो गया है और इस दौरान देश मे बेरोजगारी बढ़ी, अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई और विदेश नीति के स्तर पर भारत की साख कमजोर हुई है।

श्री खड़गे ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कि 11 सालों में बड़े-बड़े 'वादों' को खोखले 'दावों' में बदलकर मोदी सरकार ने देश की ऐसी दुर्दशा कर दी, कि 'अच्छे दिन' की बात अब एक 'डरावने सपने' की तरह साबित हुई। युवा, सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा, असलियत में करोड़ों की गायब। किसान, न आय हुई दोगुनी, ऊपर से खानी पड़ी रबर बुलेट, महिला, आरक्षण पर शर्तें लागू, सुरक्षा तार-तार, कमजोर वर्ग एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक पर भयावह अत्याचार, हिस्सेदारी खत्म। उन्होंने पिछले 11 साल में देश की अर्थव्यवस्था तथा विदेश नीति को लेकर भी सरकार को घेरा और कहा कि अर्थव्यवस्था, महंगाई की पराकाष्ठा, बेरोजगारी की बाढ़, खपत ठप्प, मेक इन इंडिया रहा फ्लॉप और असमानता चरम पर। विदेश नीति, वादा था 'विश्वगुरु' बनने का, बिगाड़े हर देश से सम्बन्ध। लोकतंत्र, हर स्तंभ पर आरएसएस का हमला, ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग, संस्थानों की स्वायत्तता दी उजाड़ और 140 करोड़ जनता का हर तबका परेशान, 11 सालों में ऐसा रहा कमल का निशान।

- कांग्रेस अध्यक्ष बोले- विदेश नीति के स्तर पर भारत की साख कमजोर हुई
- अच्छे दिन' की बात अब एक 'डरावने सपने' की तरह साबित हुई

मध्यम उद्योगों की जीडीपी में 29 % की हिस्सेदारी: नीति आयोग

नई दिल्ली। सकल घरेलू उत्पादन - जीडीपी में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग- एमएसएमई क्षेत्र का योगदान 29 प्रतिशत है, जबकि यह 60 प्रतिशत लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है। नीति आयोग की सोमवार को यहां मध्यम उद्यमों के लिए नीति तैयार करना पर रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि मध्यम उद्यम भविष्य के बड़े उद्यम हैं और 2047 के विकासशील भारत के चालक हैं। छोटे उद्योग क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 29 प्रतिशत का योगदान देता है और 60 प्रतिशत से अधिक कार्यबल को रोजगार देता है। इसके अलाव निर्यात में 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी है रिपोर्ट में मध्यम उद्यमों को भारत की अर्थव्यवस्था के भविष्य के विकास इंजन में बदलने के लिए एक व्यापक योजना पेश की है।

संक्षिप्त समाचार

5000 इंजीनियर्स को यूपीपीसीएल ने दिया नोटिस

लखनऊ। यूपी के पूर्वांचल और दक्षिणांचल इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कारपोरेशन के निजीकरण होने के खिलाफ बिजली कर्मचारियों की 29 मई से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की चेतावनी की घोषणा के बाद पावर कारपोरेशन ने प्रदेश के 5000 से ज्यादा इंजीनियर्स को नोटिस भेजते हुए इसमें शामिल न होने की चेतावनी दी है और कहा है कि यदि काम बंद किया, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारियों को डराने और उनकी आवाज को दबाने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने नोटिस भेजते हुए बहिष्कार में शामिल न होने के लिए कहा है।

पिता और दो पुत्रों की हथौड़ा मार कर हत्या

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के जफराबाद क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक बुजुर्ग और उसके दो पुत्रों की सिर पर हथौड़ा मार कर हत्या कर दी है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने सोमवार को बताया कि क्षेत्र के मोहम्मदपुर कांध गांव निवासी लालजी (62) उसके पुत्र गुड्डू कुमार (32) व यादवीर (28) की लाल जी बेल्डिंग वर्कशॉप के नाम से दुकान क्षेत्र के नेवादा बाईपास पर थी। रविवार की रात लाल जी अपने दो पुत्रों के साथ दुकान पर था कि देर रात अज्ञात बदमाशों ने हथौड़े से सिर पर मार कर तीनों की हत्या कर दी और सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर को भी चाबी से खोलकर लेकर चले गए। मौके पर चार मोबाइल फोन मिले हैं। घटना की सूचना गुड्डू कुमार के बहनोई ने पुलिस को दिया है। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए आठ टीमों का गठन किया है।

मधुबनी गोंड कला के कलाकारों ने राष्ट्रपति मुर्मु से की मुलाकात

नई दिल्ली। राष्ट्रपति भवन में आयोजित आर्टिस्ट इन रेजिडेंस (घरेलू जीवन के कलाकार) कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मधुबनी चित्रकार और गोंड लोक-कला के कलाकारों के एक समूह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति में बताया गया राष्ट्रपति ने इस कार्यक्रम में प्रदर्शित लोक-चित्रकारों की कलाकृतियों का अवलोकन भी किया। उन्होंने भारत की महत्वपूर्ण पारंपरिक कलाओं के इन दो रूपों में उनके योगदान की सराहना की और उनके भविष्य के कलात्मक प्रयासों में सफलता की कामना की।

केरल से कश्मीर तक चलो एलओसी यात्रा एक जून से

तिरुवनंतपुरम। केरल से कश्मीर तक 'चलो एलओसी' यात्रा आगामी एक जून को आदि शंक. राचार्य के जन्मस्थान कलडी से शुरू होगी और 12 जून को जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास टीटवाल में शारदा मंदिर पहुंचेगी। अभिनवगुप्त उन्नत अध्ययन संस्थान के निदेशक एवं 'चलो एलओसी' के राइड कैप्टन आर. रामानंद ने बताया कि 100 बुलेट मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ, 'बुलेट अगेंस्ट बुलेट्स' के नारे के तहत विरोध यात्रा शुरू की जाएगी, जिसका उद्देश्य आतंकवाद के पीड़ितों को सम्मानित करना और न्याय और शांति का आह्वान करना है।

पाक को सम्मान कांग्रेस ने नहीं, भाजपा ने दिया

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने वर्तमान संकट के लिए उसे जिम्मेदार ठहरने पर भाजपा नेता निशिकांत दुबे को आड़े हाथ लेते हुए सोमवार को कहा कि इतिहास का ज्ञान नहीं होने पर भी उन्हें समझना चाहिए कि पाकिस्तान को सम्मान देने का काम कांग्रेस ने नहीं, बल्कि भाजपा के नेताओं ने ही किया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि निशिकांत दुबे कांग्रेस पर हमला करने के लिए भुट्टो का हवाला दे रहे हैं। अब बताइए, पाकिस्तान के नेताओं को सम्मान कौन दे रहा है, लेकिन इसमें हैरानी की कोई बात नहीं है, अडवाणी और श्री जसवंत सिंह ने सार्वजनिक रूप से जिन्ना की तारीफ की थी और मोदी ने पठानकोट एयरबेस पर आतंकी हमले की जांच के लिए आईएसआई को बुलाया था। उन्होंने कहा कि और ये

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बीजेपी पर किया पलटवार

बिचौलिए से नकली इतिहासकार बना व्यक्ति यह भी जान ले कि सरदार स्वर्ण सिंह और भुट्टो के बीच 1963 में छह दौर की वार्ताएं हुई थीं, लेकिन वो सारी बातचीत भारत और पाकिस्तान में हुई थी, किसी 'तटस्थ स्थान' पर नहीं, जैसा कि 10 मई 2025 की संघर्षविराम घोषणा में डा. जयशंकर के मित्र और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था।

गौरतलब है कि दुबे ने इतिहास का हवाला देते हुए कांग्रेस पर हमला किया और कहा कि आयरन लेडी इंदिरा जी और उनके पिताजी नेहरु जी कश्मीर के अवैध कब्जे पाकिस्तान के द्वारा 1948 के बाद दुबारा मध्यस्थ अमेरिका और ब्रिटेन के दबाव में भारत सरकार के मंत्री स्वर्ण सिंह जी व जुल्फिकार अली भुट्टो की लगातार बैठक 1962 से 1964 के बीच हुई, भारत ने पुंछ तथा उरी पाकिस्तान के द्वारा जबरदस्ती हथियाए भूभाग को पाकिस्तान को देने का फैसला ही कर लिया था, इतने पर ही मामला नहीं रुका गुरेज् में पूरी नीलम और किशनगंगा घाटी के साथ लाइन ऑफ कंट्रोल को अन्तर्राष्ट्रीय सीमा। भारत की आज की समस्या का एकमात्र कारण कांग्रेस का हाथ, किसके साथ।

महिलाओं के साथ जघन्य अपराध नहीं रोक पा रही मप्र सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की जघन्य घटनाएं लगातार बढ़ रही है, अपराधी बेधड़क घूम रहे हैं और राज्य सरकार अपराधों को रोकने में पूरी तरह असमर्थ साबित हो रही है। आदिवासी कांग्रेस के प्रमुख डा. विक्रांत भूरिया ने कहा कि मध्य प्रदेश में महिलाओं, दलितों और आदिवासियों के साथ लगातार अत्याचार की घटनाएं हो रही हैं और राज्य सरकार इसे नियंत्रित नहीं कर पा रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव गृह मंत्रालय का कार्य भी संभाल रहे हैं, इसलिए राज्य में सबसे पहले पूर्णकालिक गृह मंत्री होना चाहिए।

कृषि सब्सिडी किसान के खाते में मिले

नई दिल्ली, वार्ता

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि सब्सिडी किसानों के बैंक खातों में भेजने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि इसका उद्योग से व्यापक जुड़ाव है।

धनखड़ ने सोमवार को मध्य प्रदेश के नरसिंह पुर में 'कृषि उद्योग समागम' का उद्घाटन करते हुए कहा कि किसानों को हर प्रकार की सहायता सीधे बैंक खाते में मिलनी चाहिए। इससे किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि खाद को लेकर सब्सिडी की राशि बहुत बड़ी है और अन्य भी सब्सिडी की राशियां भी बहुत बड़ी हैं, पर ये अप्रत्यक्ष हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि यदि ये सब सीधी किसानों को दी जायें, तो मेरा आकलन है कि हर किसान को हर साल कम से कम 35,000 रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा

कृषि उद्योग समागम में बोले उपराष्ट्रपति जगदीप

कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को इस पर ध्यान देना चाहिए और अध्ययन कराया जाना चाहिए। इससे किसान को ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि किसान को हर तरीके से सरकार मदद कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधा किसानों के खाते में जाती है, लेकिन अन्य सहायता भी सीधी किसानों के खाते में जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है। कृषि का उद्योग से व्यापक स्तर पर जुड़ाव-लगाव है। देश की आर्थिक प्रगति पर धनखड़ ने कहा कि पिछले दशक में भारत ने बड़ी आर्थिक छलांग लगाई है। आज भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। बहुत ही जल्दी भारत दुनिया की तीसरी बड़ी महाशक्ति बनने वाला है। कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि क्षेत्र में उद्यमियों के रूप में उभरना चाहिए। देश में 730 कृषि विज्ञान केंद्र हैं और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अनेक संस्थाएं हैं। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित उद्योगों, सांसदों, विधायकों और प्रमुख गैर सरकारी संगठनों को किसान बहुल गांवों को गोद लेना चाहिए। गांवों में किसान उद्यमियों का बढ़ावा देना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि किसान को उद्योग और व्यापार में आने के लिए प्रेरित किया जाएगा, तो देश की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत का लक्ष्य वर्ष 2047 से पहले हासिल हो जाएगा।

आयुष विभाग में 4350 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल ही में आयुष विभाग की बैठक में विभिन्न रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरने के निर्देश दिए हैं, जिसके बाद आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथिक विभाग में रिक्त कुल 4,350 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें से कुछ पद पदोन्नति, सीधी भर्ती, लेखा व वित्तीय संगर्व, पीएसएस संवर्ग के माध्यम से भरे जाएंगे। वहीं कुछ पदों के लिए अधियाचन भेजा जा चुका है।

प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में आयुष चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को सुदृढ़ करने के लिए पर्याप्त मानव संसाधन होना चाहिए। इसी क्रम में निदेशक, उप निदेशक, प्राचार्य, प्रोफेसर, लेक्चरर, चिकित्साधिकारी, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, मैट्रन, रीडर जैसे महत्वपूर्ण पदों को भरने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आयुर्वेद चिकित्सा सेवाओं में कुल 7,233 स्वीकृत पदों

कुछ पद पदोन्नति, सीधी भर्ती, लेखा व वित्तीय संगर्व, पीएसएस संवर्ग के माध्यम से भरे जाएंगे

में से 4,208 पद भरे हुए हैं, जबकि 3,025 पद रिक्त हैं। इसी तरह यूनानी चिकित्सा सेवाओं में कुल 462 स्वीकृत पदों में से 301 भरे हुए हैं, जबकि 161 पद खाली हैं। इसके अलावा होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाओं में कुल 3,818 स्वीकृत पदों में से 2,654 भरे हुए हैं, जबकि 1,164 पद रिक्त हैं। इन पदों में से कई पर प्रोन्नति, सीधी भर्ती, लेखा व वित्तीय संगर्व, पीएसएस संवर्ग तथा अधियाचन भेजे जाने के माध्यम से नियुक्ति की जाएगी। प्रमुख सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जबकि कुछ पदों के अधियाचन प्रेषित कर दिए गए हैं।

हर विद्यालय में तय होगा शिक्षक-छात्र अनुपात: योगी

हर विधानसभा में खुलेंगे कंपोजिट स्कूल

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। बेसिक शिक्षा को समाज और राष्ट्र की आधारशिला बताते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर विद्यालय में शिक्षक और छात्र का अनुपात हर हाल में बनाए रखा जाएगा। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए हर विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक होंगे। मुख्यमंत्री ने हर विधानसभा क्षेत्र में एक मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 25-30 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले ये विद्यालय प्री-प्राइमरी से सीनियर सेकेंडरी तक एक ही कैंपस में सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे।

लोकभवन सभागार में सोमवार को बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम उन्होंने 3300 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। योगी ने शिक्षा के क्षेत्र में पिछले आठ वर्षों में हुए अभूतपूर्व बदलावों की सराहना की और भविष्य के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के कार्यों के एक नए मॉडल की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि यह बच्चों के भविष्य को संवारने का सबसे मजबूत हथियार है। योगी ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प, मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय और

बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए शिक्षकों की कमी नहीं होने देंगे: मुख्यमंत्री

निपुण आकलन जैसे कार्यक्रमों के साथ उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच रहा है। उन्होंने बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत प्रदेश के 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों व अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण किया। साथ ही 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपए की धनराशि उनके अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में जर्जर भवन, गंदगी और अव्यवस्था का बोलबाला था। छात्रों की कमी और ड्रॉपआउट दर अधिक थी, लेकिन ऑपरेशन कायाकल्प ने इस तस्वीर को बदल दिया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के लगभग सभी विद्यालय इस अभियान से जुड़ चुके हैं और शेष 2.3 प्रतिशत विद्यालय भी इस वर्ष कायाकल्प के दायरे में आ जाएंगे। इन स्कूलों में अब शौचालय, पेयजल, खेल मैदान, स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्कूलों में छात्रों की संख्या 800-1200 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा का एक नया मॉडल है, जो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के अवसर प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षक और छात्र का अनुपात हर हाल में बनाए रखा जाएगा। शिक्षकों की कमी नहीं होगी। हर विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक होंगे, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने बीएड और एमएड के छात्रों को निपुण आकलन कार्यक्रम में शामिल करने का सुझाव दिया, ताकि उन्हें फील्ड अनुभव मिले और वे स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी आधुनिक सुविधाओं से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए एक नया अनुभव होगा और शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएगा। योगी ने समर कैंप को बच्चों के समग्र विकास का माध्यम बताते हुए इसमें खेल, संगीत, नृत्य, नाटक और योग जैसी गतिविधियों को शामिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए हर विद्यालय में अभी से प्रशिक्षण शुरू हो।

यूपी में रेपिडो चालकों का बाइक प्रशिक्षण आज

लखनऊ। यूपी की योगी सरकार सड़क हादसों में होने वाली मौतों को कम करने के लिए अब आम नागरिकों को भी जीवन रक्षक बना रही है। इस कड़ी में राजधानी लखनऊ में 27 मई को विश्व इमरजेंसी मेडिसिन दिवस के अवसर पर रैपिडो बाइक टैक्सी के 1200 चालकों को कार्डियो पल्मोनरी रिसिसिटेशन और फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मेदांता हॉस्पिटल (शहीद पथ) में आयोजित होगा, जिसमें देश के 16 राज्यों से आए डॉक्टर्स और विशेषज्ञ भाग लेंगे।सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर है। इसी के तहत यह अनूठा अभियान चलाया जा रहा है, जो 'हर नागरिक एक रक्षक' की भावना को मजबूती देगा। प्रशिक्षण के बाद रैपिडो कैप्टन सिर्फ सवारी नहीं पहुंचाएंगे, बल्कि जरूरत पड़ने पर किसी की जान बचाने में भी सक्षम होंगे। भारत में हर साल 1.5 लाख से ज्यादा लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाते हैं। यानी हर दिन औसतन 400 से ज्यादा मौतें, जिनमें से कई सिर्फ इसलिए होती हैं, क्योंकि समय रहते उन्हें प्राथमिक इलाज नहीं मिल पाता। रैपिडो बाइक चालकों की गिनती हजारों में है और ये हर रोज सड़कों पर रहते हैं। ऐसे में यह प्रशिक्षण उन्हें आपातकालीन स्थिति में पहला मददगार बना देगा। इस अभियान का संचालन सोसाइटी आफ एक्यूट केयर, ट्रॉमा एंड इमरजेंसी मेडिसिन और रैपिडो मिलकर कर रहे हैं। सेक्टम के फाउंडर डा. लोकेन्द्र गुप्ता ने बताया कि यह मिशन एक दिन, एक राष्ट्र, एक लक्ष्य के संकल्प के साथ शुरू किया जा रहा है, जो न सिर्फ उत्तर प्रदेश, बल्कि देशभर में सड़क सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है।

अर्थ व्यापार

व्यापार तनाव घटने की उम्मीद, चढ़ा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ चल रही व्यापार वार्ता की समय सीमा बढ़ाए जाने के वैश्विक स्तर पर व्यापार तनाव घटने की उम्मीद में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन चढ़ गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 455.37 अंक की छलांग लगाकर चार कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,176.45 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 148.00 अंक की तेजी के साथ 25 हजार अंक के पार 25001.15 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत उछलकर 45,111.47 अंक और स्मॉलकैप 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 51,766.72 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4267 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2301 में लिवाली जबकि 1772 में बिकवाली हुई, वहीं 194 में कोई बदलाव नहीं

हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2982 कंपनियों के शेयरों में से 1735 में तेजी जबकि 1173 में गिरावट रही, वहीं 74 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय संघ के साथ चल रही व्यापार वार्ता की समयसीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस कदम से संभावित नए व्यापार युद्ध की आशंका कम हो गई है, जिसने हाल के दिनों में वैश्विक निवेशकों की चिंता बढ़ा दी थी।

विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला विश्व बाजारों में स्थिरता बनाए रखने में मदद करेगा और निवेशकों की भावना को सहारा देगा। ट्रम्प प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम संकेत देता है कि अमेरिका फिलहाल विवाद के बजाय समाधान की दिशा में बढ़ना चाहता है। इनके अलावा भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की खबर बाजार के लिए निकट भविष्य में मनोबल बढ़ाने वाली होगी। यह न केवल वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करेगा, बल्कि घरेलू स्तर पर भी निवेश भावना को मजबूत करेगा। विशेषज्ञों के अनुसार भारत की यह प्रगति मजबूत आर्थिक बुनियाद, सतत सुधारों और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच स्थिर विकास दर का परिणाम है। ऐसे समय में जब कई विकसित अर्थव्यवस्थाएं सुस्ती से जूझ रही हैं, भारत की रैंकिंग में यह उछाल देश को वैश्विक निवेश के लिए और अधिक आकर्षक बना सकता है। इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सरकार को वित्त वर्ष 2023.24 के लिए 2.11 लाख करोड़ रुपए का लाभांश देने की घोषणा ने आर्थिक जगत में हलचल मचा दी है। यह आंकड़ा बाजार की अपेक्षाओं से कहीं अधिक है और सरकार के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। इससे बीएसई में सर्विसेज में 0.16 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में तेजी रही।

खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा आठ रिंगिट की बढ़त के साथ 3832 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.24 सेंट चढ़कर 49-35 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 439 रुपए, सूरजमुखी तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 219 रुपए और वनस्पति तेल 513 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया,

जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए और पाम ऑयल 147 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 150 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई, जबकि मूंग दाल 50 रुपए और अरहर दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500- 7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8800-8900 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17582 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 14871 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

बहनों का... सेना ने वह कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमा पार चल रहे आतंक के नौ सबसे बड़े आतंकी ठिकानों को ढूंढ़ निकाला। अता-पता पक्का कर लिया और 22 अप्रैल को जो खेल खेला गया था, छह मई की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। भारत की इस कार्रवाई से बौखलाई पाकिस्तानी सेना में दुस्साहस दिखाया, तो उसे भी सेना ने धूल चटाई। श्री मोदी ने गुजरात के दाहोद में लोकोमोटिव विनिर्माण संयंत्र सहित 24,000 करोड़ रुपये की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने अहमदाबाद-वेरावल वंदे भारत सेवा और वलसाड-दाहोद एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऐसे अभूतपूर्व और अकल्पनीय निर्णय लिए हैं, जो दशकों पुरानी बाधाओं से मुक्त हुए हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि आज देश निराशा और अंधकार के युग से निकलकर आत्मविश्वास और आशावाद के नए युग में प्रवेश कर चुका है। श्री मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीय एक विकसित भारत के निर्माण में एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत अब स्मार्टफोन, ऑटोमोबाइल, खिलौने, रक्षा उपकरण और दवाओं सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात कर रहा है। भारत न केवल रेल और मेट्रो तकनीक का निर्माण कर रहा है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर निर्यात भी कर रहा है। श्री मोदी ने पिछले 10-11 वर्षों में भारत के रेलवे क्षेत्र के तेजी से विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वंदे भारत ट्रेनें अब लगभग 70 मार्गों पर चल रही हैं, जो भारत के परिवहन नेटवर्क को और मजबूत बनाती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोच और इंजन अब घरेलू स्तर पर निर्मित होते हैं, जिससे आयात पर निर्भरता कम होती है। श्री मोदी ने कहा कि भारत रेलवे उपकरणों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच और इंग्लैंड, सऊदी अरब और फ्रांस को ट्रेन कोच निर्यात करता है। मैक्सिको, स्पेन, जर्मनी और इटली भी भारत से रेलवे से संबंधित घटक आयात करते हैं। उन्होंने कहा कि यह 'मेक इन इंडिया' पहल के निरंतर विस्तार को दर्शाता है तथा राष्ट्रीय गौरव को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के कई क्षेत्रों को पिछले दशक में पहली बार रेलवे कनेक्टिविटी मिली है। उन्होंने कहा कि गुजरात के कई इलाकों में पहले केवल छोटी, धीमी गति वाली ट्रेनें थीं, लेकिन अब कई नैरो-गेज मार्गों का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि दाहोद की रेल फैक्ट्री 9,000 हॉर्स पावर के इंजनों का निर्माण करेगी, जिससे भारत की ट्रेनों की शक्ति और क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, उन्होंने कहा कि दाहोद में बनने वाले हर इंजन पर शहर का नाम होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में सैकड़ों इंजन बनाए जाएंगे, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार पैदा होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कारखाना रेलवे के पुर्जे बनाने वाले छोटे उद्योगों को भी समर्थन देगा, जिससे आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसर फैक्ट्री से परे भी फैले हुए हैं, जिससे किसानों, पशुपालकों, दुकानदारों और मजदूरों को लाभ मिलता है तथा व्यापक आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होती है। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए आदिवासी क्षेत्रों का विकास आवश्यक है। आदिवासी समुदायों के उत्थान के लिए पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रयास किए गए हैं। गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में काम करने के उनके लंबे अनुभव ने राष्ट्रीय स्तर की पहल में योगदान दिया है। श्री मोदी ने उस समय को याद किया जब गुजरात में आदिवासी बच्चों को विज्ञान की पढ़ाई करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज, पूरे आदिवासी क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध है, अच्छे कॉलेज, आईटीआई, मेडिकल कॉलेज और इन समुदायों की सेवा करने वाले दो समर्पित आदिवासी विश्वविद्यालय हैं।

भाजपा विधायक... को अवैध तौर से हिरासत में रखना, मारपीट व अन्य धाराओं में रानीपुर के भाजपा विधायक आदेश कुमार चौहान, उनकी भतीजी दीपिका चौहान को 6-6 महीने एवं पुलिस विभाग से रिटायर्ड आरके चमोली, इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह रौतेला एवं दिनेश कुमार को एक-एक साल की सजा सुनाई है। ज्ञात रहे कि दोषी करार दिए गए आरोपी पुलिसकर्मियों में से एक पुलिसकर्मी का पहले ही देहांत हो चुका है। गौरतलब है कि ये घटना वर्ष 2009 की है। विधायक की भांजी दीपिका चौहान ने अपने पति मनीष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था। पीड़ित पक्ष की तरफ से सहारनपुर निवासी रिटायर्ड प्रवक्ता धीर सिंह चौहान ने शिकायत की थी कि 11 जुलाई 2009 को उनको, पत्नी शकुंतला एवं बेटे मनीष को थाने में बुलाया गया और जबरन अवैध रूप से हिरासत में रखकर मारपीट व उत्पीड़न किया गया। मामला आगे बढ़ा तो पीड़ित पक्ष ने हाईकोर्ट की शरण ली, जिस पर हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई जांच की गई। मामला काफी दिनों से सीबीआई कोर्ट में चल रहा था।

मुंबई में... नदी-नाले अचानक उफान पर आ गए। पुणे-सोलापुर हाईवे पर पाटस इलाके में बादल फटने से पुणे के बारामती और इंदापुर में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। बारिश के बाद यहां सड़कें पानी में डूब गईं। करीब 200 घरों में पानी भर गया और कई गाड़ियां बह गईं। एनडीआरएफ की 2 टीमें रेस्क्यू के लिए तैनात की गई हैं। मुंबई, ठाणे, पालघर समेत महाराष्ट्र के कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि मुंबई और उपनगरीय क्षेत्रों में दिन भर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मुंबई के सांताक्रूज के सुपारी टैंक और नारियल वाड़ी में सबसे ज्यादा 25 मिमी, पाली हिल में 24 मिमी, विले पार्ले और अंधेरी फायर स्टेशन ने 15 मिमी और 14 मिमी बारिश दर्ज की। चकल नगर निगम विद्यालय और मालवणी फायर स्टेशन में 14 मिमी और 12 मिमी बारिश हुई, जबकि वर्सोवा पंपिंग स्टेशन पर 11 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। चेंबूर की कलेक्टर कालोनी में 13 मिमी जबकि चेंबूर फायर स्टेशन में 9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

शाह टाइम्स क्लासीफाइड्स Sale

छी के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज कर

स्कूल में छात्र संख्या घटने लगी

सतपुली (शाह टाइम्स संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय सतपुली का खैरासैंण में स्थानांतरण होते ही छात्र संख्या घटने लगी है। महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन में छात्रों की परीक्षाएं भी शुरू हो गई है, जिसके चलते छात्र-छात्राओं को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि नेताओं ने अपने नेताओं को खुश करने के लिए छात्रों के भविष्य को अंधकार में कर दिया है। शहर से गांव की ओर महाविद्यालय को भेजना भाजपा सरकार की विफलता का कारण है। सूर्यकांत धस्माना ने कहा इससे छात्रों को पढ़ने पढ़ने में बहुत दिक्कत आएगी जब की उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय सतपुली का प्रांगण खाली पड़ा है जिसको की इंटर कॉलेज के साथ मर्ज कर दिया गया है। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार का कहना है की खैरासैंण महाविद्यालय स्थापित होते ही छात्र संख्या में भारी गिरावट देखने को मिली है। छात्र संख्या 381 से 215 रह गए है। अभी छात्रों को पीने के पानी की भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में आधारभूत ढांचा किया जा रहा मजबूत: धामी

मालन पुल सहित 7 योजनाओं का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल लोकार्पण

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून/कोटद्वार। पौड़ी जनपद के कोटद्वार में चिल्लरखाल-पाखरो मोटर मार्ग पर निर्मित मालन पुल के

■ कोटद्वार-भाबर क्षेत्र से मोटाढ़ाक को जोड़ने वाले मालन पुल की प्रतीक्षा समाप्त
■ पीएम के मार्गदर्शन में मजबूत किया जा रहा इन्फ्रास्ट्रक्चर: सीएम

सुरक्षात्मक कार्य सहित कुल सात निर्माण कार्यों का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने जनता को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कहा कि मालन सेतु का पुनर्निर्माण राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। इस पुल के शुरू होने से कोटद्वार एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में कोटद्वार के विकास के लिये भी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर काम किया जा रहा है। कोटद्वार में जहां एक ओर नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत 135 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है, वहीं दूसरी ओर 691 करोड़ की लागत से कोटद्वार में चार लेन बाईपास और कोटद्वार-नजीबाबाद डबल लेन सड़क का निर्माण भी कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोटद्वार-पौड़ी-श्रीनगर सड़क को भी अब डबल लेन में अपग्रेड किया जा रहा है। जिससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

स्पीकर भी हुईं शामिल

कार्यक्रम में मौजूद विधानसभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूरी भूषण ने कहा कि कोटद्वार में मुख्यमंत्री के सहयोग से लगातार विकास कार्य कराये जा रहे हैं। क्षतिग्रस्त मालन पुल का कार्य भी तेजी से पूरा किया गया है। इस अवसर पर नगर निगम कोटद्वार मेयर शैलेंद्र सिंह रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान उपस्थित थे।

इन योजनाओं का हुआ लोकार्पण

26.75 करोड़ से चिल्लरखाल-सिगड्डी-कोटद्वार-पाखरो मार्ग पर पुल कार्य।

4.50 करोड़ से चिल्लरखाल-पाखरो मार्ग पर सुखरौं पुल का कार्य।

2.10 करोड़ से कौड़िया मोटाढाक मार्ग पर सुखरों नदी पर पुल का कार्य।

5.06 करोड़ से खोह नदी में पुल के सुरक्षात्मक कार्य।

4.87 करोड़ से खोह नदी पर गार्डर पुल के सुरक्षात्मक कार्य।

18.25 करोड़ से चिल्लरखाल-सिगड्डी-कोटद्वार-पाखरो मोटर मार्ग सुदृढ़ीकरण कार्य।

कालसी में शातिर पटवारी रिश्वत लेते पकड़ा गया

■ पटवारी निगल गया नोट, देखती रह गई विजिलेंस टीम

शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। कालसी तहसील में सोमवार को एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहां एक क्षेत्रीय ग्रामीण की शिकायत पर मौके पर पहुंची विजिलेंस की टीम के सामने ही एक पटवारी ने रिश्वत के रुपए गटक लिए। जिसको लेकर टीम विकासनगर के उपजिला चिकित्सालय पहुंची जहां डाक्टर उसका परिक्षण कर रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोप है कि कालसी तहसील के कोटी क्षेत्र में तैनात लेखपाल गुलशन हैदर ने एक ग्रामीण से किसी डाक्यूमेंट पर साइन करने के एवज में दो हजार रुपए की मांग की थी। बताया जा रहा है कि आज ग्रामीण की शिकायत पर विजिलेंस की टीम ने कालसी तहसील के पास ही बने लेखपाल के कार्यालय के बाहर जाल बिछाया, और जैसे ही लेखपाल को ग्रामीण ने रूपए दिए वैसे ही मौके की तलाश में बैठी विजिलेंस की टीम ने उसे घेर लिया। लेकिन विजिलेंस की टीम लेखपाल से रूपए बरामद कर पाती उससे पहले ही वह रूपए गटक गया। जिससे विजिलेंस की टीम के हाथ पांव फूल गए वह स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी लेखपाल को उपजिला चिकित्सालय विक. ासनगर पहुंचाया गया। जहां उसका डाक्टरी परीक्षण जारी, साथ ही स्थानीय पुलिस और विजिलेंस टीम अपनी अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि आरोपी लेखपाल ने कितने रूपए ग्रामीण से लिए और कितने गटकें। मगर आज अचानक सामने आया यह प्रकरण क्षेत्र में चर्चा का विषय जरूर बन गया।

सिंचाई और जल संरक्षण वाली योजनाएं हों तेजी से पूरी: मुख्य सचिव

■ मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने की सिंचाई व लघु सिंचाई योजना की समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि विभाग की बड़ी परियोजनाओं के कार्य निर्धारित तिथि के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित किए जाने की बात कही। कहा कि जिन क्षेत्रों में सिंचाई एवं जल संरक्षण की अत्यधिक आवश्यकता है, उन्हें प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि कार्य शुरू होने से लेकर पूर्ण होने तक के प्रत्येक कार्य की तिथि पूर्व से निर्धारित की जाए एवं तय समय-सीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण करने हेतु सचिव एवं विभागाध्यक्ष के स्तर पर लगातार अनुश्रवण किया जाए। मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने सोमवार को सचिवालय में सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने दोनों विभागों की प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। समीक्षा बैठक के दौरान सचिव आर. राजेश कुमार ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर सिंचाई विभाग से सुभाष चंद्र पाण्डेय एवं लघु सिंचाई से बृजेश कुमार तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जमरानी परियोजना 2030 तक होगी पूरी: राजेश कुमार

देहरादून (शाह टाइम्स ब्यूरो)। सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग के सचिव (वरिष्ठ आईएएस) आर. राजेश कुमार ने कहा कि जल संचयन, संवर्धन, पेयजल, सिंचाई हेतु बांध, बैराज, जलाशय एवं चौकडैम आदि का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना का कार्य जून, 2024 को शुरू हुआ था, जिसे मार्च, 2030 तक पूर्ण किए जाने की योजना है। उन्होंने कहा कि परियोजना की अनुमानित लागत 3808.16 करोड़ है। उन्होंने बताया कि सौंग बांध पेयजल परियोजना का कार्य नवम्बर, 2024 को शुरू हुआ। परियोजना को दिसम्बर, 2029 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना की अनुमानित लागत 2491.96 करोड़ है। उन्होंने कहा कि आई.आर.आई, रूड़की को जलागम विभाग के द्वारा स्रोत एवं नदी पुनरोद्धार प्राधिकरण के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों में वर्षा आधारित नदियों, जलधाराओं के पुनर्जीवीकरण एवं उपचार कार्यों से इन नदियों, जलधाराओं के प्रवाह में आए प्रभावों का सतत् आकलन करने हेतु कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

ड्रिप एवं स्प्रिंकल योजना पर फोकस

देहरादून (शाह टाइम्स ब्यूरो)। लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने ड्रिप एवं स्प्रिंकल योजना पर फोकस किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के भूजल की कमी वाले स्थानों में पानी की बचत के लिए ड्रिप एवं स्प्रिंकल योजना अत्यधिक लाभप्रद होगी। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों में सौर ऊर्जा से संचालित होने वाली लघु सिंचाई योजनाओं को बढ़ाए जाने की बात कही।

कोविड-19 की स्थिति पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

मुख्य संवाददाता

देहरादून (शाह टाइम्स)। देशभर में कोविड-19 के मामलों में हालिया वृद्धि को देखते हुए उत्तराखंड सरकार सतर्क हो गई है। राज्य के सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, डॉ. आर. राजेश कुमार ने विभागीय उच्च अधिकारियों के साथ कोविड-19 प्रबंधन को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखने और किसी भी स्तर पर कोताही न बरतने के निर्देश दिए। डॉ. कुमार ने कहा कि कोविड-19 प्रबंधन की सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह से सक्रिय और दुरुस्त रहनी चाहिए।

कोविड-19 के मामलों में देशभर में आई हालिया वृद्धि को देखते हुए उत्तराखंड राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है। राज्य में अभी स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन हमें किसी भी संभावित चुनौती के लिए तैयार रहना चाहिए। इस समय घबराने की नहीं, बल्कि सतर्कता बरतने और सजग रहने की आवश्यकता है। हमारा प्रयास है कि राज्य के हर अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र और मेडिकल कॉलेज में कोविड-19 से संबंधित सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित रहे ख़ चाहे वह आइसोलेशन बेड हों, ऑक्सीजन सप्लाई की व्यवस्था हो या प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता। इसके अलावा हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि सर्विलांस सिस्टम मजबूत हो, जांच व्यवस्था में कोई कमी न हो और जरूरत पड़ने पर तेजी से कार्रवाई की जा सके। हमारी रैपिड रिस्पांस टीमें प्रशिक्षित और तैयार हैं। मैं राज्य के नागरिकों से अपील करता हूं कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। कोविड-19 से बचाव के लिए मास्क पहनना, हाथों की स्वच्छता बनाए रखना, भीड़भाड़ से बचना और लक्षण होने पर समय पर डॉक्टर से परामर्श लेना बेहद जरूरी है। हम सभी को एकजुट होकर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है ताकि हम न केवल खुद को, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी सुरक्षित रख सकें। यह समय अनुशासन और सहयोग का है, न कि लापरवाही का। राज्य सरकार हर स्तर पर आपके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक में महानिदेशक चिकित्सा डॉ सुनीता टम्टा, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ आशुतोष सयाना, असिस्टेंट डारेक्टर डॉ पंकज सिंह, सीएमओ देहरादून डॉ मनोज शर्मा, सीएमएस दून मेडिकल कॉलेज डॉ आरएस बिष्ट, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

■ स्वास्थ्य सचिव डॉ. राजेश ने दिए सभी तैयारियां चाक-चौबंद रखने के निर्देश ■ स्वास्थ्य सचिव बोले-अफवाहों पर ध्यान न दें ■ राज्य सरकार हर स्तर पर आपके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध ■ हर संभावित चुनौती के लिए हम तैयार

चिकित्सालयों और मेडिकल कॉलेजों में पूर्ण व्यवस्थाओं के निर्देश

राज्य के सभी सरकारी और निजी चिकित्सालयों व मेडिकल कॉलेजों को निर्देशित किया गया है कि वे कोविड मरीजों के उपचार के लिए आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, बाइपैप मशीन, वेंटिलेटर, आईसीयू बेड, ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट और आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें।

सर्विलांस और जांच व्यवस्था सुदृढ़ करने की हिदायत

सभी जिलों को कोविड-19 के संभावित मामलों की निगरानी को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी जांच केंद्रों में रैपिड टेस्ट किट और आरटी-पीसीआर किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इन्फ्लुएंजा जैसे लक्षण), गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण और कोविड मामलों की अनिवार्य रिपोर्टिंग की जाएगी और इस पर निरंतर निगरानी रखी जाएगी। सभी सरकारी और निजी अस्पतालों एवं लैब को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि वे प्रतिदिन इन मामलों की रिपोर्ट इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फॉर्मेशन पोर्टल (IHIP) पर साझा करें।

रैपिड रिस्पांस टीमों को तैयार रहने के निर्देश

आईडीएसपी कार्यक्रम के अंतर्गत गठित रैपिड रिस्पांस टीमों को किसी भी असामान्य परिस्थिति के लिए प्रशिक्षित और तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। कोविड लक्षणों वाले सभी रोगियों की जांच अनिवार्य रूप से की जाएगी और कोविड पॉजिटिव नमूनों को डब्ल्यूजीएस के लिए संबंधित प्रयोगशालाओं में भेजा जाएगा।

जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा

सभी स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड-19 प्रबंधन और प्रतिक्रिया के लिए पुनः प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही, जनता को सतर्क करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें कोविड-19 से बचाव के लिए अपनाए जाने वाले व्यवहार के बारे में जानकारी दी जाएगी। राज्य सरकार कोविड-19 से बचाव के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार है, और जनता से अपील करती है कि वह जिम्मेदारी से उचित व्यवहार अपनाएं तथा अफवाहों से बचें।

कोविड-19 से बचाव को क्या करें और क्या न करें

क्या करें:

1. छींकते/खांसते समय नाक और मुंह को रूमाल या टिश्यू से ढकें।
2. भीड़-भाड़ वाले स्थानों से बचें।
3. हाथों को साबुन-पानी से बार-बार धोएं।
4. पर्याप्त मात्रा में पानी व पौष्टिक आहार लें।
5. लक्षण होने पर चिकित्सकीय परामर्श लें और उसी अनुसार दवा लें।
6. संक्रमित होने की आशंका पर दूसरों से दूरी बनाए रखें।
7. बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर रोगियों का विशेष ध्यान रखें।

क्या न करें :

1. प्रयोग किए गए टिश्यू या रूमाल का दोबारा उपयोग न करें।
2. हाथ मिलाने से बचें।
3. लक्षणग्रस्त लोगों के संपर्क में न आएं। 4. बिना डॉक्टर की सलाह के दवा न लें।
5. बार-बार आंख, नाक और मुंह न छुएं।
6. सार्वजनिक स्थानों पर थूकने से बचें।

बेस्ट मॉडल होगी उत्तराखंड की स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी : रेखा आर्या

■ समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

मुख्य संवाददाता

देहरादून (शाह टाइम्स)। उत्तराखण्ड में बनने वाले खेल विश्व. विद्यालय को देश का सर्वश्रेष्ठ मॉडल बनाने की तैयारी है। सोमवार को खेल निदेशालय स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक में खेल मंत्री रेखा आर्या ने इसके निर्देश दिए।

बैठक में खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि देश में जितने भी खेल विश्व. विद्यालय स्थित हैं उन सभी का वर्किंग मॉडल, उनके कोर्स और स्टाफ स्ट्रक्चर का अध्ययन करके प्रदेश में खेल विश्वविद्यालय का बेस्ट मॉडल तैयार किया जाए। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि खेल विश्वविद्यालय में जितने पदों की आवश्यकता है इस बारे में शासन से जल्द अनुमति ली जाए। उन्होंने अधिकारियों को विश्वविद्यालय के कोर्सों को मान्यता दिलाने के लिए यूजीसी के साथ भी पत्राचार करने के निर्देश दिए। खेल मंत्री ने बताया कि खेल विश्वविद्यालय के प्रस्ताव पर केंद्रीय स्तर से वन विभाग की जो आपत्ति थी, उसका निवारण किया जा रहा है । उन्होंने अधिकारियों को इस दिशा में तेज कार्रवाई करने के निर्देश दिए जिससे आगामी 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया जा सके। खेल मंत्री ने बताया कि 38 वें राष्ट्रीय खेलों प्रदेश के लिए पदक जितने वाले खिलाड़ियों की नगद इनाम राशि के लिए शासन स्तर से 15 करोड रुपए स्वीकृत हो चुके हैं। खिलाड़ियों से आवेदन मांगे गए हैं और आगामी राष्ट्रीय खेल दिवस पर ही विजेताओं को नगद इनाम राशि वितरित भी जाएगी। खेल मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों के अलावा भी जिन खिलाड़ियों ने 1 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025 तक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश के लिए पदक जीते हैं उन्हें भी इसके साथ ही नगद इनाम राशि दी जानी है। बैठक में विशेष प्रमुख खेल सचिव अमित सिन्हा, खेल निदेशक प्रशांत आर्य, संयुक्त निदेशक अजय अग्रवाल, उपनिदेशक शक्ति सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

आउट ऑफ टर्न जॉब के लिए बनेंगे अधिसंख्य पद

राष्ट्रीय खेल अन्य राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में प्रदेश के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न जॉब देने के लिए विभिन्न विभागों में अधिसंख्य पद सृजित करने की मांग की गई है। पहले शासन स्तर से यह कहा गया था कि वर्तमान में जो 57 पद रिक्त हैं पहले उन पर नियुक्ति कर ली जाए, लेकिन सोमवार की बैठक में यह तय हुआ कि सभी पात्र खिलाड़ियों को एक साथ नियुक्ति दी जानी है। इसलिए पहले अधिसंख्य पद सृर्जित करना जरूरी है। खेल मंत्री ने विशेष प्रमुख खेल सचिव को इस बारे में शासन की जल्द से जल्द अनुमति लेने के लिए निर्देशित किया। खेल विभाग शासन से 400 से अधिक अधिसंख्य पद चाहता है ताकि भविष्य में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को तुरंत नियुक्ति देने में सुविधा रहे।

एक सप्ताह में जारी होगी प्रोत्साहन राशि

मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना और मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत चुने गए युवा खिलाड़ियों को धनराशि का भुगतान एक सप्ताह के भीतर किया जाएगा। बैठक के बाद खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और उनके बैंक अकाउंट अपडेट किए जा रहे हैं। जल्द ही डीबीटी के माध्यम से खिलाड़ियों का पैसा जारी किया जाएगा।

बढ़ने लगी चारधाम यात्रियों की संख्या: महाराज

■ 34 लाख श्रद्धालुओं ने कराया पंजीकरण, 15 लाख ने किए दर्शन ■ जीएमवीएन की बुकिंग पहुंची 14 करोड़ के पार

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि चारधाम यात्रा सुव्यवस्थित व सुचारू रूप से चल रही है। देश-विदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए पहुंच रहे हैं। प्रदेश के अन्य पर्यटन स्थलों में भी पर्यटकों की संख्या लगातार वृद्धि हो रही है।महाराज ने बताया कि भारत-पाक संघर्ष विराम के बाद अब हालात धीरे धीरे सामान्य हो रहे हैं। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। चारधाम यात्रा को लेकर लोगों ने अपनी बुकिंग करवानी शुरू कर दी है। बुकिंग शुरू होने से टूर एवं ट्रेवेल्स इंडस्ट्री से जुड़े लोगों और स्थानीय व्यापारियों को भी राहत मिली है। चारधाम व हेमकुण्ड साहिब के लिये अभी तक कुल 34 लाख के लगभग श्रद्धालु अपना आफलाइन व आनलाइन पंजीकरण करवा चुके हैं। जबकि बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री व हेमकुंड साहिब सहित अभी तक 15 लाख के लगभग श्रद्धालु अभी तक दर्शनों का लाभ उठा चुके हैं। इसके अलावा जीएमवीएन के गेस्ट हाऊसों की बुकिंग के आधार पर कहा जा सकता है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु अब चारधाम का रुख करने लगे हैं। उन्होंने बताया कि फरवरी 2025 से शुरू हुई जीएमवीएन गेस्ट हॉउसों की ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग के तहत अभी तक कुल 14, 25, 41075 (चौदह करोड़ पच्चीस लाख इकतालीस हजार पिचहतर) रुपये से अधिक की बुकिंग की जा चुकी है।

पांच साल बाद 30 जून से शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा 05 वर्ष के बाद 30 जून 2025 को दिल्ली से प्रारम्भ हो रही है। इस यात्रा में इस वर्ष कुल 250 यात्री ही प्रतिभाग कर सकेंगे। अंतिम बार यह यात्रा वर्ष 2019 में संचालित हुई थी। उस दौरान कोरोना महामारी के कारण इस यात्रा को रोक दिया गया था। इस वर्ष यात्रा में 50-50 यात्रियों के कुल 5 दल कैलाश यात्रा पर जायेंगे। पहला दल 10 जुलाई को लिपुलेख पास से होते हुए चीन में प्रवेश करेगा। यात्रियों का अंतिम दल 22 अगस्त को चीन से भारत लौटेगा। इस यात्रा का संचालन कुमायूँ मण्डल विकास निगम नैनीताल द्वारा किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री महाराज ने बताया कि आदिकैलाश व ओमपर्वत की यात्रा प्रारम्भ हो चुकी है और अब तक इस यात्रा के लिए 7,581 इनरलाईन परमिट भी जारी किये जा चुके हैं।

जोशी ने किया टिन शेड एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का शिलान्यास

मुख्य संवाददाता

देहरादून (शाह टाइम्स)। मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड संख्या

■ कहा -प्रदेश सरकार आमजन की सुविधा और मूलभूत सुविधाओं विकास के लिए प्रतिबद्ध

06 दून विहार में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शिव मंदिर के टिन शेड एवं सौन्दर्यकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की सुविधा और मूलभूत सुविधाओं विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि टीन शेड से स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लगातार जन भावनाओं के अनुरूप कार्य किया जा रहा। शिलान्यास कार्यक्रम में प्रदीप रावत, संजय नौटियाल, भावना बिष्ट, किरण पासवान, डॉ. रेखा राजपूत, विजेन्द्र उनियाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

विधायक को सजा पर क्या कार्रवाई करेगी भाजपा: कांग्रेस

देहरादून (शाह टाइम्स संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के हरिद्वार के विधायक आदेश चौहान को सीबीआई अदालत की और से एक साल की सजा पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने भाजपा के राज्य नेतृत्व से सवाल किया है कि अब भाजपा बताए कि वो अपने सजायाफ्ता विधायक पर क्या कार्यवाही करेगी। धस्माना ने कहा कि राजनीति में चाल चरित्र और चेहरे की दुहाई देने वाली भाजपा को इस विषय पर अपना स्टैंड साफ करना चाहिए।

पीएमजीएसवाई पुलों के लिए पहुंच मार्गों का निर्माण जल्द: जोशी

■ ग्राम्य विकास मंत्री से मिले कर्णप्रयाग विधायक नौटियाल

मुख्य संवाददाता

देहरादून (शाह टाइम्स)। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी से सोमवार को उनके कैंप कार्यालय में कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल ने भेंट की। उन्होंने कर्णप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत सड़कों और पुलों के निर्माण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

विधायक अनिल नौटियाल ने ग्राम्य विकास मंत्री से बकरियाबैंड से छिमटा, जंगलचट्टी (खेती) से सिराना, गॉल से मठकोट, बुंगीधार मेहलचोरी बछुआबाण से कोलानी और देवपुरी तक के पांच मोटर मार्गों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि इन स्थानों पर बने पुलों के साथ अप्रोच रोड का कार्य अधूरा है। इसके अतिरिक्त, विधायक ने लाटूगैर से नैणी (3.5 किमी) और स्यूंणी मल्ली (4.5 किमी) सड़क की खस्ताहाल स्थिति की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया। बैठक में मुख्य अभियंता संजय पाठक, मुख्य अभियंता गढ़वाल मनीष मित्तल उपस्थित रहे।

एक नजर

भूमि पर अवैध कब्जा हटाने को दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

काशीपुर। तीर्थस्थल द्रोणासागर की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर डमरू वाले बाबा मंदिर सेवा ट्रस्ट, द्रोणा सागर काशीपुर ने उपजिलाधिक. ारी कार्यालय में दिये ज्ञापन में काशीपुर डवलपमेंट फोरम (केडीएफ) अध्यक्ष राजीव घई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ट्रस्ट के संस्थापक अजय कुमार चौहान ने ज्ञापन में कहा है कि राजीव घई द्वारा 9 जुलाई 2021 को शम्भूनाथ पुत्र राजाराम निवासी मोहल्ला गंज से खसरा संख्या 70 मिन की भूमि की रजिस्ट्री करायी गई, लेकिन कब्जा द्रोणासागर की सरकारी भूमि खसरा संख्या 69 मिन पर कर लिया गया। आरोप है कि धोखाधड़ी कर सरकारी भूमि को निजी बताया गया और रजिस्ट्री करा ली गई। ट्रस्ट ने आरोप लगाया है कि बिना किसी सरकारी अनुमति के राजीव घई ने उस भूमि पर केडीएफ के नाम से कार्यालय भवन और पक्की दीवार का निर्माण कर लिया है, जो गोविषाण टीले से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। इस संबंध में ट्रस्ट ने मांग की है कि तीर्थ भूमि पर किए गए इस कथित अवैध कब्जे की सरकारी स्तर पर नापजोख कराई जाए, कराई गई रजिस्ट्री को निरस्त किया जाए और अवैध निर्माण को हटाया जाए।

नाबालिग छात्रा लापता, गुमशुदगी दर्ज

काशीपुर। घर से स्कूल टीसी लेने स्कूल गई नाबालिग छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मां ने एक युवक पर शक जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लापता की तलाश शुरू कर दी है। शहर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसकी नाबालिग पुत्री 23 मई को सुबह लगभग 11 बजे घर से सरकारी स्कूल में टीसी लेने की बात कहकर गई थी, लेकिन शाम होने तक घर नहीं लौटी। बताया कि उसने अपनी पुत्री की संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। महिला ने गांव के ही एक युवक पर ले जाने का शक जताया है।

कच्ची शराब बनाते एक गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने कच्ची शराब बनाते एक तस्कर को गिरफ्तार कर मौके से 50 लीटर कच्ची शराब समेत शराब बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। वहीं पुलिस ने मौके पर दो हजार लीटर लहन को नष्ट कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध शराब पर अंकुश लगाने जाने हेतु चलाए गए अभियान के क्रम मे कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम रम्पुरा से गुडडू टायर के पीछे टावर के पास रम्पुरा निवासी राजवीर सिंह पुत्र छत्रपाल को कच्ची शराब बनाते गिरफ्तार कर मौके से 50 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण दो लोहे के ड्रम, दो मिट्टी की हांडी, दो प्लास्टिक पाइप व दो प्लास्टिक के डिब्बे बरामद कर मौके पर दो हजार लीटर लहन को नष्ट कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबक. ारी एक्ट में केस दर्ज किया है। पुलिस टीम कोतवाली प्रभारी अमर चंद शर्मा, एसआई चन्दन सिंह, संतोष देवरानी, कां. मुकेश कुमार व दर्शन सिंह रहे।

खिलाड़ियों ने तीरंदाजी का प्रदर्शन किया

काशीपुर। द्रोणासागर स्थित केडीएफ द्वारा संचालित द्रोणाचार्य धनुर्विद्या केंद्र में खिलाड़ियों ने तीरंदाजी का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रतियोगताएं भी कराई गईं। रविवार को केडीएफ पार्क, द्रोणा सागर स्थित धनुर्विद्या केंद्र में तीरंदाजी का अद्भुत प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में 8 से 22 वर्ष तक के बच्चों ने 10, 20, 30 और 50 मीटर की दूरी पर लक्ष्य साध कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 50 मीटर में शरद शर्मा, 30 मीटर में श्रेया चौहान, 20 मीटर में अंश हर्बोला, 10 मीटर में संध्या हरबोला विजेता रहे। केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई ने बताया कि वर्ष 2023 में स्थापित धनुर्विद्या केंद्र में वर्तमान में 32 बच्चे नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चे जिला स्तर पर एक स्वर्ण, एक रजत व दो कांस्य तथा राज्य स्तर पर एक स्वर्ण व एक रजत पदक प्राप्त कर चुके हैं। इस अवसर पर केडीएफ के सीनियर ट्रस्टी मधुप मिश्रा, राजीव परनामी, खिलेंद्र चौधरी, गुरविंदर सिंह चंडोक आदि मौजूद रहे।

मिनी गोल्फ में आईएमटी की दो छात्राओं ने जीता सिल्वर मेडल

शाह टाइम्स संवाददाता

काशीपुर। बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज की बीकॉम (ऑनर्स) षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा कुमारी कल्पना चौहान ने डबल इवेंट एवं बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कुमारी खुशबू ने सिंगल इवेंट स्पीड मिनी गोल्फ महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपने शानदार प्रदर्शन के आधार पर सिल्वर मेडल प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। उक्त जानकारी देते हुए कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि दोनों छात्राओं ने 25 से 27 अप्रैल में राजस्थान के झुंझुनू के जगदीश प्रसाद झाबरमल तिबरवाला विश्विद्यालय में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर यह उपलब्धि अर्जित की। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया, यूजी प्राचार्या डॉ. निमिषा अग्रवाल, उत्तराखंड मिनी गोल्फ एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कुमार बख्शी सहित समस्त निदेशकगण, प्राचार्य, फैकल्टी एवं स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

'एक राष्ट्र एक चुनाव' विषय पर गोष्ठी

शाह टाइम्स संवाददाता

अल्मोड़ा। एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर एसएसजे परिसर के विधि संकाय में गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी का शुभारंभ राज्य स्तरीय जलागम परिषद के उपाध्यक्ष रमेश सिंह गड़िया ने किया। कहा कि वर्तमान चुनाव प्रणाली में विकास कम राजनीति ज्यादा है। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव पूरे देश का अभियान है। कहा कि केंद्र सरकार ने एक प्रस्ताव दिया है कि, देशभर के चुनाव प्रणाली में अच्छे सुधारों के साथ आगे बढ़ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान चुनाव प्रणाली में समय की बर्बादी है। कहा कि खर्चा भी ज्यादा होता है। विकास कम होता है। उन्होंने कहा कि देश के सामने पहला मुद्दा है। उन्होंने कहा कि यदि देश का विकास करना है तो एक देश एक चुनाव विधयक पारित कर कानून बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों शिक्षा विद्, जनता, समाज सेवी, छात्र और उनको जानकारी देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एसएसजे विवि में आयोजित इस कार्यक्रम में भी छात्रों के बीच इस बात को लेकर चर्चा की गई। इसके अलावा वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जो संकल्प है एक देश एक चुनाव इसी के तहत हर जगह एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, मेयर अजय वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, मंडल अध्यक्ष हवालबाग संजय बिष्ट, गो. विंद पिलख्वाल, विनीत बिष्ट, आनंद डंगवाल, सुंदर मटियानी, सुनील बिष्ट, सौरभ वर्मा, समेत कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता और एसएसजे परिसर के छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

चालक पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

काशीपुर। ट्रैक्टर की टक्कर से हुई बाइक सवार की मौत मामले में पुलिस ने भाई की तहरीर पर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आईटीआई थाना क्षेत्रांतर्गत पैगा चौकी में ग्राम कटैया निवासी वाजिद हुसैन पुत्र शाहिद हुसैन ने तहरीर देकर बताया कि 22 मई को उसका भाई नईम अली बाइक से अपने घर से महुआखेड़ागज जा रहा था। रात आठ बजे जब वह मेट्रो प्लाईवुड फैक्ट्री से थोड़ा आगे, धर्मकांटे के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने तेजी व लापरवाही से गलत साइड में लाकर उसकी भाई की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां से रेफर होने के बाद रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गोष्ठी में छात्र संगठनों ने काटा हंगामा

एक राष्ट्र एक चुनाव' कार्यक्रम के विरोध में विवि प्रशासन के खिलाफ नारे

शाह टाइम्स संवाददाता

अल्मोड़ा। एसएसजे विवि में एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस समेत अन्य छात्र संगठन विधि संकाय में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर कार्यक्रम के विरोध में उतर आए। छात्रों ने विवि प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी कर संकाय के मुख्य गेट में ताला जड़ दिया। विरोध के चलते कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे राज्य स्तरीय जलागम परिषद के उपाध्यक्ष रमेश सिंह गड़िया को दूसरे गेट इंट्री करनी पड़ी। सोमवार को एसएसजे परिसर के विधि संकाय में एक राष्ट्र एक चुनाव के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी को राजनैतिक कार्यक्रम बताते हुए एनएसयूआइ कार्यकर्ता विरोध में उतर गए। सुबह से विधि संकाय पहुंच इस कार्यक्रम का विरोध किया। कालेज प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की। जबकि एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के विरोध के चलते परिसर में सुबह से ही भारी

मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। लेकिन इसके बाद भी एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने भारी पुलिस बल को चकमा देकर नारेबाजी करते हुए ठीक उपाध्यक्ष के पहुंचने से पहले मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। पुलिस के आला अधिकारी काफी देर तक कार्यकर्ताओं से गेट का ताला खोलने को कहते रहे, इस बीच वहां उपाध्यक्ष पहुंच गए। लेकिन छात्रों ने ताला नहीं खोला। जिसके बाद पुलिस ने उपाध्यक्ष को दूसरे गेट से इंट्री कराकर कार्यक्रम स्थल पहुंचाया। विरोध कर रहे छात्रों ने कहा कि कालेज में इस तरह के राजनैतिक कार्यक्रमों से पढ़ाई बाधित हो रही है। कार्यकर्ता काफी देर तक एचओडी को वार्ता के लिए बुलाने पर अड़े रहे। यहां विरोध करने वालों में युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव गोपाल भट्ट, प्रदेश महासचिव एनएसयूआइ अमित बिष्ट, बाल विक्रम सिंह रावत, पवन सिंह मेहरा, पंकज कार्की, प्रदीप बिष्ट, सुधांशु रौतेला, गोलू सतवाल, देव मिश्रा, शिवम पंत आदि शामिल रहे। एसएसजे के विधि संकाय में कार्यक्रम के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जमकर बखेड़ा खड़ा किया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने प्रदर्शन कर छात्रों को कार्यक्रम स्थल से खदेड़ा। नाराज एनएसयूआई के छात्रों ने कहा कि पठन-पाठन का स्तर सुधारने के बजाय आए दिन विधि संकाय में पार्टी विशेष के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। पार्टी के दबाव में छात्रों की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है। कहा कि लगभग हर महीने कार्यक्रम आयोजित कर लाखों रुपये की भी बर्बादी की जा रही है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने एसएसजे परिसर के माहौल को खराब करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है।

वट सावित्री: पति की दीर्घायु की कामना

शाह टाइम्स संवाददाता

बिंदुखत्ता। सोमवार को वट सावित्री व्रत महिलाओं ने बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया। सोलह श्रृंगार से सजी सुहागिन महिलाओं ने बिंदुखत्ता हाटकालिका मंदिर वट वृक्ष के पास विशेष पूजा अर्चना की और अपने पति के दीर्घायु के लिए रक्षा सूत्र को पेड़ में बांध परिक्रमा की। महिलाएं कुमाऊंनी परिधानों में सजी-धजी पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए हाटकालिका में सुबह से वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर रही थीं। मंदिर के पुजारी के नेतृत्व में पूजा विधिवत सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर यह व्रत रखा जाता है, जो इस बार सोमवती अमावस्या से भी संयोग में है, इसलिए यह और भी अधिक फलदायी माना जाता है। और घर में सुख-शांति बनी रहती है। यह व्रत मन, शरीर और आत्मा की शुद्धि का साधन भी है तथा मोक्ष की ओर ले जाता है। इस दौरान पूजा चौहान, मनीषा चौहान, चंद्रा, रुद्राक्षी, रितिका निशा, नीमा गोस्वामी, मुन्नी देवी सहित भारी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही।

चोरी के खुलासे को लेकर कोतवाली प्रभारी से मिले पत्रकार

शाह टाइम्स संवाददाता

काशीपुर। बीते रोज अज्ञात चोरों द्वारा पत्रकार की पत्नी के बैग से चुराए गए सामान के बारे में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी लेने के लिए काशीपुर मीडिया सेंटर के पत्रकार आज दोपहर 1 बजे काशीपुर कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने कोतवाली प्रभारी अमरचंद शर्मा से मुलाकात की। काशीपुर मीडिया सेंटर अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह सेठी समेत कई वरिष्ठ पत्रकारों ने एकाएक काशीपुर में बढ़ रहे अपराधों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस अधिकारियों से अपराध पर अंकुश लगाने की मांग की। विदित हो कि बीते रोज कोर्ट रोड पर लगने वाले संडे बाजार में अज्ञात जेबकतरों ने पत्रकार नवल सारस्वत

की पत्नी का बैग काटकर पांच हजार रूपये और सोने के टॉप्स चुरा लिए थे। जिसकी पत्रकार द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना भी दी गई थी। आज उक्त मामले में पत्रकारों ने कोतवाली प्रभारी अमरचंद शर्मा से मुलाकात करते हुए पत्रकार की पत्नी के साथ घटना करने वाले जेबकतरों की सुरागरसानी कर तुरंत गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय पत्रकार मौजूद थे।

संचालकों को सीसीटीवी कैमरे लगने के निर्देश

अल्मोड़ा। सुरक्षित दवा सुरक्षित जीवन अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिला मुख्यालय के मेडिकल स्टोरो का निरीक्षण किया। संचालकों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। सोमवार को निरीक्षण के दौरान टीम को कई मेडिकल स्टोरों में एक्सपायरी बाक्स नहीं मिले। जबकि कई स्टोरों में सीसीटीवी तक नहीं लगे थे। जिस पर टीम ने संचालकों को सीसीटीवी लगाने और एक्सपायरी बाक्स अनिवार्य रूप रखने के लिए निर्देशित किया। जबकि टीम निरीक्षण के दौरान एक्सपायरी दवाओं और स्टोर संचालकों के लाइसेंस की जांच की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शचि शर्मा, सीनियर ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी बिष्ट, ड्रग इंस्पेक्टर पूजा जोशी, डा. गीता पुनेठा, डा. योगेश पुरोहित योगेश पुरोहित रहे।

व्यक्तित्व विकास पर शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

काशीपुर। ग्राम करनपुर में ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुकेश राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार, निशांत सूर्या

फाउंडेशन, संजय वशिष्ठ सूर्या फाउंडेशन, राजीव गुंबर मंडल अध्यक्ष भाजपा, ओंकार ग्राम प्रधान करनपुर, सचिन वाटला ग्राम पंचायत गढ़ीनेगी, पंकज छावड़ा अध्यक्ष करनपुर इंटर कॉलेज, कश्मीर सिंह पन्नु प्रबंधक करनपुर स्कूल, रेखा तिवारी मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। राज्य मंत्री ने कहा कि सभी बच्चों ने ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर मन लगाकर पूर्ण किया। आर्ट एंड क्राफ्ट, कबाड़ से जुगाड़, चित्रकला आदि कार्यक्रम किए। सूर्या फाउंडेशन ने ग्रामीण बच्चों के लिए इतना अच्छा कैंप आयोजित किया है उनका बहुत बहुत धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर के बच्चों, मेधावी छात्र 10 वी, 12 वी, के प्रथम द्वितीय बच्चों को सम्मानित किया गया। सूर्या फाउंडेशन के क्षेत्र प्रमुख हिमांशु ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में श्रीमान शिव रजवाड़े जोन इंचार्ज, सुनील कुमार, रणधीर सिंह, दीपक कुमार, प्रियांशु जोशी, दीपक कुमार, रोहित कुमार, अमनदीप कौर, संध्या कोहली, हेमा, प्रिया, अंशिका, कविता आदि लोग उपस्थित रहे।

पेड़ गिरने से पैदल मार्ग में आवागमन में हो रही दिक्कत

शाह टाइम्स संवाददाता

अल्मोड़ा। कटारमल स्थित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर को जोड़ने वाले पैदल मार्ग पर मंदिर के समीप एक पेड़ गिरने से यहां पहुंचने वाले पर्यटकों समेत स्थानीय लोगों को आवागमन में दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने रास्ते पर गिरे पेड़ को शीघ्र हटाने की मांग की है।

ग्राम कटारमल स्वच्छता रखरखाव समिति के हरीश सिंह बिष्ट ने बताया कि सूर्य मंदिर कटारमल में हर दिन स्थानीय समेत बाहर से पर्यटक पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व मंदिर के समीप मुख्य पैदल मार्ग पर एक पेड़ वर्षा और तेज आंधी के

बीच गिर गया। तब से पेड़ को हटाने के लिए संबंधितों को कई बार सूचना दे दी गई है। लेकिन अब तक पेड़ को हटाने के लिए कार्रवाई नहीं की गई है।

बताया कि इससे मंदिर दर्शन को पहुंचने वाले पर्यटकों को कई तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है। कहा कि सूचना के बाद भी संबंधितों की ओर से कार्रवाई नहीं होने से दिनों दिन परेशानी बढ़ रही है। उन्होंने शीघ्र ही रास्ते पर गिरे पेड़ को हटाने की मांग की है। जिससे की आवागमन में किसी भी तरह की परेशानी ना हो।

तम्बाकू के दुष्प्रभाव बताए

बागेश्वर। विवेकानंद विद्या मंदिर मंडलसेरा के एनसीसी कैडेट के द्वारा नगर में तम्बाकू निषेद हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। कैडेटों ने लोगों को तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट शंकर रौतेला के नेतृत्व में विद्यालय के कैडेटों द्वारा मंडलसेरा, अस्पताल रोड़, आदि स्थानों में तम्बाकू निषेद रैली निकाली गई। वक्ताओं ने कहा कि आगामी 31 मई को विश्व में तम्बाकू निषेद के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इसी क्रम में विद्यालय द्वारा तंबाकू निषेद दिवस के पूर्व संध्या पर रैली निकाली गई। जिसके बाद विद्यालय में भाषण, पेंटिंग, स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अब्बल सिंह तोपाल ने सभी कैडेट को तम्बाकू, नशा आदि से दूर रहने व अपने घर परिवार एवं पड़ोस में लोगों को जागरूक करने की बात कही।

विधि विधान से मनाया गया वट सावित्री पर्व, महिलाओं ने व्रत रखा

शाह टाइम्स संवाददाता

अल्मोड़ा। सुहागिनों ने अपनी पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री का व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। सभी ने नए वस्त्र धारण कर पूजा की थाली लेकर वट के पेड़ के पास पहुंची और पूजा-अर्चना के बाद रक्षा सूत्र बांधने के बाद वृक्ष की परिक्रमा की। आरती के बाद वृक्ष के गले मिलकर पति की लंबी आयु की कामना की। इस दौरान पुरोहितों ने वट सावित्री की कथा भी सुनाई। वट सावित्री व्रत पर नगर समेत जिले के ग्रामीण इलाकों में सामूहिक पूजा भी की गई। सोमवार को नगर के विवेक. नंद पुरी वार्ड में पुरोहित प्रमोद लोहनी ने महिलाओं को वट सावित्री की पूजा कराई। महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखकर पूजा की। सुहा. गिन महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर

पति की लंबी उम्र की कामना की। इधर, खत्याड़ी देवी मंदिर में पुरोहित विजय जोशी ने सामुहिक रूप से महिलाओं को वट सावित्री की पूजा अर्चना कराई। उन्होंने बताया कि वट वृक्ष में तीन देवताओं ब्रह्मा, विष्णु, महेश की शक्ति निहित मानी जाती है। वहीं, भटकोट स्थिति वट वृक्ष पर व्रत लेकर पहुंची सुहागिन महिलाओं ने अपनी मान्यता के अनुसार भगवान शिव की अराधना के साथ पूजा-अर्चना की। यहां भटकोट स्थित वटवृक्ष के पास सुहागिन महिलाओं ने पूजा- अर्चना के साथ कीर्तन कर प्रसाद वितरण के साथ व्रत का समापन किया। **बागेश्वर।** वट-सावित्री पर्व पर सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा। सामूहिक रूप से वट वृक्ष की पूजा की। जिले में सोमवार सुबह से महिलाओं का बागनाथ मंदिर, गोलज्यू मंदिर समेत अन्य मंदिरों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। महिलाओं ने देवी-देवताओं के दर्शन करने के पश्चात सामूहिक रूप से बागनाथ मंदिर परिसर में वट वृक्ष की पूजा की। पति की लंबी आयु की प्रार्थना की। पंडितों ने विधि विधान से पूजा संपन्न कराई। इसी क्रम में जिले के कपकोट, कांडा, गरुड़, कालीगैर, दुगनाकुरी क्षेत्र में भी वट-सावित्री पर्व पर सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा। मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के साथ ही वट वृक्ष की विधि-विधान के साथ पूजा की। शाम को व्रत के समापन के बाद अन्न ग्रहण किया। वट-सावित्री पर्व के चलते जिलेभर के मंदिरों में खासी रौनक रही। इस व्रत के बारे में डॉक्टर पिंकी पांडे ने बताया कि भारतीय संस्कृति के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता हैस क्योंकि बट वृक्ष में सर्वाधिक आक्सीजन प्राप्त होता है। इसलिए बट वृक्ष का महत्व बढ़ जाता है। पहली बार वट-सावित्री व्रत के लिए नव विवाहिताओं में भी उत्साह देखने को मिला। महिलाएं सजधज कर मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए पहुंची थीं। नव विवाहितों ने कहा उन्हें यह पर्व मनाने पर बहुत खुशी हो रही है। वे अपने पति की दीर्घायु की कामना करती है।

मेहता फिर बने अभिभावक संघ के अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

शांतिपुरी। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूर्यनगर में अभिभावक संघ की आम बैठक का आयोजन किया गया जिसकी

अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष आकाश मेहता (बहादुर मेहता) ने और संचालन प्रधानाचार्य योगेंद्र चौधरी ने किया। प्रधानाचार्य योगेंद्र चौधरी द्वारा 2024 25 का आय व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया, वही विद्यालय के अंतर्गत किए गए कार्यों का विवरण दिया गया। इसके बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्व समिति से पुनः आकाश मेहता (बहादुर मेहता) को सर्व सहमति से अभिभावक संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, और उपाध्यक्ष के लिए योगेंद्र चौधरी एसएमसी अध्यक्ष कुंदन दानु मंत्री पद के रघुवीर सिंह मेहता कोषाध्यक्ष खीम सिंह बिष्ट, और संरक्षक विक्रम सिंह मेहता, को नियुक्त किया गया। अध्यापक दीपक बिष्ट, तरवीन पोखरिया, संतोष पंत, तारिक मोहम्मद अध्यापिका चंद्रकला रावत और अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Waseem से बदलकर Vaseem रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

Vaseem S/o Lateef

ग्राम कुन्डेश्वरी

जिला उधम सिंह नगर

अवैध खनन को संरक्षण दे रही सरकार: डा. उपाध्याय

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। उत्तराखंड कांग्रेस के प्रवक्ता एवं पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डा. गणेश उपाध्याय ने राज्य सरकार पर अवैध खनन को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाया है।

उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रदेश की धामी सरकार खनन में पारदर्शिता के दावे तो कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है। डा. उपाध्याय ने कहा कि वर्ष 2024-25 में खनन विभाग ने 1100 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया है, जबकि वास्तविक खनन मूल्य 2000 करोड़ रुपये से अधिक का है। उन्होंने आरा. `प लगाया कि शेष राजस्व का बंदरबांट अवैध रूप से किया गया है और इसमें खनन विभाग के अलावा अन्य संबंधित विभाग भी मौन समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने नंधौर और गौला नदी क्षेत्र सहित निजी पट्टों में चल रहे अवैध खनन और ओवरलोडिंग का हवाला देते हुए कहा कि 150 क्विंटल की रॉयल्टी में 300 क्विंटल से अधिक सामग्री की ढुलाई की जा रही है, जिससे क्षेत्र में लगातार सड़क हादसों और जनहानि की घटनाएं सामने आ रही हैं। डा. उपाध्याय ने इस पूरे प्रकरण की सीबीआई या न्यायिक जांच कराने की मांग की और कहा कि इससे सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत स्वयं लोकसभा में अवैध खनन का मुद्दा उठा चुके हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि मामला कितना गंभीर है।

बच्चों को भेंट की 'बाल प्रहरी'

शाह टाइम्स संवाददाता

टनकपुर। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छीनीगोठ में मई माह के अंतिम दिवस में मई माह में पैदा हुए 10 छात्र/छात्राओं का सामूहिक जन्मदिवस मनाया गया। बच्चों के लिए सामूहिक केक मंगवाया गया और हर बार की भांति बच्चों की खुशियों का आनंद मनाया गया।

इस बार कक्षा 6के अनुज, निकिता गहतोडी कक्षा 7के अंश महर, आयुष सिंह बोहरा, भावना कक्षा8 के दीपक कुमार, रिया जोशी कक्षा 9के हर्षित सिंह, आकांक्षा तथा कक्षा 10की अंजली बिष्ट सहित 10 छात्र छात्राओं का सामूहिक जन्मदिवस मनाया गया। सभी बच्चों के लिए विशेष भोजन मटर पनीर पूड़ी बनाया गया। बच्चे अपना जन्मदिवस मनाकर बहुत प्रसन्न हुए कार्यक्रम के सूत्रधार

शिक्षक त्रिलोचन जोशी ने सभी बच्चों को उपहार स्वरूप बाल प्रहरी पत्रिका और आविष्कार पत्रिका देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व स्कूल के सभी बच्चों को ग्रीष्मावक. ाश गृहकार्य प्रदान किया गया और उन्होंने बच्चों को गर्मी में अनावश्यक घर से बाहर न घूमने तथा घर में अध्ययन को सुचारू रखने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक बेचन यादव, दिग्भूषण गोस्वामी, संजय भारद्वाज, त्रिलोचन जोशी, पल्लव जोशी, पवन कुमार, रचित वल्दिया, उमेश चंद्र भट्ट, ओम प्रकाश, भोजन माता रेखा देवी, पुष्पा देवी मौजूद रही।

जनजातीय उप योजना के अंतर्गत दो-दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

पंतनगर। विश्वविद्यालय के अधीन संचालित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा वित पोषित जनजातीय उप योजना के अंतर्गत 'मशरूम उत्पादन और इसके मूल्यवर्धित उत्पादों तथा उनके विपणन और उद्यमिता विकास के माध्यम से जनजातीय समुदाय का सशक्तिकरण' हेतु दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गांव विरही, जिला-चमोली में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के परियोजना. धिकारी, टीएसपी, समन्वयक, डा. श्वेता चौधरी एवं सह परियोजाधिक. ारी, टीएसपी, उप-समन्वयक, डा. किरन राना थे। हिना कौसर, एसएमएस, पौध संरक्षण, केवीके, चमोली एवं शुभम बडोला, प्रगतिशील कृषक, काशीपुर ने मशरूम की खेती, ढांचा, व्वाध बनाना, कीट प्रबंधन और मूल्य सवर्धित उत्पाद बनाना बताया। डा. श्वेता चौधरी एवं डा. किरन राना ने मशरूम के विपरण, पैंकेजिग विचार, स्टार्टअप समर्थन योजनाएं एवं मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे किसानों को ऑस्टर मशरूम रेडिमेड बैग, बटन मशरूम रेडिमेड बैग, प्लास्टिक स्प्रे, फोर्मेलिन एवं कैमिकल आदि सामग्री वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 30 महिला किसानों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में महिला किसानों तथा परियोजनाधिकारी डा. श्वेता चौधरी, सह परियोजनाधिकारी डा. किरन राना, एसएमएस, पौध संरक्षण हिना कौसर एवं प्रगतिशील कृषक शुभम बडोला उपस्थित थे।

पुलिस को फिट रखने की मुहिम

मोटापा व गंभीर बीमारियों से जूझ रहे कर्मियों पर विशेष फोकस

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। कुमाऊं रेंज में तैनात पुलिस कर्मियों की सेहत अब प्राथमिकता बनेगी। आईजी रिधिम अग्रवाल ने

आईजी रिधिम अग्रवाल ने किया 'फिट उत्तराखंड पुलिस' अभियान का शुभारंभ, हर शुक्रवार होगी स्वास्थ्य परेड

क्षेत्रीय स्तर पर फिट उत्तराखंड पुलिस अभियान की शुरुआत की है, जिसके तहत बीमार और मोटापे से ग्रस्त पुलिसकर्मियों की पहचान कर उन्हें फिर से स्वस्थ और सक्रिय बनाने की योजना तैयार की गई है। आईजी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे फिट उत्तराखंड कार्यक्रम को

पुलिस विभाग में भी लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में सभी जनपदों में प्रतिसार निरीक्षक आरआई को पुलिस स्वास्थ्य कल्याण अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह अधिकारी उन पुलिसकर्मियों की सूची तैयार करेंगे जो मोटापा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह या अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। अब हर शुक्रवार को आयोजित होने वाली परेड में इन चिन्हित पुलिसकर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी, जहां उनका चिकित्सकीय परीक्षण किया जाएगा। साथ ही पोषण विशेषज्ञों से परामर्श लेकर उनकी जीवनशैली में सुधार के उपाय किए जाएंगे। गंभीर रूप से बीमार पुलिसकर्मियों को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार अवकाश भी प्रदान किया जाएगा। उनके स्वास्थ्य की निगरानी रेंज स्तर पर की जाएगी और इसके लिए सभी जनपद प्रभारियों को मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। आईजी रिधिम अग्रवाल ने बताया कि कैंसर, हृदय रोग, किडनी और लीवर फेलियर जैसे गंभीर रोगों से पीड़ित कर्मियों को आकस्मिक उपचार की आवश्यकता पड़ने पर जनपद, परिक्षेत्र और मुख्यालय स्तर से जीवन रक्षक निधि के माध्यम से तत्काल आर्थिक सहायता दी जाएगी। ऐसे मामलों में बेहतर इलाज के लिए उन्हें तुरंत उच्चस्तरीय अस्पतालों में रेफर किया जाएगा। आईजी ने कहा कि स्वस्थ पुलिस बल ही उत्तराखंड को फिट और सशक्त बना सकता है। यह सिर्फ एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी पुलिस व्यवस्था में संवे. दनशीलता और उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया कदम है।

सोमवार मध्यरात्रि से मंगलवार सुबह 9 बजे तक बंद रहेगा भीमताल मार्ग

हल्द्वानी। आज सोमवार की मध्यरात्रि से मंगलवार सुबह तक हल्द्वानी भीमताल मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। बता दें कि बीते वर्ष दिसंबर 2024 में थाना भीमताल क्षेत्र में एक रोडवेज की बस खाई में गिरने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। दुर्घटनाग्रस्त हुई रोडवेज बस को निकालने का कार्य आज सोमवार की मध्य रात्रि से शुरू किया जाएगा। इसी कारण हल्द्वानी-भीमताल मार्ग पर आज रात्रि से मंगलवार सुबह तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह वर्जित रहेगा। रोडवेज विभाग की टीम द्वारा देर रात से चलाए जा रहे इस रिकवरी ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से मार्ग को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया गया है। अल्मोड़ा, भवाली, पिथौरागढ़ से हल्द्वानी-काठगोदाम आने वाले वाहन भवाली, मस्जिद तिराहा से ज्योलीकोट होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। हल्द्वानी-काठगोदाम से पहाड़ी क्षेत्रों को जाने वाला यातायात भीमताल तिराहा काठगोदाम ज्योलीकोट बीरभट्टी मस्जिद तिराहा भवाली होकर आगे बढ़ेगा।

मुस्लिमों को ज़मीन बेचने पर रोष

सामाजिक बहिष्कार की चेतावनी, भूमि विक्रय सौदा रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। तीर्थनगरी रानीबाग और आसपास के क्षेत्रों में हो रहे जनसांख्यिकी परिवर्तन (डेमोग्राफिक चेंज) के विरोध में सोमवार को एक विशाल जनसभा का

रानीबाग में डेमोग्राफिक बदलाव के विरोध में जनसभा

आयोजन किया गया। स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में जनसंख्या संतुलन में आ रहे बदलाव को लेकर चिंता व्यक्त की और मुस्लिम समुदाय को जमीन बेचने का एकस्वर में विरोध किया।

जनसभा के दौरान यह प्रस्ताव भी पारित किया गया कि जो व्यक्ति इस प्रकार की भूमि बिक्री में संलिप्त होगा, उसका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। भाजपा नेता सचिन साह ने जनसभा को संबोधित करते हुए बताया कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार क्षेत्र में मुस्लिम परिवारों की संख्या 24 थी, जो वर्तमान में बढ़कर 48 तक पहुंच गई है। उन्होंने इन परिवारों का सत्यापन कराए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। सभा का संचालन कर रहे उदित चौधरी ने कहा कि रानीबाग एक पौराणिक और धार्मिक महत्त्व वाला क्षेत्र है, जिसकी गरिमा को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य महेश भंडारी ने समाज की एकजुटता और सामा. जिक चेतना को मजबूत बनाए रखने का आह्वान किया। सभा के दौरान यह भी जानकारी सामने आई कि एक स्थानीय उद्योगपति ने अपनी जमीन मुस्लिम समुदाय के एक व्यक्ति को बेच दी थी। जनभावनाओं को देखते हुए उक्त उद्योगपति से संपर्क कर सौदे को रद्द करने का अनुरोध किया गया, जिसे उन्होंने स्वेच्छा से स्वीकार करते हुए बयाना वापस कर दिया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट, ग्राम प्रधान रानीबाग कलावती थापा, ग्राम प्रधान डोगरा दीपांशु जीना, ग्राम प्रधान अमृतपुर डीके शर्मा, ग्राम प्रधान जंतवाल गांव बिपिन जंतवाल, योगेश रजवार, मोहित तिवारी, अभय साह, अंकित साह, दीपक बिष्ट, मनोज रावत, गणेश आर्य, पंकज साही, चंचल पांडे और भीम थापा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

सांस्कृतिक दलों का ऑडिशन 30 मई तक होगी चयन प्रक्रिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए कुमाऊं मंडल के सांस्कृतिक दलों का ऑडिशन सोमवार को एमबीपीजी कॉलेज में शुरू हो गया है। यह प्रक्रिया 30 मई तक चलेगी। इससे पहले गढ़वाल मंडल के दलों का ऑडिशन 13 से 20 मई तक देहरादून में हुआ था। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त निद. ेशक केएस चौहान ने बताया कि गीत-नाट्य योजना के तहत पंजीकृत सांस्कृतिक दल सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कार्यक्रमों के माध्यम से योजनाओं का प्रचार करते हैं, जिससे लोक संस्कृति के संरक्षण के साथ युवाओं

को रोजगार के अवसर भी मिलते हैं। ऑडिशन प्रक्रिया में वरिष्ठ रंगकर्मी अनिल घिल्डियाल, घनश्याम भट्ट, श्रद्धा गुरुरानी, सुनील कुमार व प्रियंका जोशी शामिल हैं। कल यानि आज मंगलवार को पिथौरागढ़ व चंपावत, 28 को बागेश्वर, 29 को अल्मोड़ा और 30 मई को नैनीताल जिले के दलों का ऑडिशन होगा। इस अवसर पर सूचना विभाग के अधिक. ारी गिरिजा जोशी, गोविंद बिष्ट व रामपाल सिंह रावत मौजूद रहे।

नुमाइश ठेकेदार के गुर्गों ने पीटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। नुमाइश में वीडियो बनाने से नाराज नुमाइश ठेकेदार के गुर्गों ने एक युवक को बेरहमी से पीट दिया। बेटे की पिटाई की शिकायत लेकर पिता नुमाइश पहुंचा तो गुर्गों ने उस पर रिवॉल्वर तान दी। घटना के वक्त कोतवाल अपनी टीम के साथ वहां मौजद थे। पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में जांच की बात कही है। प्रगति कालोनी फेज वन डहरिया निवासी महेंद्र कुमार कश्यप ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा, 25 मई को उनका बेटा आयुष, गांधी इंटर कॉलेज के मैदान में लगी नुमा. इश में गया था। आयुष के साथ उसका दोस्त रवि भी था। आरोप है कि दोनों नुमाइश में वीडियो बना रहे थे और यह बात नुमाइश के प्रबंधन और ठेकेदार को नागवार गुजरी। उन्होंने वीडियो बनाने पर एतराज किया और आयुष से जबरन वीडियो डिलीट करने को कहा। उन्होंने इसका विरोध किया तो दो लोगों ने उसे लात-घूंसों से बुरी तरह पीट डाला। जिसके बाद आयुष ने घटना की सूचना फोन पर अपने पिता को दी। कुछ ही देर में आयुष के पिता भी मौके पर पहुंच गए। जब उन्होंने आरोपियों से पीटने की वजह पूछी तो वह भड़क गए। आरोपियों में से एक ने पिस्टल निकाल कर उन पर तान दी। आरा. ेप है कि घटना के दौरान कोतवाल राजेश कुमार यादव भी टीम के साथ नुमाइश में पहुंच गए। उन्होंने आरोपी से पिस्टल भी बरामद किया। वहीं कोतवाल राजेश कुमार यादव ने पिस्टल तानने की बात से इंकार करते हुए कहा है कि मामले में तहरीर मिली है और जांच की जा रही है।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। बीते दिनों मुखानी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने उसके रिश्तेदार के घर से गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है। बता दें कि पीड़िता की मां ने बीते दिन पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि हल्द्वानी में एक फास्ट फूड का ठेला लगाने वाला राहुल नामक युवक उनकी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी को कुछ महीने बहला-फुसलाकर ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बीते दिन बेटी ने पेट दर्द की बात कही तो जांच में उसके छह माह की गर्भवती होने का मामला सामने आया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राहुल कुमार निवासी शीतलाखेत, अल्मोड़ा के खिलाफ पॉक्सो में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी को तमाम जगहों पर दबिश दी। इधर मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि आरोपी को सोमवार को हल्द्वानी के खुशालपुर में उसकी रिश्तेदार के घर से गिरफ्तार किया है। जिसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

युवक ने गटका जहर

हल्द्वानी। अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिसकी हालत बिगड़ती देख उसे सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां सोमवार की सुबह उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से उमरखुर्द खटीमा निवासी सलमान हुसैन ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे परिजन हल्द्वानी लाए थे, जहां उसकी मौत हो गई।

पथराव मामले में तीन लोग गिरफ्तार

बनभूलपुरा के एसआई मनोज की तहरीर पर मुकदमा

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। मामूली सी बात को लेकर रविवार रात दो पक्षों के बीच हुए पथराव के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुकदमे में नामजद बाकी दो अभी भी फरार हैं। पुलिस नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर दबिशें दे रही है। जबकि अज्ञात आरो. पियों की शिनाख्त भी की जा रही है। मामले में बनभूलपुरा थाने के एसआई मनोज यादव की तहरीर पर बनभूलपुरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 25 मई की रात लाइन नंबर 8 बिलाली मस्जिद के पीछे गांधीनगर में दो समुदायो में विवाद हो गया। सूचना पर एसआई मनोज यादव मौके पर पहुंचे तो पथराव हो रहा था। पुलिस ने लाठियां भांज कर भीड़ को तितर-बितर किया। जांच में सामने आया कि मो. शावेज पुत्र मो. कय्यूम निवासी बिलाली मस्जिद के पीछे गली में शराब पीकर दूसरे पक्ष के साथ गाली-गलौच कर रहा था। इस पर दूसरे पक्ष से सिद्धार्थ उर्फ हर्ष पुत्र मोहन लाल निवासी गांधीनगर बनभूलपुरा और यहीं का अमन पुत्र मोहन लाल अपने करीब 15 साथियों के साथ शावेज को बुरी तरह पीट दिया। इस पर शावेज के पक्ष से सलीम उर्फ भइया पुत्र अब्दुल हमीद निवासी गांधीनगर वार्ड 22 ने भी अपने करीब 15 साथियों के साथ हमला कर दिया। जिसके बाद दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया। इस पथराव में लाइन नंबर 8 आजादनगर निवासी अजहर खान पुत्र अकरम घायल हो गया। जबकि कुछ अन्य लोगों को भी पत्थराव में चोटें लगीं। बनभूलपुरा पुलिस ने एसआई मनोज यादव की तहरीर पर मुख्य आरोपी मो. शावेज, सिद्धार्थ उर्फ हर्ष, अमन व सलीम उर्फ भईया सहित करीब 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 125, 191(1), 191(2), 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक नामजदों में मो.शावेज, सिद्धार्थ उर्फ हर्ष और सलीम उर्फ भइया को गिरफ्तार कर लिया गया। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी का कहना है कि फरार अन्य एक नामजद के साथ अज्ञात आरोपियों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

पहले भी आमने-सामने आए थे दोनों समुदाय

हल्द्वानी। पुलिस के मुताबिक पूर्व में भी गांधीनगर लाइन नंबर 8 तथा कदर का बगीचा, जहां दोनों समुदायों के लोग निवास करते हैं, जिनमें दोनों पक्षों के कुछ अराजक तत्व समय-समय पर छोटी-छोटी बातों पर आपस मे लड़-झगड़कर पथराव की घटना को अंजाम देते रहे हैं। इसकी वजह से दोनों समुदायों में आपसी तनाव व्याप्त रहता है। पूर्व में भी जब इसी तरह की घटना हुई थी तब आरोपियों के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज किए गए थे। पहले मुकदमे में धारा 147, 148, 149, 153ए, 295, 336, 427, 504, 505, 506 और दूसरे में 115, 191(1) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

'दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो'

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। बागजाला गांव (गौलापार) में आगामी 27 मई को बुधपार्क में प्रस्तावित चेतावनी रैली के प्रचार के दौरान पुलिस और आरएएफ की कार्रवाई पर विवाद खड़ा हो गया है। अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड आनंद सिंह नेगी और भाकपा (माले) के जिला सचिव डा. कैलाश पांडे ने आरोप लगाया कि 24 मई की सुबह वे रैली की तैयारियों के तहत गांव में जनसंपर्क और पर्चा वितरण कर रहे थे, तभी भारी पुलिस बल और आरएएफ के जवान मौके पर पहुंच गए और अभियान को रोकने का निर्देश दिया। किसान नेताओं का कहना है कि जब उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कार्यक्रम रोकने का कारण पूछा, तो उन्हें धमकाने की कोशिश की गई और बैनर, प्लेकार्ड हटाने को कहा गया। इस दौरान हल्द्वानी कोतवाल राजेश यादव और सीओ रामनगर मौजूद थे। आरोप है कि अधिकारियों ने वीडियो बनाने, नाम पूछने और पृष्ठभूमि जांच जैसी चेतावनियां देकर जनसंपर्क रोकने का प्रयास किया। प्रभावित नेताओं ने इस कार्रवाई को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण प्रदर्शन के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन बताया है। उन्होंने कहा कि गांव में किसी भी तरह की धारा 144 लागू नहीं है, फिर भी पुलिस ने सामाजिक कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने की कोशिश की। किसान महासभा ने इस प्रकरण पर एसएसपी से हस्तक्षेप कर हल्द्वानी कोतवाल राजेश यादव और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस दुर्व्यवहार पर नाराज़गी

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। भाकपा (माले) और अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में सोमवार को एसपी सिटी, हल्द्वानी को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान

के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस पर समाजसेवियों के साथ अभद्र भाषा और अव्यवहारिक रवैया अपनाने का आरोप लगाया। ज्ञापन में बताया गया कि बागजाला और आसपास के क्षेत्रों में भाकपा (माले) के जिला सचिव कैलाश पांडे और किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी पेयजल, बिजली, सड़क और मालिकाना हक की मांगों को लेकर आगामी चेतावनी रैली के लिए जनजागरण अभियान चला रहे थे। इसी सिलसिले में संवैधानिक दायरे में पर्चे बांटे जा रहे थे, जिनमें किसी प्रकार की आपत्तिजनक या भड़काऊ भाषा नहीं थी। प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि अभियान के दौरान भारी पुलिस बल व आरएएफ की तैनाती की गई और अधिका. रियों ने कार्यक्रम को जबरन रोकते हुए समाजसेवियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जो लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों का हनन है। ज्ञापन में मांग की गई कि इस प्रकरण की वीडियो जांच कर स्वत: संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। ज्ञापन देने वालो में जीआर टम्टा, सिराज अहमद, आरपी गंगोला, सुंदरलाल बौद्ध, हरीश लोधी, पीआर टम्टा, सुलेमान मलिक, कमाल अहमद, जीवन चंद्र आर्य, खीम चंद्र आर्य सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे।

अतिक्रमण पर सख्त एक्शन की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। शहर में रेस्टोरेंट, होटल और स्वीट शॉप संचालकों द्वारा सड़कों पर अवैध अतिक्रमण और मनमानी के खिलाफ सोमवार को

पहाड़ी आर्मी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पहाड़ी आर्मी संगठन ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया कि प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियानों में केवल फड़, रेहड़ी और ठेली वालों को हटाया जा रहा है, जबकि बड़े व्यापारियों और होटल मालिकों को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा शहर के कई प्रमुख प्रतिष्ठान जैसे स्टैंडर्ड स्वीट्स, सिंधी स्वीट्स, नानक स्वीट्स, मोतीमहल,

उडुपीवाला रेस्टोरेंट काठगोदाम, अपने प्रतिष्ठानों के बाहर सड़क पर अवैध पार्किंग और कब्जा कर रहे हैं, जिससे शहर में लगातार ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या बनी हुई है। संगठन ने इन प्रतिष्ठानों की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। कहा कि पहाड़ी आर्मी स्थानीय लोगों के अधिकारों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर मजबूती से खड़ी है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में संगठन के अध्यक्ष हरीश रावत, विनोद शाही, राजेंद्र कांडपाल, भगवंत सिंह राणा, भवन चंद्र पांडे, बंटी जोशी, राहुल जोशी, रजत जोशी आदि मौजूद रहे।

जीजा के हत्यारोपी साले धरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। पत्नी से मारपीट के बाद नाराज़ सालों ने जीजा की पीट-पीटकर हत्या कर दी। एक सप्ताह पुराने इस मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को बनभूलपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरे की तलाश अभी जारी है। गिरफ्तार आरोपियों को सोमवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी के अनुसार, मूलरूप से दरियाबाग, बाराबंकी उत्तर प्रदेश निवासी 27 वर्षीय अमरीका पुत्र मोतीयार, हल्द्वानी के गफूर बस्ती में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ससुराल में रह रहा था। 18 मई की रात उसका अपनी पत्नी आशा से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि अमरीका ने आशा की पिटाई कर दी। इस घटना से नाराज़ आशा के तीन भाई संजय, मनोज और देवा ने एकजुट होकर अमरीका की बेरहमी से पिटाई कर दी। घायल अमरीका रात को किसी तरह राजपुरा में रहने वाली अपनी मौसी के घर पहुंचा, लेकिन हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के तहत मुकदमा दर्ज कराया। वारदात के बाद से आरोपी फरार चल रहे थे। सोमवार को पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों संजय और मनोज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जबकि तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि तीसरे आरोपी देवा की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कैलाश यात्रियों का स्वागत

नैनीताल। आदि कैलाश यात्रा के तृतीय दल के यात्रियों ने आदि कैलाश तथा ओम पर्वत के दर्शन करने के साथ कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी की पहल एक पौधा धरती मां के नाम के तहत गुंजी पर्यटक आवास गृह के समीप बंजर पड़ी भूमि में यादों के जंगल में पौधारोपण किया। गुरुरानी ने पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में यात्रा में जाने से पूर्व यात्री दल को हिमालय बचाओ अभियान के तहत जोड़ते हुए पौधारोपण हेतु पौधे दिए थे। यात्रियों ने कहा कि उन्होंने जहां पौधारोपण किया वहीं हिमालय क्षेत्र से कूड़े को इकट्ठा कर धारचूला लाकर उसकी निस्तारण किया। यात्रियों ने कहा कि अब वह अपनी यात्रा की सफल कामना के साथ अपने घर पर भी पौधारोपण करेंगे। यात्रियों ने निगम की व्यवस्थाओं की सराहना की है।

डीके स्पोर्ट्स ने जीता मैच

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित अंडर-16 बालक क्रिकेट लीग का उद्घाटन मुकाबला डीके स्पोर्ट्स और काठगोदाम क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। उद्घाटन मैच में डीके स्पोर्ट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए काठगोदाम क्रिकेट अकादमी को 239 रनों से करारी शिकस्त दी। मैच में डीके स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 50 ओवरों में 317 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से हार्दिक राज सिंह बिष्ट ने 94 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि ईशान जोशी ने 73 रन जोड़े। काठगोदाम की ओर से दीपेश आर्य ने दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी काठगोदाम क्रिकेट अकादमी की टीम डीके स्पोर्ट्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं सकी और

पूरी टीम 30 ओवर में मात्र 78 रन पर सिमट गई। मैच में अंपायरिंग की जिम्मेदारी विजय आर्य और सूरज ने निभाई, जबकि स्कोरिंग हरप्रीत सिंह कंबोज द्वारा की गई। इससे पूर्व प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ पूर्व क्रिकेटर सुनील शाह द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया गया। इस मौके पर जगमोहन बगड़वाल, आनंद बिष्ट, नरेंद्र अधिकारी, मनोज भट्ट, किशन अनेरिया, दिग्विजय कनवाल, मो. अमान आदि मौजूद रहे। इधर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपने ने जानकारी देते हुए बताया कि लीग के अंतर्गत कल यानि मंगलवार को दो मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच जीएनजी क्रिकेट एरिना में एचसीसी और एसआरएस के बीच तथा दूसरा मैच एमएस ग्राउंड गोलापार में कुमाऊं क्रिकेट अकादमी और हिमालयन क्रिकेट अकादमी के बीच होगा।

सांस्कृतिक एकता को नई ऊर्जा

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। बाबा श्री विश्वनाथ और मां जगदीशिला की प्रतिष्ठित डोली यात्रा का देर रात्रि सत्यनारायण मंदिर

हल्द्वानी पहुंची विश्वनाथ और मां जगदीशिला की डोली यात्रा, भक्तों ने किया भव्य स्वागत

हल्द्वानी पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। आरती और पूजा-अर्चना के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा। डोली यात्रा के आगमन पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और पूरे उत्साह से

जयकारों के साथ देव युगल का अभिनंदन किया। इस दौरान डोली यात्रा के संयोजक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य गढ़वाल और कुमाऊं की साझा धार्मिक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को एक नई ऊर्जा और आयाम देना है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उत्तराखंड की सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने का माध्यम है और बाबा के आशीर्वाद से संपूर्ण प्रदेश की खुशहाली का संदेश लेकर आई है। मंत्री नैथानी ने डोली यात्रा के 26वें वर्ष की सफलता पर सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी और इसे जनआस्था का प्रतीक बताया। डोली यात्रा के हल्द्वानी संयोजक विकास गुणवंत ने यात्रा की सफल व्यवस्था के लिए सत्यनारायण मंदिर कमेटी, मंदिर के पुजारियों और सभी स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। डोली के स्वागत में शामिल प्रमुख श्रद्धालुओं में प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन प्रभारी विरेंद्र गुप्ता, दिनेश भट्ट, इंद्र भूषण बडोनी, किरन डालाकोटी, मुकुल भगत, स. महेंद्र सिंह, वीरेंद्र देउपा, नरेंद्र साहनी, पंकज कपूर, राजू आनंद, त्रिलोक नारायण, पंकज पांडे, जगमोहन चिलवाल, सतीश नैनवाल, महेश पलड़िया, रवि नेगी समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरित

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए सोमवार को मल्ली बमौरी एवं दमुवाढूगा क्षेत्र के सरकारी

स्कूलों में पढ़ने वाले पांच जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षण सामग्री वित. रित की गई। संस्था के अध्यक्ष नवीन पंत ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता और सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से समिति प्रतिवर्ष जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अभाव न केवल गरीबी का कारण बनता है, बल्कि यह आर्थिक विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है। जब किसी व्यक्ति को शिक्षा नहीं मिलती, तो वह जीवन में आगे बढ़ने और रोजगार पाने के अवसरों से वंचित रह जाता है। इस पहल के तहत समिति की समन्वयक दीक्षा पंत पांडे ने बच्चों के घरों एवं अन्य स्थानों पर पहुंचकर सामग्री वितरित करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों से मुलाकात कर शिक्षा के महत्व पर भी चर्चा की। इस मौके पर विमला कश्यप, प्रेमा बिष्ट, सपना, रोहित, कमला सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I.No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

दबंगों ने खुलेआम तमंचे से चलाई गोलियां

- मेडिकल स्टोर में घुसकर संचालक को पीटा, की तोड़फोड़
- गुस्साए लोगों ने कोतवाली परिसर में दिया धरना
- पुलिस ने लाठीचार्ज कर धरना दे रही भीड़ को खदेड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

किच्छा। दबंगों ने खुलेआम तमंचे से गोलियां चलाकर कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते हुए तांडव काट कर दहशत फैलाते हुए अपने साथियों के साथ भाजपा नेता के रिश्तेदार के मेडिकल स्टोर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ कर दी। देखते ही देखते दोनों पक्षों की ओर से ईंट पत्थरों से युद्ध हुआ। युवक द्वारा तमंचे से की गई फायरिंग से तीन लोग घायल हो गए हैं। फायरिंग की घटना कैमरे में कैद हो गई है। घटना से गुस्साए लोगों ने कोतवाली परिसर में धरना दे दिया। पुलिस ने लाठीचार्ज कर धरना दे रही भीड़ को कोतवाली से खदेड़े दिया।

नगर के वार्ड नंबर 11 में भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीकांत राठौर ने बताया कि वार्ड में ही स्थित उनके रिश्तेदार पूरन राठौर का घर तथा मेडिकल स्टोर है, जहां कुछ दिन पूर्व कुछ युवक उनके घर के आगे गाली गलौज कर रहे थे। उनके द्वारा मना किए जाने पर युवक उसे देख लेने की धमकी देते हुए चलें गए। रविवार की सायं पूर्व हमलावरों ने उसके जीजा राकेश राठौर पर उस समय हमला कर घायल कर दिया जब वह सड़क पर जा रहे थे। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। परन्तु पुलिस ने हमलावरों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस की ढिलाई की वजह से हमलावरों के हौसले बुलंद हो गए तथा दबंगों ने देर रात्रि में एक राय होकर योजनाबद्ध तरीके से पूरन राठौर के मेडिकल स्टोर पर हमला कर तोड़फोड़ करते हुए पुनः मारपीट की। जिसमें पूरन बुरी तरह घायल हो गया। इसी बीच दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए तथा जमकर ईंट पत्थरों से झगड़ा शुरू हो गया। श्रीकांत राठौर का कहना है कि हमलावरों ने तमंचे से फायरिंग की जिसको कैमरे में कैद किया गया है।

कोतवाल के तबादले तक धरना जारी रहेगा: श्रीकांत

पुलिस के गैर जिम्मेदाराना रवैए से गुस्साए भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीकांत राठौर के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों ने कोतवाली परिसर में देर रात्रि धरना दिया तथा पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। श्रीकांत राठौर का कहना है कि पुलिस ने धरना दे रहे लोगों एवं महिलाओं पर लाठीचार्ज कर कोतवाली परिसर से खदेड़े दिया तथा कोतवाली गेट पर बेरीकेटिंग लगा दी। जिससे गुस्साए पीड़ितों ने श्रीकान्त राठौर के नेतृत्व में कोतवाली के सामने डा. अम्बेडकर पार्क में इस मांग के साथ धरना दे दिया। कहा कि जब तक कोतवाल धीरेंद्र कुमार का तबादला तथा हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक धरना जारी रहेगा। बवाल के आशंका को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस , कोतवाली सितारगंज, थाना पल भट्टा पुलिस के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल कोतवाली में बुलवा लिया।

दोषी के खिलाफ होगी कार्रवाइ: गोराया

भाजपा मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया ने बताया कि जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने निर्देशित किया है कि श्रीकांत राठौर धरना प्रदर्शन समाप्त करें। इस प्रकरण में आला अधिकारियों के अलावा शासन प्रशासन स्तर से वार्ता हो गई है कि पूरे मामले की सक्षम अधिकारी से जांच कराई जाएगी तथा दोषी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस दे रही है दबिश: सीओ

सीओ भूपेंद्र सिंह धौनी ने बताया पीड़ित राकेश राठौर एवं पूरन राठौर की तहरीर पर पुलिस ने दिनेश उर्फ दिल्ला, चन्द प्रकाश, अभिषेक रस्तोगी,मोनू कश्यप, दीपक, सचिन ठाकुर, तुषार,रवि ठाकुर,पर फायरिंग करने मारपीट,बलवा, अराजकता आदि विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम दबिश दे रही है।

एक शव वाहन और तीन शव फ्रीजर क्रय करेगी पालिका: गित्ते

शाह टाइम्स संवाददाता

बाजपुर। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने बताया कि जनहित में नगर पालिका द्वारा एक शव वाहन और तीन शव फ्रीजर क्रय किए जाएंगे। इस बावत पालिका बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है। चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते ने बताया कि शव वाहन और फ्रीजर पालिका द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करवाये जाएंगे। शव वाहन के लिए डीजल और ड्राईवर की व्यवस्था भी पालिका द्वारा निःशुल्क की जाएगी।

बीमार विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के बाद परिजनों को सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

खटीमा। तहसील क्षेत्र के ग्राम खेलड़िया में बीती रात एक विवाहिता की बीमारी के चलते इलाज के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही तथा पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। विवाहिता की मौत से ग्रामीण क्षेत्र में सनसनी का माहौल बना रहा।

मृतका का पति मजदूरी पेशा कर अपने परिवार का जीवन यापन करता है। ग्राम खेलड़िया निवासी सतपाल पुत्र शिव कुमार की शादी लगभग 6 वर्ष पहले पंतनगर गोल गेट निवासी पुष्पा देवी उम्र लगभग 25 वर्ष से हुई थी। मृतका के पति सतपाल ने बताया कि उसकी पत्नी पुष्पा बीमार चल रही थी। जिसका लगभग डेढ़ महीने से उसके मायके में इलाज चल रहा था। ठीक ना होने पर पांच दिन पहले इलाज हेतु घर लाया था। पति सतपाल ने बताया कि रविवार को इलाज हेतु खटीमा सरकारी अस्पताल भी लाया था तथा इलाज के बाद घर ले गया जहां बीती रात उसकी मौत हो गई। मौत के बाद उसके मायके वालों को सूचना दी गई। वहीं मौके पर पहुंचे मृतका के भाई अर्जुन ने थाना झनकईया पुलिस को सूचना दी। सूचना पर उप निरीक्षक प्रदीप शर्मा ने टीम के साथ मौके पर पहुंचे घटना का जायजा लिया तथा जानकारी जुटाई। वहीं सूचना पर तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया साथ ही घटना संदिग्ध पाए जाने पर पुलिस ने शव का पंचनामा किया तथा खटीमा सरकारी अस्पताल में पीएम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं मृतका की सास ललिता देवी पिछले पांच दिनों से अपने छोटी बेटी के ससुराल काशीपुर गई थी। सूचना पर वह भी मौके पर पहुंच गई। मृतका के बड़े भाई करन ने बताया की घटना में हुई मौत मामले में हमें किसी पर कोई शक नहीं है। वहीं मृतका अपने पीछे अपने बेटे प्रतीक उम्र लगभग चार वर्ष तथा बेटी पीहू आठ माह को रोते-बिलखते छोड़ गई है।

हरेला पर्व पर किया जाएगा वृहद पौध रोपण: सीडीओ

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी ने जिला सभागार में हरेला पर्व पर वृहद पौधरोपण की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होने कहा कि हरेला पर्व पर अभियान चलाते हुए जनपद में वृहद पौधा रोपण किया जाएगा। इसके लिए सभी नगर निकाय, पंचायत व सम्बन्धित विभाग पौधारोपण हेतु स्थान चिन्हित करते हुए शीघ्र पौधो की डिमांड भेजना सुनिश्चित करें ताकि पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा सकें।

उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ ही उसकी सुरक्षा अतिआवश्यक है इसलिये जो भी संस्थान, विभाग पौधा रोपण करेगें उसकी सुरक्षा करना भी सुनिश्चित करेगें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद में वन विभाग, उद्यान, सिंचाई, शिक्षा, नगर निकाय, प्राधिकारण, ग्राम पंचायतें, सुगर मिल, लोनिवि, शिक्षा, मत्स्य, सिंचाई, बाल विकास, रेशम आदि विभाग अपने कार्यालय परिसरों व आवासीय परिसरों में छायादार, फलदार पौधा का रोपण करेगें तथा उसकी सुरक्षा करना भी सुनिश्चित करेगें। उन्होने सभी नगर निकाय व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि उप जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर अतिक्रमणमुक्त करायी गयी भूमि पर पौधारोपण कराने हेतु कार्ययोजना तैयार कर लें। उन्होने कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थानो, पंतनगर विश्वविद्यालय, चीनी मिलों, द्वारा भी अपने-अपने परिसरों में वृहद पौधा रोपण कराये जायेगें। उन्होने एनएचएआई, लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क के दोनो ओर छायादार पौधों का रोपण कराया जाये। उन्होने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नहर व नदियों के किनारे पौधा रोपण हेतु स्थान चिन्हित कर लिया जाये। बैठक में डीएफओ यूसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिमवाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला पंचायतराज अधिकारी महेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी आदि मौजूद थे व वर्चुअल के माध्यम से सभी नगर निकाय व खण्ड विकास अधिकारी जुड़े थे।

एक नजर

बौद्ध मठ पर सम्मेलन में शामिल होंगे अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री

शाह टाइम्स संवाददाता

जसपुर। अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री चोबना मेन बहादरपुर बौद्ध मठ पर बौद्ध सम्मेलन में आएंगे। बहादरपुर बहुत बौद्ध मठ के मठाधीश भंते डा. लाग महानायक महाथेरा एवं डा. आकी हितों ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि उन्होंने अरुणाचल भवन, नई दिल्ली में अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री चोवना मेन से भेंट कर अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में भाग लेने का अनुरोध किया था, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया है। सम्मेलन में भाग लेने का आश्वासन दिया है।

मठाधीश ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य बौद्ध धर्म की ऐतिहासिक धरोहर, सामाजिक एकता एवं आध्यात्मिक उत्थान को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में देश-विदेश के अनेक बौद्ध विद्वानों, भिक्षुओं, विचारकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता अपेक्षित है। लाग महानायक महाथेरा ने उपमुख्यमंत्री को सम्मेलन की विस्तृत जानकारी दी। डा. आकी हितों ने यूथ एक्शन कमेटी द्वारा युवाओं में बौद्धिक और नैतिक चेतना जागृत करने हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी साझा की। उपमुख्यमंत्री चोवना मेन ने आयोजन की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन समाज में शांति, सद्भावना और संस्कृति के प्रचार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

छात्र-छात्राओं ने निकाली बाल श्रम मुक्त जागरूकता रैली

शाह टाइम्स संवाददाता

बाजपुर। बैरिया दौलत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह के तत्वाधान में जागरकता रैली का आयोजन कर उत्तराखंड के छात्र-छात्राओं को बाल श्रम मुक्त की विषय जानकारी दी गई।

बैरिया दौलत राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य पीयूष कांत माथुर की अगुवाई में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने जागरूकता रैली का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को बाल श्रम मुक्त उत्तराखंड,सड़क सुरक्षा नियमों और बालविवाह मुक्त उत्तराखंड मुहिम के अंतर्गत बालविवाह के दुष्प्रभावों व कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 और पॉस्को अधिनियम, (सुरक्षित दवा-सुरक्षित जीवन) अभियान, नालसा टोल फ्री नंबर 15100, राष्ट्रीय साईबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी और छात्र-छात्राओं को नालसा थीम गीत 'एक मुट्ठी आसमां' भी सुनाया। इस मौके पर विकास गंगवार, रामबाबू, गिरीश जोशी, ममता शर्मा, सन्ध्या रानी, पूजा रानी, मसूद नवाज खान आदि मौजूद रहे।

माइनिंग बैरियर पर मारपीट व फायरिंग करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

जसपुर। माईनिंग बैरियर तालबपुर में कर्मचारीगणों पर फायरिंग करने वाले 03 बदमाशों को जसपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार किया।

18 मई 2025 को ठाकुरद्वारा मार्ग तालबपुर बोर्डर पर स्थित माईनिंग बैरियर पर जबरदस्ती गाडी निकालने को लेकर गुण्डागर्दी करते हुए मुकेश व उसके साथियो ने डियूटी कर रहे अभिषेक, यश, पवन के साथ लाठी डन्डो से मारपीट कर , गाली गलौच कर जान से मारने कि नियत से तमंचे से फायरिंग की गई थी। जिस सम्बन्ध में वादी वी० सतीश कुमार की तहरीर के आधार पर कोतवाली जसपुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया था । मुकदमे के बावत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकान्त मिश्रा द्वारा उक्त घटना के अनावरण हेतु आदेश निर्देश देकर त्वरित कार्यवाही किये जाने के आदेश पारित किये गये थे। पुलिस अधीक्षक काशीपुर , क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में कोतवाली जसपुर पुलिस द्वारा मुख्य अभियुक्त मुकेश कुमार व उसके साथी करन , निरज को मुखबिर की सूचना पर शरीफनगर रोड जसपुर से गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त 315 बोर तमंचा मय खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त एनफिल्ड मोटरसाईकिल को बरामद की गई। अभियुक्त मुकेश कुमार कश्यप व माईनिंग बैरियर पर काम करने वाले अभिषेक एक ही गांव कनकपुर पीपली ठाकुरद्वारा के रहने वाले है जिनका पूर्व में क्रिकेट मैदान में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। माईनिंग बैरियर पर अभिषेक द्वारा बिना बिल के कोई गाडी निकालने से मना करने पर मुकेश कश्यप अपने साथ अन्य साथियो के लेकर वापिस आया और डियूटी कर रहे कर्मचारीगणों पर लाठी डन्डो से मारपीट, गाली गलौच कर जान से मारने की नियत से माईनिंग बैरियर पर काम करने वाले कर्मचारीगणों पर हमला कर भाग गये थे।

जिसमें नामजद अभियुक्त मुकेश कश्यप पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम कनकपुर पोस्ट सुरजनगर तहसील व थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश, करन पुत्र बलवीर सिंह निवासी ग्राम जस्सागांजा पोस्ट चिल्लकिया रामनगर थाना रामनगर जिला नैनीताल ,नीरज कश्यप पुत्र रमेश सिंह निवासी ग्राम जस्सागांजा पोस्ट चिल्लकिया रामनगर थाना रामनगर जिला नैनीताल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस टीम में जगदीश सिंह ढकरियाल प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर,व.उ.नि. जावेद मलिक,उ.नि. धीरज टम्टा, उ.नि. संजय सिंह,उ.नि. रविंद बिष्ट ,का. हरीश गोस्वामी, अरुण कुमार, जाकिर हुसैन,कपिल ओली आदि शामिल रहे।

सरकारी भूमि पर बसे लोगों को नोटिस जारी, मचा हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

खटीमा। तहसील क्षेत्र में सरकारी भूमि पर बसे लोगों को प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किए जाने से हड़कंप मचा हुआ है। वहीं पीड़ित लोगों का कहना है कि शासन प्रशासन की कार्यवाही से खटीमा क्षेत्र के हजारों लोगों का आशियाना उजड़ जाएगा और खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर होंगे तथा भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएंगे।

खटीमा क्षेत्र के तमाम पीड़ित लोगों ने उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजकर इस कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में लिखा है कि हाई कोर्ट के आदेश के क्रम में खटीमा में वर्ग 5 एवं सरकारी बाग व खंती में बसे लोगों के आवास को खाली कराने हेतु प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया गया है। राज्य सरकार के स्वामित्व वाली भूमि पर अतिक्रमण करने वाले आदिवासियों के साथ ही कई अन्य वर्ग के लोगों को भी नोटिस जारी किए गए हैं तथा चिन्हिकरण कर 15 दिन के भीतर दस्तावेज दिखाने को कहा गया है, जिसकी वजह से पीड़ित परिवारों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं किसी तरह गुजर बसर कर रहे पीड़ितों का कहना है की भूमि स्वामित्व से संबंधित उनके पास कोई दस्तावेज नहीं है। वहीं पीड़ित जनता ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर सरकार की ओर से जनता का पक्ष हाईकोर्ट में रखने तथा पैरवी कर पीड़ित जनता को बचाने की गुहार लगाई है।

ज्ञापन में भागीरथी राणा, राम नाथ, सुनील सिंह राणा, नीतू, मनोहर सिंह, राकेश सिंह, गीता, तथा जमुना सिंह आदि के हस्ताक्षर थे।

नशे के इंजेक्शनों के साथ युवक दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। पुलिस ने रविवार देर रात किच्छा रोड से 39 प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ रम्पुरा निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक, रविवार रात 11 बजे कोतवाली पुलिस टीम कल्याणी पुल के नीचे खेड़ा किच्छा रोड पर संदिग्ध वाहनों और व्यक्ति की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने रम्पुरा वार्ड 24 निवासी पवन कोली पुत्र रामनारायण की तलाशी ली तो उसके पास से 39 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए।

कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

सैकड़ों लोगों ने कराई स्वास्थ्य शिविर में निशुल्क जांच

शाह टाइम्स संवाददाता

जसपुर। नगर क्षेत्र के लोगों ने निशुल्क चिकित्सा शिविर में अपना इलाज कराया। अखलाक अहमद एडवोकेट की ओर से सोमवार को मोहल्ला जटवारा स्थित जामिया अरबिया अहले सुन्नत मदरसा बदरूल उलूम में कृष्णा हॉस्पिटल के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ मदरसे के प्रबंधक हाजी नसीम अहमद एवं अखलाक अहमद ने संयुक्त रूप से किया। डॉ.शाहनवाज अकरम एवं डॉ.अंकित कुमार ने लगभग 250 लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां दी। चिकित्सकों ने युवाओं से नशा न करने का आह्वान किया। वहां मो.अजमद, मो.वसीम, नदीम रहमान, मो.आवेश, जाहिद हुसैन, मो.जावेद, तौसीफ रजा आदि थे।

पुलिस ने दबोचे इण्टरनेशनल साईबर ठग गैंग के दो सदस्य

- चेन्नई के इंजीनियर से की थी 1.39 करोड़ की ठगी

शाह टाइम्स संवाददाता

जसपुर। जसपुर पुलिस और चेन्नई पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई के बाद अंतरराष्ट्रीय साईबर क्राईम गैंग से जुड़े जसपुर के दो शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए साईबर ठगों ने चेन्नई के इंजीनियर से 1.39 करोड़ की ठगी की थी। चेन्नई के इंजीनियर से हुई ठगी के मामले में जसपुर के शातिर ठगों का कनेक्शन सामने आने के बाद एसएसपी ने खुलासे के लिए टीम का गठन किया था।

चेन्नई पुलिस के बताए अनुसार जसपुर पुलिस टीम द्वारा साईबर फ्रॉड करने वाले चांद मस्जिद मोहल्ला नई बस्ती थाना जसपुर निवासी मो. वसीम पुत्र मो. इस्माईल और नहर पार मोहल्ला नई बस्ती जसपुर मो. दाउद पुत्र मो. अय्यूब को पकड़कर चेन्नई पुलिस के सामने पेश कर गहन पूछताछ करने के बाद चेन्नई पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया । न्यायालय जसपुर के समक्ष पेश कर ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त करते हुए दोनों को चेन्नई पुलिस के साथ भेज दिया गया। दोनों से पूछताछ में पता चला कि जनवरी 2025 में चेन्नई के इंजी. नियर पीके पार्थासारथी के साथ तमिल मैटरोमोनियल साईट पर धानुश्री नामक महिला ने दोस्ती कर अपने प्रेम जाल में फंसाकर इंजीनियर का एक करोड 39 लाख रुपये आनलाईन ट्रेडिंग में इन्वेस्ट करवाने का लालच देकर साईबर फ्रॉड के माध्यम से अलग-अलग खातों में ट्रासफर कर दिया ।

उक्त प्रकरण में वादी की तहरीर के आधार पर साईबर पुलिस स्टेशन चेन्नई में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि इंजीनियर के खाते से 12 लाख 43 हजार रुपये सानिया परवीन निवासी जसपुर के खाते में ट्रासफर हुए। जिसके बाद उक्त पैसे को सानिया परवीन के खाते से वसीम के खाते में ट्रासफर कर वसीम, दाउद और तरुण भारद्वाज द्वारा नगद निक. लकर 02-03 प्रतिशत कमीशन लेकर साईबर गैंग के अन्य सदस्य गोगा उर्फ गांधी, प्रियाशु अरोरा, नितिन अटवाल, मोनिश सैफी को दे दिया गया । इसके अतिरिक्त अभियुक्त वसीम, दाउद और तरुण भारद्वाज ने एक साथ मिलकर पिछले कुछ महिनो में लगभग 50-60 लाख रुपये साईबर फ्रॉड के माध्यम से अलग-अलग कस्टमर के खातों से प्राप्त किए थे । वसीम और दाउद साथ मिलकर चांद मस्जिद वाली गली जसपुर में सीएचसी सेन्टर चलाते थे जहां पर भोले भाले गरीब लोगों को बहला फुसलाकर उनके खाते खुलवाकर पासबुक, चैकबुक, एटीएम आदि अपने पास रख लेते थे। जिसका इस्तेमाल अभियुक्तगण साईबर फ्रॉड ट्राजक्शन में करते थे।

पुलिस ने बताया कि वसीम, दाउद और तरुण भारद्वाज के तार इण्टरनेशनल साईबर गैंग से जुड़े हैं। प्रियाशु अरोरा, नितिन अटवाल दुबई में रहकर साईबर गैंग चलाते है, जो मोनिश सैफी और गोगा उर्फ गांधी के माध्यम से खातों का होल्ड रखने वाले लोगों से सम्पर्क कर साईबर गैंग चलाते हैं। पुलिस के मुताबिक नौ लाख 80 हजार रुपये कैश और तमंचों के साथ फरवरी 25 में काशीपुर एसओजी टीम द्वारा दाऊद और तरुण भारद्वाज को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

दोनों शातिर ठगों को गिरफ्तार करने वाली टीम में जसपुर कोतवाल जगदीश ढकरियाल , एसएसआई जावेद मलिक, एसआई सुशील कुमार, हेड कांस्टेबल देवेन्द्र पाण्डेय, कांस्टेबल कुलदीप सिंह, इन्दर सिंह, सीमा आर्य के अलावा चेन्नई पुलिस के डीएसपी विनायगा मूर्थी, एसआई नटराजन, पीसी राकेश, विगनेश, शंकर आदि शामिल थे।

बाघ ने युवक को बनाया निवाला

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर । 35 वर्षीय विनोद कुमार पुत्र जबर सिंह निवासी सक्कनपुर पीरूमदारा अपने गांव के कुछ अन्य लोगों के साथ लकड़ी लेने के लिए जंगल की ओर गया था, बताया जा रहा है कि गांव में एक पारिवारिक शादी थी और शादी के लिए सभी लोग लकड़ी लेने जंगल गए थे, इसी दौरान सक्कनपुर क्षेत्र के कामदेवपुर गांव के पास जंगल के किनारे बाघ ने अचानक विनोद पर हमला कर दिया। बाघ ने विनोद को दबोच लिया और घसीटते हुए जंगल के भीतर करीब 100 मीटर अंदर ले गया। साथ में मौजूद लोगों ने जब शोर मचाया तो बाघ युवक को छोड़कर जंगल की ओर चला गया, हालांकि तब तक बहुत देर हो चुकी थी, विनोद की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। उसका शव लहूलुहान हालत में मिला। युवक के शव को रामनगर अस्पताल ले जाया गया।

एम.के. वाटर प्रूफिंग

मकान की वाटर प्रूफिंग, छत का टपकना, दीवारों पर सीलन आना, लिन्टर पर दारार से पानी आना, बेसमेन्ट में पानी या सीलन आना, किचन व बाथरुम लिकिज होना, फ्लोर ओपोक्सी व ब्रिक ओवा भी किया जाता है। प्रो. महबूब भाई

बिलासपुर रोड, रुद्रपुर (ऊ.सिंह नगर)
मो.: 9012051994, 6399038125

परिजनों से परेशान बुजुर्ग ने खुद को लगाई आग, मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। पंतनगर क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पत्नी और बहु-बेटे के व्यवहार से तंग आकर 65 वर्षीय बुजुर्ग ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने अपने बेडरूम में खुद को आग लगा ली, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इससे पहले उनके द्वारा जहरीला पदार्थ खाने की भी आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि उन्होंने घर में धमाका करने की मंशा से गैस सिलेंडर भी पास में रखा था।

मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर निवासी अमरकांत, पंतनगर के जवाहर नगर में परिवार के साथ रहते थे। परिवार में संपत्ति को लेकर पिछले लंबे समय से विवाद चल रहा था। घटना से एक दिन पहले उन्होंने नगला गेट क्षेत्र में लोगों से अपनी परेशानी साझा की और आत्महत्या करने की बात भी कही थी। बताया जा रहा है कि जब उनके परिजन हल्द्वानी चले गए थे और घर में ताला लगा था, तब उन्होंने ताले तुड़वाकर घर में प्रवेश किया और अगली सुबह खुदकुशी कर ली। सुबह पड़ोसियों ने घर से धुआं निकलता देखा तो पुलिस और दमकल को सूचना दी। जब तक टीम मौके पर पहुंची, तब तक अमरकांत की मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि अमरकांत अपनी आंखें और शरीर दान करने का संकल्प ले चुके थे। उन्होंने हल्द्वानी की संपत्ति भी अपने एक परिचित के नाम कर दी थी, जिससे परिवार में विवाद और बढ़ गया था। उनकी पत्नी ने बैंक खाता भी फ्रीज करा दिया था, जिससे वे मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगे थे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

शादी समारोह में पहुंचे युवक की बाइक चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

खटीमा। शादी समारोह में आए युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने घटना की तहरीर सत्रह मील पुलिस को सौंपी है। ग्राम मुंडेली निवासी हसीब पुत्र नसीर ने खटीमा पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया है कि सात मई 2025 को वह ग्राम टेढ़ाघाट बरी अंजनिया में दोस्त के यहां शादी समारोह में गया हुआ था। जहां उसने अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 बीजे 8302 दोस्त के घर के बाहर खड़ी की थी। जब वह समारोह से वापस लौटा तो उक्त जगह पर बाइक नहीं थी, जिसकी उसने काफी खोजबीन की लेकिन बाइक नहीं मिली। बाइक स्वामी ने तहरीर देकर खटीमा पुलिस को चोरी की घटना से अवगत कराया है तथा मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की मांग की है। वहीं खटीमा कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने घटना की जांच रिपोर्ट सत्रह मील चौकी ललित सिंह बिष्ट को सौप दी है।

जहरीला पदार्थ खिलाकर युवक को जान से मारने का आरोप

■ पीड़ित पक्ष ने आरो. पियों को गिरफ्तार की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

खटीमा। उमरूखुर्द इस्लामनगर वार्ड नंबर 9 निवासी आमिर सिद्दीकी पुत्र अशफाक हुसैन सिद्दीकी ने सोमवार को पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया है कि उमरूखुर्द इस्लामनगर वार्ड नंबर 8 निवासी एक युवती अलीसा पुत्री वसी अहमद उसके भाई सलमान से शादी करना चाहती थी जो अपने परिजनों के मर्जी के खिलाफ 23 मई 2025 को सुबह लगभग 9:30 बजे प्रार्थी के घर में घुस गई।

उस समय सलमान घर पर अकेले था। वहीं कुछ देर बाद युवती के पिता वसी अहमद पुत्र रफीक अहमद, चाचा नबी अहमद पुत्र रफीक अहमद, माता शाहजहां पत्नी बसी अहमद, बहन इशरत पुत्री वसी अहमद, चाची रबीना पत्नी नबी अहमद, भाई इमरान व इरफान पुत्र रफीक अहमद निवासी उमरूखुर्द तथा चाचा आरिफ ठेकेदार निवासी उमरुखुर्द ने घर में घुसकर सलमान के साथ मारपीट की। पीड़ित ने आरो. पियों द्वारा सलमान को जबरदस्ती जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि युवती अलीसा को पकड़ कर उक्त लोग अपने साथ ले गए। वहीं उन्होंने बताया है कि सलमान की तबीयत बिगड़ने पर सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा सलमान को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

इसके उपरांत सलमान को सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी ले जाया गया जहां उपचार के दौरान सलमान की मौत हो गई। पीड़ित ने षड्यंत्र के तहत जानबूझकर सलमान को जहरीला पदार्थ खिलाकर जान से मारने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि 23 मई 2025 को एसडीएम खटीमा द्वारा सलमान का बयान भी लिया गया था।

घटना के बाद उपचार में देरी के कारण प्रार्थी ने सोमवार को थाने में तहरीर दी है। पीड़ित ने युवती अलीसा के पिता वसी अहमद, चाचा नबी अहमद, माता शाहजहां, बहन इशरत, चाची रबीना, भाई इमरान व इरफान तथा आरिफ ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। वहीं पीड़ित पक्ष ने सोमवार को नूरी मस्जिद के पास पुलिस के सामने आरोपियों को गिरफ्तार करने को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की तथा तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी बेखौफ खुलेआम घूम रहे हैं जिनसे खतरा बना हुआ है।

जंगल में मिली अध जली लाश का पुलिस ने किया खुलासा

पत्नी पर अवैध संबंध का शक होने पर पति ने घटना को दिया था अंजाम

■ आरोपी पति ने पत्नी का गला घोंटने के बाद डीजल से जलाया था
■ हत्यारोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

खटीमा। चारूबेटा में जंगल में मिली महिला की अधजली लाश मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने महिला की हत्या के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार कर लिया।

हत्यारोपी ने महिला की गला दबाकर पहले हत्या की और घर में रखे डीजल से महिला को आग लगा दी। हत्यारोपी के इस हत्याकांड को अंजाम देने का कारण पत्नी पर शक होना बताया जबकि हत्यारोपी के ही किसी अन्य महिला से संबंध होना पुलिस की जांच में सामने आया है। जिसका विरोध करना ही महिला की हत्या का कारण बना।

शनिवार को घर से करीब 400 मीटर दूर जंगल में 34 वर्षीय अनीता पत्नी सुरेश निवासी नई बस्ती चारूबेटा खटीमा का 90 प्रतिशत जला हुआ शव मिला था। उसकी पहचान उसके पांव में लगे महावर और कदकाठी से परिजनों ने की थी। शनिवार शाम मृतका के भाई रामानंद प्रसाद निवासी वार्ड संख्या छह नानकमत्ता ने अपने बहनोई पर ही बहन की हत्या का आरोप लगाया। इस मामले में पुलिस ने सुरेश के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने हत्यारोपी तमाम साक्ष्य जुटाते हुए हत्यारोपी सुरेश को रविवार 25 मई की शाम आठ बजे मुडेली चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसे अपनी पत्नी अनीता का किसी और से फोन पर लंबी बात करना नागवार लगा। जबकि आरोपी का किसी अन्य महिला के साथ पति के प्रेम प्रसंग की जानकारी अनीता को हो गई थी। जिसका अनीता ने विरोध किया था। जिसके चलते आरोपी पति ने पत्नी को रास्ते से हटाने की ठान ली। हत्यारोपी 23 मई को दिन में अल्मोड़ा से बस से हल्द्वानी होते हुए रात्रि खटीमा पहुंचा तथा रात्रि 10 बजे घर के पीछे जंगलों में छुप गया। मौका देखकर रात्रि अपनी पत्नी को आवाज देकर दरवाजा खुलाया तथा एक घंटा घर में रहकर उसको बहला फुसला कर पीछे जंगल में घुमाने ले गया। जहां मौका देखकर उसका गला घोंट दिया और घर में आग जलाने के लिए रखे डीजल को लेकर जंगल में मृतका के शव को जला दिया।

खाली डीजल बोतल वहीं फेंक दी और जंगल होते हुए सुबह रोडवेज से हल्द्वानी चला गया। वहां से अपने पड़ोसी से घर के सम्बन्ध में पूछताछ की अनीता घर से चले जाने की बात पता की जिसे अपनी बहिन, ससुर, साले को फोन से बताया और अपना बस में बैठकर खटीमा आ गया तथा टुक टुक से घर पहुंचा और अनजान बनने का ढोंग रचने लगा। वहीं इस मामले में पुलिस ने लगभग 50 लोगों से पूछताछ की। आसपास के लोगों ने बताया कि सुरेश 23 को ही खटीमा पहुंच गया था।

हत्यारोपी के जुर्म कबूल करने पर मृतका अनीता को जलाते वक्त पहने गए कपड़े जो खराब हो गए थे तथा डीजल बोतल उसकी निशानदेही पर बरामद की गई। अभियुक्त को रिमांड हेतु माननीय न्यायालय पेश किया गया। हत्यारोपी के खिलाफ साक्ष्य छुपाने की धाराओं 103(1), 238 भारतीय न्याय संहिता में गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्यारोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में मनोहर सिंह दसौनी, विवेचक प्रभारी निरीक्षक एसएसआई विनोद जोशी, एसआई किशोर पत, कांस्टेबल नवीन खोलिया, कॉस्टेबल कमल पाल शामिल थे।

एक नजर

छात्रों को यातायात नियमों और साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

पिथौरागढ़। पर्यटन सत्र को ध्यान में रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र, नैनीताल के निर्देशों और पुलिस अधीक्षक रिखा यादव के आदेशानुसार जनपद में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इन अभियानों का उद्देश्य आमजन, विशेष रूप से युवाओं को यातायात नियमों, सामाजिक बुराइयों तथा आधुनिक अपराधों से सतर्क करना है।

इसी क्रम में थानाध्यक्ष कनालीछीना आरती के नेतृत्व पुलिस टीम अपर उ. नि. कैलाश मुरारी, का. कैलाश सुमन व संतोष प्रसाद द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज कनालीछीना में एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को यातायात नियमों, नशामुक्ति, साइबर अपराध, बाल अपराध और मानव तस्करी जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और पुलिस अधिकारियों से सवाल भी पूछे। आयोजन का उद्देश्य छात्रों में सकारात्मक सोच का विकास करना और समाज में कानून व्यवस्था को मजबूत करना रहा।

जीएस खाती चंपावत जिले के होंगे नए मुख्य विकास अधिकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

चंपावत। गणेश सिंह खाती चंपावत के 19वें मुख्य विकास अधिकारी बनाए गए हैं। श्री खाती रुद्रप्रयाग से इसी पद पर स्थानांतरित होकर चंपावत में मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार का स्थान लेंगे। जिनका यहां से सहायक विकास आयुक्त पौड़ी के पद पर स्थानांतरण हो गया है। 27 बसंत देख चुके चंपावत जिले के गणेश सिंह खाती 19वे सीडीओ के रूप में अपना कार्यभार शीघ्र ग्रहण करेंगे। मूल रूप से बेरीनाग के कोराली गांव के निवासी श्री खाती की पहचान विभाग में तेजी से काम करने एवं विकास की नई सोच के साथ आगे बढ़ने वाले अधिकारी के रूप में मानी जाती है। इसलिए इन्हें मुख्यमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप बनाए जा रहे मॉडल चंपावत जिले में भेजा गया है।

भारत नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

टनकपुर। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही भारत नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी है। इसी बीच भारत नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। सशस्त्र सीमा बल द्वारा भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन चेकिंग और निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। भारत नेपाल सीमा पर सभी अंतरराष्ट्रीय चेक पोस्ट और संवेदनशील क्षेत्र में कड़ी निगरानी की जा रही है। एसएसबी और स्थानीय पुलिस द्वारा वाहनों व्यक्तियों और सामानों की गहन जांच की जा रही है। सीमा पार से होने वाली अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस संयुक्त रूप से सीमा पर गस्त और जांच अभियान चला रही है। भारत से नेपाल और नेपाल से भारत आने जाने वाले लोगों की कागजात की जांच के साथ इलेक्ट्रिक मशीन से तलाशी ली जा रही है ।

निरूपम चकमा ने किया एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

बाजपुर। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य निरुपम चकमा ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बाजपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक कक्षाओं एवं छात्रावास परिसर का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरुपम चकमा ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि गर्मियों के मौसम को देखते हुए छात्र-छात्राओं के लिए पर्याप्त पंखों एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उन्होंने विद्यालय में बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा, भोजन एवं अन्य सुविधाओं की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा। निरीक्षण के दौरान समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध ने जानकारी दी कि वर्तमान में विद्यालय में 131 छात्र एवं 130 छात्राएं अध्ययनरत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2024-25 में पहली बार हाईस्कूल की कक्षाओं का संचालन प्रारंभ हुआ, जिसमें कुल 48 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और विद्यालय ने 100% परीक्षा परिणाम प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के निदेशक पी. कल्याण रेड्डी, अन्वेषक सार्थक वन्दुनी, कानूनी सलाहकार दिलीप कांति चकमा, विद्यालय प्राचार्य सुधाकर त्रिपाठी, एटीएस गुलरभोज के प्राचार्य केके गरसारी सहित अन्य विद्यालय स्टाफ एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।



विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर का भव्य शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। लिटिल किंगडम प्रिपेरटॉरी स्कूल में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ आज उत्साहपूर्वक किया गया। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता, कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है।

शिविर का उद्घाटन विद्यालय के निर्देशक हरेंद्र पूरी, वरिष्ठ निर्देशिका परविंदर पूरी, प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना, उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी, विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कैंप का आरंभ एक रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। उद्घाटन भाषण में परविंदर पुरी ने कहा ग्रीष्म कालीन शिविर छात्रों के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जो उन्हें पाठ्यक्रम से परे अनुभव प्रदान करता है। इस शिविर में योग, नृत्य, संगीत, चित्रकला, विज्ञान एवं रचनात्मक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। विद्यार्थियों में इस शिविर को लेकर अत्यंत उत्साह देखा गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना ने कहा समर कैंप केवल मनो. रंजन का माध्यम नहीं होता, बल्कि यह बच्चों के समग्र विकास के लिए एक सुनहरा अवसर होता है। उप-प्रधानाचार्य ने कहा हमारा उद्देश्य बच्चों को एक ऐसा मंच देना है जहां वे खुलकर अपनी प्रतिभा दिखा सकें और कुछ नया सीखने का आनंद लें। विद्यालय के संचालक ने कहा लिटिल किंगडम स्कूल हमेशा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं।

गंदगी का लगा अंबार दे रहा बीमारियों को दावत

शाह टाइम्स संवाददाता

बनबसा। नगर पंचायत बनबसा की लापरवाही के चलते खुले में कूड़ा डाले जाने से मीना बाजार- चुना भट्टा मार्ग पर गंदगी का अंबार लग गया है। नगर पंचायत द्वारा कूड़े को इस प्रकार खुले में फेंक जाने से आसपास रहने वाले लोगों में भारी नाराजगी है। नगर पंचायत बनबसा द्वारा फैलाई जा रही है गंदगी का अंबार दिन पर दिन बढ़ता ही चला जा रहा है। व्यापार मंडल बनबसा के महामंत्री अभिषेक गोयल ने नगर पंचायत द्वारा इस प्रकार खुले में कूड़ा फेक जाने पर नाराजगी जताते हुए नगर पंचायत के अधिकारियों से यथाशीघ्र कूड़े के निस्तारण की मांगकी है। उनका कहना है कि यदि खुले में फेके गए इस कूड़े को यथाशीघ्र निस्तारित नहीं किया गया तो आने वाले मानसून सीजन में इससे संक्रामक रोग भी फैल सकते हैं। उनका कहना है कि कूड़े में पॉलिथीन भी शामिल है जिसे मवेशी अपना निवाला बना रहे हैं। बनबसा में नगर पंचायत के गठन के छह वर्ष के उपरांत भी कूड़े के निस्तारण के लिए ठोस उपाय नहीं किए गए हैं। जहां पर यह कूड़ा फेंका जा रहा है उसके आसपास बेस कीमती साल के पेड़ भी लगे हुए हैं, जिनको इस पॉलिथीन के ढेर के चलते नुकसान हो सकता है। व्यापारी नेता अभिषेक गोयल का कहना है कि जहां पर यह गंदगी का ढेर लगा हुआ है, उसके आसपास राजकीय कन्या इंटर कॉलेज डिग्री कॉलेज भी हैं। प्रतिदिन महाविद्यालय और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में जाने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं को इसी मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। उन्होंने कूड़ा निस्तारण के लिए नगर पंचायत के साथ-साथ प्रशासन से भी यथाशीघ्र समुचित व्यवस्था करने की मांग की है।

एनयूजे-आई रामनगर इकाई का हुआ शपथ ग्रहण

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट-इंडिया, उत्तराखंड की रामनगर कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमे प्रदेश प्रमुख संजय तलवार, प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी, कुमाऊं प्रभारी दिनेश जोशी ने रामनगर मे पत्रकारिता मे कार्यरत मंडल, जिले व नगर के पत्रकारों को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलायी।

रामनगर-हल्द्वानी मार्ग स्थित ग्राम छोई मे श्री हनुमान धाम के समीप स्थित द बेनियान रिट्रीट रिसॉर्ट मे एनयूजे-आई उत्तराखंड के नैनीताल के जिलाध्यक्ष अफजल हुसैन फौजी की अध्यक्षता और जिला सचिव राजीव अग्रवाल के संचालन मे संपन्न हुई। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्य प्रदेश संरक्षक संजय तलवार, विशिष्ठ अतिथि एवं प्रदेश महासचिव डा. नवीन जोशी, विशिष्ठ अतिथि एवं कुमॉऊ मण्डल सचिव दिनेश जोशी, प्रदेश सचिव एम हसनैन, विशिष्ठ अतिथि एवं जिला महामंत्री राजू पांडे आदि का रामनगर नगराध्यक्ष डॉ. जफर सैफी व उनकी टीम के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कुमाऊं मंडल सचिव एवं रामनगर कार्यकारिणी के संरक्षक हरीश भट्ट, नैनीताल जनपद के कनिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश पांडे, जिला सचिव राजीव अग्रवाल मोनू, नावेद सैफी, नगराध्यक्ष डॉ. मौ. जफर सैफी, महासचिव चन्द्रशेखर जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्रसैन कश्यप, कनिष्ठ उपाध्यक्ष नाजिम सलमान, महिला उपाध्यक्ष रूबीना सैफी व विमला अधिकारी, नगर सचिव जुगेश अरोड़ा बंटी, नितेश जोशी, रागिब खान, कोषाध्यक्ष मौ. कैफ खान, संगठन मंत्री नदीम वारसी, प्रचार मंत्री फरीद कुरैशी, सदस्य अनिल पाठक का माल्यार्पण करके बधाई दी गयी तथा नियुक्ति पत्र देकर एवं संस्था के आईकार्ड पहनाये गये। प्रदेश के मुख्य संरक्षक संजय तलवार, प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन जोशी, कुमॉऊ मण्डल प्रभारी दिनेश जोशी के द्वारा सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलायी गयी। इससे पूर्व अपने-अपने सम्बोधन मे सभी वरिष्ठ पदाधिकारियो ने एनयूजे-आई से जुड़ी जानकरियां देते हुए हिंदी पत्रकारिता की समस्यायें व पत्रकारो के उत्थान व गिरते हुए पत्रकारिता के स्तर पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर कार्यक्रम में उत्तराखंड एथलटिक संघ के अध्यक्ष विजेन्द्र चौधरी, कार्बेट होटल एवं रिसॉर्ट एसो. के अध्यक्ष हरि सिंह मान आदि मौजूद रहे।

सड़क ठीक न होने से श्रद्धालुओं में नाराजगी

शाह टाइम्स संवाददाता

श्रीरीठासाहिब। मीठे रीठे के चमत्कार के लिए प्रसिद्ध गुरुद्वारा श्रीरीठासाहिब में इस वर्ष होने वाला सालाना जोड़ मेला भले ही नौ से 11 जून तक होगा, लेकिन यहां अधिकांश तीर्थ यात्रियों का आना लगातार जारी है। अभी तक गुरुद्वारा को जोड़ने वाली टाण से मछीयाड़ तक 15 किलोमीटर लम्बी सड़क की हालत कई स्थानों में ठीक नहीं है। जिसको लेकर तीर्थयात्री में भारी नाराजगी है।

सूखीढाग से टाण तक 35 किलोमीटर लंबी सड़क लोक निर्माण विभाग तथा टाण से मछीयाड़ तक 15 किलोमीटर लंबी सड़क पीएमजीएसवाई के पास है। पीएमजीएसवाई के अधीन सड़क की स्थिति बहुत खराब है। जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने इस सड़क का स्वयं दौरा कर 30 मई तक सड़क को ठीक करने का निर्देश दे चुके हैं। लेकिन यहां सड़क की स्थिति को देखते हुए ऐसा नहीं लगता है कि सड़क जल्द ठीक हो पाएगी। इसके लिए इस सड़क से चल रहे तीर्थ यात्रा में व्यापक रोष है। लुधियाना से आए जगतार सिंह, करतार सिंह, दिलबाग सिंह, जसवंत सिंह, हरेंद्र सिंह आदि का कहना है कि गुरुद्वारे में तीर्थ यात्रियों का आना जारी है। लेकिन इस मार्ग में सड़क जानलेवा बनी हुई है। हालांकि पीएमजीएसवाई के अभियंता वीएस बोहरा का कहना है कि सड़क में अब तेजी से कार्य शुरू कर दिया गया है। जिलाधिकारी नवनीत पांडे इस सड़क को सुगम यातायात योग्य बनाने के लिए इस लिए भी जोर दे रहे है की टनकपुर से चम्पावत, लोहाघाट होते हुए रीठासाहिब पहुचने के लिए जहां 150 किलोमीटर लंबा सफर तय करना पड़ता है, सूखीढांग से रीठासाहिब जाने पर यह दूरी 75 किलोमीटर कम हो जाती है। मेले की व्यवस्थाओं में समन्वय स्थापित कर रहे थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट लगातार इस सड़क पर अपना ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। श्री भट्ट का कहना है की मेले से जुड़े अन्य विभागों द्वारा काम तेजी से किया जा रहा है, जबकि पुलिस मेले को देखते हुए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगो पर अपनी बराबर नजर रखे हुए है। इसके लिए यहां खुफिया तंत्र भी सक्रिय है। गुरुद्वारा प्रबंधक बाबा श्याम सिंह के अनुसार गुरुद्वारे में देश-विदेश के तीर्थ यात्रियों के आने का क्रम तेजी से शुरू हो गया है। उनका कहना है कि आज के तीर्थयात्री मेले की भीड़ से बचने के लिए समय से आगे पीछे दर्शनों के लिए आना अधिक पसंद कर रहे है। जिसमें उन्हें गुरुद्वारे में ठहरने व गुरुवाणी सुनने का तस्सली के साथ अवसर मिल जाता है।

मांगों को लेकर पार्षदों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

पिथौरागढ़। नगर निगम के विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी से मुलाकात कर नगर में स्थायी उपजिलाधिकारी और नगर आयुक्त की नियुक्ति की मांग करने एवं भवन प्लान सहित अन्य समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

पार्षदों ने जिलाधिकारी को बताया कि पिथौरागढ़ में स्थायी उपजिलाधिकारी और नगर आयुक्त न होने से शहर के आम जनमानस को अपनी समस्याओं के समाधान कराने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में बाधा आ रही है। उन्होंने जोर दिया कि इन महत्वपूर्ण पदों पर स्थायी नियुक्तियां होने से नागरिक समस्याओं का त्वरित समाधान हो सकेगा और नगर निगम के कामकाज में दक्षता आएगी। पार्षदों ने जिलाधिकारी से इस मामले में हस्तक्षेप करने और शासन स्तर पर स्थायी उपजिलाधिकारी और नगर आयुक्त की नियुक्ति सुनिश्चित कराने का आग्रह किया। जिलाधिकारी ने पार्षदों की मांगों को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भी सभी कार्य विधिवत रूप से किए जा रहे हैं , तथा शासन को इस विषय में अवगत कराया जाएगा ताकि इस विषय पर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु सहायक नगर आयुक्त राजदेव जायसी से टेलीफोन पर वार्ता कर समस्याओं के निवारण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मेयर नगर निगम कल्पना देवलाल से टेलीफोन पर वार्ता कर आग्रह किया कि सभी वार्डो की समस्याओं के समाधान हेतु जून के द्वितीय सप्ताह में सभी वार्ड सदस्यों के साथ मेयर की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की जाए, जिसमें वे स्वयं एवं सभी विभागीय अधिकारी सम्मिलित होंगे। इस पर मेयर कल्पना देवलाल द्वारा सहमति व्यक्त की गई, जिलाधिकारी ने सभी वार्ड सदस्यों को आगामी तीन जून तक अपने वार्ड से संबंधित सुझावों एवं समस्याओं को लिखित रूप पर उपलब्ध कराने का आग्रह किया, जिससे आगामी बैठक में उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु योजना बनाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा जिला प्रशासन जनपद वासियों को बेहतर सुविधाएं और पिथौरागढ़ के समग्र विकास करने हेतु प्रतिबद्ध हैं। पार्षदों ने जिलाधिकारी के आश्वासन पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर वार्ड सदस्य निराडा त्रिलोक सिंह महर, वार्ड सदस्य दुंगखानी कमलेश जोशी, लंठ्यूड़ा विजेंद्र सिंह महर आदि मौजूद रहे।

डीएम ने सुनीं समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

पिथौरागढ़। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने आज अपने कार्यालय में आम जनमानस की विभिन्न समस्याओं को सुना और उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी शिकायतें और मांगें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

जनसुनवाई के दौरान, जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी आगंतुकों से मुलाकात की और उनके द्वारा दिए गए ज्ञापनों को गंभीरता से लिया। प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि का दाखिल खारिज कराने, भूमि विवाद, पेयजल, सड़क समस्याएं, प्रवेश द्वार पर नाम अंकित करने और सरकारी योजनाओं के लाभ से संबंधित मुद्दे शामिल थे। जिलाधिकारी से मिलने ग्राम ठानीधार धारपांगू से आयी महिला मंजुला होतियाल के द्वारा मेड्पालन केन्द्र ठानीधार धारपांगू में निर्माणाधीन प्रवेशद्वार में उनके दादाजी समाज सेवी कुलोराम सिंह होतियाल का नाम अंकित करने का आग्रह किया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा इस संबंध में शासन के साथ पत्राचार करने का आश्वासन महिला को दिया, अन्य मामले में अध्यक्ष शिक्षक अभिभावक संघ रा.इ.का मुवानी ने विद्यालय के जर्जर पुराने भवन के निष्प्रयोजन/ध्वस्तीकरण हेतु आग्रह किया जिससे नए भवन के निर्माण हेतु पर्याप्त भूमि उपलब्ध हो पाए, इसके साथ साथ बेरीनाग क्षेत्र से आए बुजुर्ग ने उनकी भूमि पर दूसरे पक्ष द्वारा भवन निर्माण संबंधी सामग्री अवैध रूप से रखी है जिसको हटवाने हेतु आग्रह किया गया। इसके अतिरिक्त भी विभिन्न लोगों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के सम्मुख रखी।

जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश दिए कि वे प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर और समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जन समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पुलिस की पाठशाला में बच्चों को दिया करियर की उड़ान का मंत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

पिथौरागढ़। जिले के युवाओं को उनके भविष्य के प्रति जागरूक करने और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से एक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस की पाठशाला श्रृंखला के तहत एसडीएस राजकीय इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए एक विशेष करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीओ गोविन्द बल्लभ जोशी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा उन्हें अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु समय प्रबंधन, एकाग्रता और निरंतर अभ्यास जैसे महत्वपूर्ण सूत्रों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि समर्पण और अनुशासन के साथ किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। सत्र के दौरान सीओ महोदय ने न केवल करियर मार्गदर्शन दिया, बल्कि विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन, नशा मुक्ति, साइबर अपराधों से बचाव, बाल अपराध की रोकथाम तथा मानव तस्करी जैसी ज्वलंत समस्याओं के प्रति भी सचेत किया। कार्यक्रम में यातायात निरीक्षक अयूब अली ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग, ओवर स्पीडिंग से बचाव और ट्रैफिक सिग्नल के पालन की महत्ता को रेखांकित किया। वहीं साइबर सेल से का. मनोज कुमार ने साइबर अपराधों की वर्तमान स्थिति पर जागरूक किया और सोशल मीडिया, ओटीपी धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, ऑनलाइन ठगी आदि से बचाव के उपायों को सरल भाषा में विद्यार्थियों को समझाया। उन्होंने साइबर अपराध की रिपोर्टिंग प्रक्रिया पर भी जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान किशोरावस्था में उत्पन्न होने वाले मानसिक तनाव और दबाव से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई, तथा विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और मानसिक दृढ़ता विकसित करने की प्रेरणा दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राज्यपाल ने की बैठक

विकासात्मक एवं पर्यटन की स्थितियों पर किया विचार विमर्श

शाह टाइम्स संवाद्दाता

नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने सोमवार को राजभवन नैनीताल में कुमाऊं मंडल एवं नैनीताल जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकें कर क्षेत्र की प्रशासनिक, विकासात्मक एवं पर्यटन संबंधी स्थिति की समीक्षा की। राज्यपाल ने सर्वप्रथम कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत से मंडल से जुड़े प्रमुख विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पर्यटन सीजन के चलते नैनीताल में पर्यटकों का अत्यधिक दबाव देखा जा रहा है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने ट्रैफिक जाम की स्थायी समस्या के समाधान हेतु दीर्घकालिक योजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि नैनीताल के

अतिरिक्त वैकल्पिक पर्यटन स्थलों को विकसित कर पर्यटक दबाव को संतुलित किया जाना चाहिए, जिससे समग्र पर्यटन विकास सुनिश्चित हो सके। राज्यपाल ने आईजी कुमाऊं परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल से कानून व्यवस्था एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी वंदना और एसएसपी पीएन मीणा से जिले में चल रहे विकास कार्यों और सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटकों की सुविधा, स्थानीय नागरिकों की सहूलियत और क्षेत्रीय विकास के लिए सभी योजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाए।

राज्यपाल ने गुरुद्वारे में मत्था टेका और मां नैना देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना

नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने अपने नैनीताल प्रवास के दौरान सोमवार को नैनीताल स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारे में मत्था टेका और मां नैना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। राज्यपाल के आगमन पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति एवं मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ऐसे स्थलों पर आकर एक विशेष प्रकार की आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के प्रत्येक तीर्थ स्थल की अपनी विशिष्ट आध्यात्मिक पहचान है, जो न केवल मन को शांति प्रदान करती है, बल्कि आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार भी करती है।

एक नजर

ज्योति और हेमा को सम्मानित किया

नैनीताल। लायंस क्लब ग्रीन सिटी की ओर से जिला मुख्यालय नैनीताल में रविवार को समाज सेवा, साहित्य सेवा, रक्तदान सेवा एवं महिला जागरूकता के प्रति उल्लेखनीय गतिविधियों के लिए ज्योति ढौंडियाल तथा हेमा भट्ट को सम्मान स्वरूप टोकन के रूप में स्मृति चिन्ह सम्मान प्रदान कर अभिनंदन किया गया। बता दें लायंस क्लब ग्रीन सिटी के अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी द्वारा दोनों विभूतियों को यह सम्मान प्रदान किया गया, वहीं सम्मान पाने के बाद दोनों विभूतियों ने डा. प्रमोद अग्रवाल के साथ ही शुभम अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सम्मान पाने से हमें समाज सेवा में और अधिक प्राथमिकता से भागीदारी करने का मौका मिलेगा। बड़ा बाजार मल्लीताल स्थित द हिमालयन किचन की सभागार में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान दीपा पांडे, संगीता पंत, रानी शाह, आभा साह, विनीता पांडे, जीवंती भट्ट, प्रेमा अधिकारी, अर्चना साह, गीता पांडे, ममता जोशी, नीलू तथा विनीता शाह आदि महिलाएं भी उपस्थित थी। संचालन ज्योति ढौंडियाल ने किया। चारु चंद खुल्बे ने सभी का आभार जताया।

दो स्थानों से बाइक चोरी, मुकदमे दर्ज

काशीपुर। अलग-अलग स्थानों से दो युवकों की बाइक चोरी हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमे दर्ज कर बाइक चोरों की तलाश शुरू कर दी है। आईटीआई थाना क्षेत्र के कचनाल गुसाई निवासी अभिनय कुमार पुत्र अशोक सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 24 मई को वह दढ़ियाल रोड स्थित कुसुम वाटिका में किसी काम से गया था। इस दौरान उसने अपनी बाइक संख्या यूके18 एम 9115 वाटिका के बाहर खड़ी की थी। जब वह वापस बाहर आया तो उसकी बाइक वहां नहीं खड़ी थी। जिसको अज्ञात चोर लेकर फरार हो गए थे। उधर श्यामपुरम कॉलोनी, खड़कपुर देवीपुरा निवासी गार्वित शर्मा पुत्र नरेंद्र शर्मा ने थाना आईटीआई में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को सुबह करीब 9:30 बजे उन्होंने अपनी बाइक गौरी स्वीट्स के सामने खड़ी और कुछ जरूरी काम से चले गए। जब वह करीब 10:30 बजे लौटे तो बाइक गायब थी। गार्वित ने बताया कि काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डा. पीएस नागपाल ने किया पदभार ग्रहण

शाह टाइम्स संवाद्दाता

लालकुआं। सहकारी डेयरी प्रशिक्षण संस्थान में नवनियुक्त प्रभारी अधिक.

री डा. पीएस नागपाल ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया एवं बधाईयां दीं। डा. अजीत कुमार के स्थानांतरण के बाद हल्द्वानी पीएंडआई पद पर तैनात पीएस नागपाल को सहकारी डेयरी प्रशिक्षण संस्थान में प्रभारी अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। पदभार ग्रहण के बाद नागपाल ने कहा संस्थान के कार्यों की समीक्षा और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जायेगी उन्होंने कहा कि डेयरी प्रशिक्षण के क्षेत्र में गुणवत्ता एवं व्यावहा. रिकता को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर बधाईयां देने वालो में हरीश उपाध्याय वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षकसहायक प्रबंधक देवकी सेमवाल, सुनीता गौतम, सरोज आर्य, धन सिंह कोरंगा, दुग्ध संघ के अधिक. री व पदाधिकारी समेत कर्मचारी मौजूद थे।

अधिवक्ता सुभाष उपाध्याय एडिशनल जज बने

शाह टाइम्स संवाद्दाता

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुभाष उपाध्याय को उत्तराखंड हाईकोर्ट का एडिशनल जज नियुक्त किया गया है। केंद्रीय कानून एवं न्याय

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने सोमवार को ट्वीट के माध्यम से यह जानकारी दी है। बता दें कि सुभाष उपाध्याय को हाईकोर्ट का जज बनाये जाने की संस्तुति उत्तराखंड के हाईकोर्ट की कोलिजियम ने सितम्बर 2022 में की थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट की कोलिजियम ने 12 अप्रैल 2023 को सुभाष उपाध्याय को उत्तराखंड हाईकोर्ट का जज बनाये जाने की संस्तुति की थी और 2 साल के इंतजार के बाद अब उन्हें जज बनाये जाने के आदेश हुए हैं। काबिलेगौर है कि सुभाष उपाध्याय हाईकोर्ट में मुख्य स्थायी अधिवक्ता सहित कई पदों में भी रहे हैं, उन्हें हाईकोर्ट का जज बनाये जाने पर अधिवक्ताओं में खुशी का माहौल है, उनके आगामी 2 जून सोमवार को न्यायधीश के रूप में शपथ लेने की संभावना है। उनके शपथ ग्रहण के बाद उत्तराखंड हाईकोर्ट में जजों की संख्या 10 हो जाएगी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष के स्टेटस पर हंगामा

बागेश्वर। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के व्हाट्सएप स्टेट्स पर आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित होने से सोशल मीडिया पर जमकर हंगामा हुआ। लोगों ने बिना नाम लिए तमाम तंज भी किए। मामले की जानकारी मिलने के बाद जिलाध्यक्ष ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनके व्हाट्सएप के स्टेट्स पर सोमवार की सुबह लगभग 3.30 बजे आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित कर दी गई। इसके बारे में उन्हें उनके मित्रों ने बताया। इसके बाद उसे डिलीट कर दिया। उन्होंने कहा उस नंबर से व्हाट्सएप पर लोगों को आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित हों ऐसी मुझे संभावना प्रतीत होती है। उन्होंने जांच कर न्याय की मांग की है। कहा कि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके प्रयास होने चाहिए।

गौ माता को 'राष्ट्रीय माता' का दर्जा दिया जाए

शाह टाइम्स संवाद्दाता

बागेश्वर। गौ माता को 'राष्ट्रीय माता' का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर दिव्य ज्योति यात्रा बागेश्वर पहुंची। इस जनजागरण यात्रा की शुरुआत मां मनसा देवी मंदिर, हरिद्वार से हुई थी, यात्रा में आए समिति के संयोजक विनोद भट्ट ने बताया कि गौ रक्षा को लेकर समिति पूरे राज्य में यात्रा निकाल रही है। सोमवार को यात्रा बागनाथ नगरी पहुंची है। उन्नति स्वयं सहायता समिति के तत्वावधान में आयोजित गौ माता यात्रा बागेश्वर पहुंची। समिति से जुड़े लोगों ने कहा गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाए जाने के लिए यह यात्रा निकाली गई है। उन्होंने बताया कि अब तक यात्रा उत्तराखंड के सात जिलों का भ्रमण कर चुकी है। आगे भी अन्य जिलों तक यात्रा पहुंचेगी। कहा कि यात्रा के माध्यम से समाज के प्रतीक वर्ग को गौ संरक्षण, गौ सेवा और गौ माता को संविधानिक रूप से 'राष्ट्रीय माता' का दर्जा दिलाने की भावना को जागृत किया जा रहा है। बागेश्वर में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। साथ ही इस कार्य में पूर्ण सहयोग देने की बात कही गई। इस मौके पर बजरंग दल के जिला संयोजक विजय परिहार, रवि रस्तोगी, शुभम पांडे, दीपक भंडारी, कुलदीप नगरकोटी समेत कई अन्य कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग करते हुए समर्थन दिया।

व्यायाम से सर्वांगीण विकास सम्भव

शाह टाइम्स संवाद्दाता

नैनीताल। नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार (पूर्ण आवासीय विद्यालय) में चल रही राष्ट्रीय निर्णायक प्रशिक्षण कार्यशाला के तहत सोमवार को दूसरे दिन स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन और मस्तिष्क होता है विषय पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विषय को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया। उन्होंने देशभर से आए शारीरिक प्रमुखों एवं ताइक्वांडो प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यवस्थित दिनचर्या एवं नियमित व्यायाम से छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम में विद्या भारती के क्षेत्रीय खेल प्रमुख सत्यपाल एवं रविंद्र की उपस्थिति रही। उन्होंने प्रशिक्षण के महत्व पर

प्रकाश डाला। इस अवसर पर उमेश शर्मा ने कार्यशाला को एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने विशेष रूप से ताइक्वांडो में हो रहे नियमों में परिवर्तन व सेंसर तकनीक का प्रयोगए और उसके माध्यम से अंक गणना की प्रक्रिया पर चर्चा की। प्रशिक्षकों को इन आधुनिक परिवर्तनों को समझने और सिखाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम संयोजक विक्रांत चौधरी, सह संयोजक प्रियांशु जोशी एवं प्रशिक्षक अमित कर्ण, दुर्गेश तथा आदित्य की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। इन सभी के समन्वय से कार्यशाला का संचालन सुचारु रूप से हुआ।

नैंसी नर्सिंग कॉलेज में दीक्षांत समारोह सम्पन्न, मेधावी विद्यार्थियों को मिला सम्मान

शाह टाइम्स संवाद्दाता

नैनीताल। ज्योलीकोट स्थित प्रतिष्ठित नैंसी नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग (2020-24) और जीएनएम (2021-24) बैच के विद्यार्थियों के लिए भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिगनेट होटल नैनीताल के महाप्रबंधक शशांक पॉल रहे। कॉलेज निदेशक डा. संजय कुमार सिंह, प्राचार्या प्रो. राजेश्वरी, श्रीमती हीना, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं और अभिभावक इस विशेष अवसर पर मौजूद रहे।

समारोह में विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए गए। बीएससी नर्सिंग में प्रथम स्थान अंजलि जोशी और बबिता पाठक, द्वितीय स्थान करिश्मा बिष्ट और तृतीय स्थान निकिता रावत को मिला। जीएनएम में प्रथम स्थान काजल सिधु, द्वितीय आरती भोज और गीता जोशी, तृतीय प्रियंका कठायत रहीं। कॉलेज के एमडी आईपी सिंह ने विद्यार्थियों को संबो. धित करते हुए कहा कि नर्सिंग एक सेवा भाव से जुड़ा पेशा है, जो समाज के लिए प्रेरणा बन सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि कॉलेज के 60 से अधिक छात्र-छात्राओं का चयन कोर्स पूरा होने से पहले ही दिल्ली (वैशाली) के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों में हो चुका है। कॉलेज में बीएससी, एमएससी नर्सिंग, जीएनएम और पोस्ट बेसिक बीएससी जैसे पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी निदेशक डा. संजय सिंह से 8979333985 पर संपर्क कर सकते हैं।

बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश

नैनीताल पुलिस ने दो को पकड़ा, 9 बाइकें बरामद

शाह टाइम्स संवाद्दाता

नैनीताल। पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने एक सक्रिय मोटर साइकिल चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों के कब्जे से 9 चोरी की मोटर साइकिलें बरामद की गई हैं। आरो. पियों को नैनीताल के मंगोली क्षेत्र से पकड़ा गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई सीसीटीवी और मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर की। जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा ने सोमवार को पुलिस लाईन में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि पिछले कुछ समय से नैनीताल शहर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार मोटर साइकिल चोरी की घटनाएं तेजी से सामने आ रही थीं। शहर में भी मोटर साइकिल चोरी की बात नैनीताल निवासी भूपेंद्र सिंह, फैजान व दीपांशु और मुकेश पांडे ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट वाली में दर्ज कराई जिसके बाद एसपी सिटी के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन कर मामलों की जांच सौपी गई। टीम ने करीब 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की

बारीकी से जांच की और संभावित रूट तथा संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की। जांच के बाद पुलिस को पता चला कि चोर गिरोह समीपवर्ती मंगोली क्षेत्र में सक्रिय है। इसके बाद पुलिस ने रणनीति बनाकर मंगोली में छापेमारी की जहां से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों से मोटरसाइकिलें चोरी करते थे और उन्हें मंगोली के पास जंगल में छिपा देते थे, ताकि किसी को शक न हो। जब माहौल शांत होता तो वे उन मोटरसाइकिलों को बेचने की योजना बनाते थे। गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान घुग्घू खाम निवासी दीपक सिंह बिष्ट और बाजपुर बन्ना खेड़ा निवासी आकाश के रूप में हुई है। पुलिस दोनों आरा. पी के आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं और इनका एक आपरा. धिक इतिहास को भी खंगाल रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चार स्प्लेंडरए तीन अपाचे और दो बुलेट समेत 9 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं जिनमें से कुछ की पहचान उनके असली मालिकों द्वारा कर ली गई है। शेष बाइकों के मालिकों का पता लगाने की प्रक्रिया जारी है। मीणा के मुता. बिक पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है और जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। पुलिस का मानना है कि गिरोह का नेटवर्क और भी बड़ा हो सकता है और आने वाले समय में और भी खुलासे हो सकते हैं। खुलासा करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीपक सिंह बिष्ट, उप निरीक्षक विजय कुमार, कांस्टेबल बृज मोहन, वीरेंद्र गोले, राजेंद्र कुमार, शाहिद अली, मनीष कुमार समेत सुमित चौधरी मौजूद रहे जिन्हें ढाई हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है।

गिरफ्तार दोनों आरोपी साडू भाई

नैनीताल। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं, पुलिक की मानें तो दीपक और आकाश साडू भाई हैं। दोनों ही लोग लंबे समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। इसी दौरान आकाश एक दिन बाजपुर से अपने रिश्तेदार दीपक के घर घुग्घू खाम पहुंचा जहां उन्होंने मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें दूसरे राज्यों में बेचने का प्लान बनाया इसके बाद उन्होंने नैनीताल हल्द्वानी और बाजपुर क्षेत्र से 9 मोटरसाइकिल चोरी कर मंगली के जंगल में छुपा दी। ताकि मोटरसाइकिल चोरी की घटना के बाद जब मामला शांत हो जाए तो उन्हें आसानी से दूसरे क्षेत्रों में जाकर बेच सके लेकिन इससे पहले ही दोनों के कारनामे खुल गए और दोनों भाई आज पुलिस के हफ्ते चढ़ गए जिन्हें अब पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने की तैयारी की है।

बिड़ला में भारतीय भाषा समर कैंप

शाह टाइम्स संवाद्दाता

नैनीताल। नगर के प्रतिष्ठित बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल के तत्वावधान में चल रहा भारतीय भाषा समर कैंप सोमवार को भाषा और संस्कृति की रंगीन झलकियों के साथ संपन्न हुआ। मुख्य आकर्षण कुमाऊंनी भाषा में संवाद व

अभ्यास रहा जिसमें बच्चों और युवाओं ने पारंपरिक अभिवादन, दैनिक वार्तालाप और गीतों के माध्यम से कुमाऊंनी भाषा की जीवंतता को अनुभव किया। दिवस की शुरुआत एक कुमाऊंनी अभिवादन कार्यशाला से हुई जहाँ प्रतिभागियों ने जै राम जी की... घुघुति बासुति.. खुश रहो...जैसे पारंपरिक शब्दों और वाक्यों का अभ्यास किया। इसके बाद एक संवाद सत्र आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न दैनिक जीवन की स्थितियों पर कुमाऊनी में संवाद प्रस्तुत किए जैसे बाजार में बातचीत, अतिथि का स्वागतए और पारिवारिक चर्चाएं शामिल रही। कालेज प्रबंधन के मुताबिक भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि संस्कृति की आत्मा होती है। इस प्रकार के आयोजन हमारे युवाओं को अपनी जड़ों से जोडने का कार्य करते हैं। समापन एक लोक कथा वाचन सत्र के साथ हुआ जिसमें बगडडा भुलि और नैण सिंह रावत जैसी कहानियां सुनाई गयी जिससे बच्चों को कुमाऊं की गौरवशाली परंपरा और इतिहास से परिचित कराया गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में जिम कर्मी ने फांसी लगाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक युवक ने घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। युवक ने आत्मघाती कदम किन कारणों के उठाया, इसकी पुलिस जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार राजेंद्र नगर वार्ड 13 राजपुरा निवासी (22) विशाल पंवार पुत्र राजू पंवार एक जिम में काम करता था और यहां पूरे परिवार के साथ रहता था। बताया जा रहा कि रविवार की शाम करीब पांच बजे वह ड्यूटी से घर आया था। परिजनों ने उसे नाश्ता दिया और नाश्ता करने के बाद वह अपने कमरे में चला गया, लेकिन देर तक वह कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजनों ने आवाज लगाई। विशाल ने परिजनों की आवाज पर जवाब नहीं दिया तो परिजन कमरे में पहुंचे। जैसे ही परिजन उसे उठाने के लिए कमरे के अंदर गए तो विशाल को फंदे से लटका देख उनके होश उड़ गए। आनन फानन में परिजन द्वारा उसे फंदे से उतार कर तुरंत अस्पताल लेकर आए। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों को अनुसार पिछले कुछ दिनों से विशाल किसी बात को लेकर काफी परेशान चल रहा था। इधर मेडिकल चौकी प्रभारी भूपेंद्र मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परि. जनों को सौंप दिया।

अश्लीलता पर रोक की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। सोशल मीडिया पर बढ़ती अश्लीलता, बच्चों पर इसके दुष्प्रभाव और साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सख्त कानून बनाने की मांग को लेकर सोमवार को एकता जन सेवा फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने एसडीएम राहुल साह के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भेजा। एकता जन सेवा फाउंडेशन द्वारा प्रधानमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से देश में अश्लीलता तेजी से बढ़ रही है, जो नई पीढ़ी को मान. सिक और नैतिक रूप से नुकसान पहुंचा रही है। उन्होंने कहा फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक और स्नैपचौट जैसे प्लेटफॉर्म्स पर कम उम्र के बच्चे अपनी आईडी बनाकर अपनी जिंदगी को जोखिम में डाल रहे हैं। उन्होंने

कहा सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि पाने के लिए युवाओं, महिलाओं और बच्चों द्वारा अश्लील वीडियो, पोस्ट और गेम्स डाले जा रहे हैं, जो समाज में गलत संदेश फैला रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा युवक-युवतियां व महिलाएं गाली-गलौज और अश्लील भाषा वाले वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे हैं, जो देश की सांस्कृतिक गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं। इन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर, राजेश ठाकुर, दास पाल, प्रमोद अग्निहोत्री, लक्ष्मी नारायण, आफताब आलम, रोहित दिवाकर, दिनेश मंडल, रवि आर्य, मो. नबी, शशि गुप्ता, लक्ष्मी देवी मौजूद रहे।

पौधारोपण आंदोलन जारी

नैनीताल। संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन सोमवार को 325वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए-पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत सोमवार को लखनऊ से आए पर्यटकों प्रमोद जोशी, हर्षित जोशी व नीलिमा जोशी ने पौधारोपण आंदोलन से जुड़ते हुए पर्यटक आवास गृह परिसर में पौधारोपण किया। पर्यटकों ने पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में पर्यावरण संरक्षण के तहत किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनको भी पौधारोपण से जुड़ने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि आंदोलन करने का यह बहुत ही नायाब तरीका है।

गौरव ने नाम रोशन किया

शाह टाइम्स संवाद्दाता

नैनीताल। जिले के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज ढोकाने में पढ़ने वाले मेधावी छात्र गौरव छिम्वाल के लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 564वीं रैंक लाकर क्षेत्र और नैनीताल जिले का नाम रोशन किया है। बता दें सोमवार को विद्यालय प्रबंधन ने गौरव छिम्वाल का सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता हेम चंद्र आर्य रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना से की गई। मुख्य अतिथि हेम चंद्र आर्य ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि में विद्यालय के बच्चों के लिए कंप्यूटर भेंट किया। विद्यालय प्रबंधन ने गौरव का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान गौरव ने बताया कि लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करने के लिए उन्होंने 5 साल कड़ी मेहनत की उन्होंने बताया कि वह अपने घर से 8 किलोमीटर पैदल चलकर विद्यालय जाते थे। उन्होंने 10वीं की परीक्षा अटल उत्कृष्ट राइका कॉलेज ढोकाने नैनीताल से किया तथा सोबन सिंह जीना अल्मोड़ा में बीएससी की उसके बाद उन्होंने एमए हिंदी से किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों और अपने माता-पिता को दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता हेमचंद्र आर्य ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही शिक्षा मंत्री से मिलकर विद्यालय में अध्यापकों और स्टाफ की कमी को पूरा करेंगे। इस दौरान प्रधानाचार्य मोहन प्रसाद आर्य, मनोज, मोहन चंद्र, आनंद प्रकाश, लता,पुष्पा आर्य, प्रेम बिष्ट, प्रताप तथा पूरन चंद्र पंत, दीपक कुमार, मनोज कुमार, हिमांशु व भीम सिंह, ललित कुमार व पूजा नैनवाल, आरती, मदन मोहन सुयाल, नरेंद्र मोहन छिम्वाल, तरुण कांडपाल, भीम सिंह, पवन सिंह जलाल व सदी राम आर्य और विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहे।

ग्राफिक एरा में इंडक्शन प्रोग्राम

शाह टाइम्स संवाद्दाता

भीमताल। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल कैंपस में चल रहे 'गुरु-दक्षता फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम' के अंतर्गत एक अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर के उन्नत प्रौद्योगिकी विकास केंद्र के एसोसिएट प्रोफेसर एवं सेंटर फॉर टीचिंग लर्निंग एंड वर्चुअल स्किलिंग के चेयरमैन डा. श्यामल कुमार दास मंडल द्वारा संचालित किया गया। सत्र के दौरान डा. मंडल ने आउटकम-बेस्ड असेसमेंट को लागू करने की प्रक्रिया पर गहन चर्चा की। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि मान्यता केवल कागजी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि इसे शिक्षण के दैनिक अभ्यासों में प्रभावी रूप से एकीकृत करना आवश्यक है। कार्यक्रम के दूसरे

चरण में सहभागियों के साथ एक इंटरैक्टिव चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें 'फैसिनेशन वैल्यू' और 'डिस्ट्रिब्यूशन इंडेक्स' जैसे मापदंडों पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इसके साथ ही लर्निंग आउटकम्स को असेसमेंट से मैप करने की व्यावहा. रिक गतिविधि ने सत्र को और भी उपयोगी और समृद्ध बनाया। इससे पहले, कार्यक्रम के आरंभिक सत्र में आईआईटी खड़गपुर के ही असिस्टेंट प्रोफेसर एवं सेंटर के वाइस चेयरमैन डा. कुशल कुमार भगत द्वारा आईसीटी टूल्स, ब्लेंडेड और फ्लिप्ड क्लासरूम मॉडल तथा एजुकेशनल टेक्नोलॉजी ट्रेनिंग पर एक बहुमूल्य सत्र लिया गया, जिसे उपस्थित फैकल्टी सदस्यों ने अत्यधिक सराहा।

यूयूएसडीए द्वारा खोदी गई सड़कों की रिपोर्ट तलब

शाह टाइम्स संवाद्दाता

हल्द्वानी। उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) द्वारा हल्द्वानी शहर में पेयजल और सीवर परियोजनाओं के तहत की गई सड़क खुदाई के बाद मरम्मत कार्यों में लापरवाही को लेकर शासन ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी निर्देशों के तहत आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने नगर आयुक्त, नगर मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम को आदेशित किया है कि वें आगामी तीन दिनों के भीतर यूयूएसडीए के कार्यों का निरीक्षण कर फोटो सहित स्पष्ट रिपोर्ट (आख्या) प्रस्तुत करें। आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि शहर के कई हिस्सों में यूयूएसडीए द्वारा पेयजल एवं सीवर लाइन के कार्यों के लिए सड़कों की खुदाई की गई है, लेकिन खुदाई के बाद उन्हें यथासमय भरा नहीं जा रहा, जिससे स्थानीय नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यदायी संस्था को पहले ही निर्देशित किया गया था कि खुदाई के बाद तुरंत मरम्मत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि बीते 23 मई को हुई समीक्षा बैठक में परियोजना निदेशक, यूयूएसडीए द्वारा यह दावा किया गया था कि हल्द्वानी शहर में कहीं भी सड़कें खुदी हुई नहीं हैं। इस दावे की सत्यता जांचने के लिए ही नगर निगम, प्रशासन और संबंधित अधिका. रियों को संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त ने कहा कि निर्धारित अधिकारियों को शहर में यूयूएसडीए द्वारा किए जा रहे समस्त कार्यों का भौतिक निरीक्षण कर अपने-अपने क्षेत्रवार रिपोर्ट तैयार करनी होगी, जिसमें फोटो साक्ष्य सहित स्थिति का स्पष्ट विवरण शामिल हो।

इकाना में आरसीबी से भिड़ेगी लखनऊ

लखनऊ, वार्ता। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु मंगलवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के अंतिम लीग मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स पर जीत हासिल करने के लिए शीर्ष दो में जगह बनाने मैदान में उतरेगी। वहीं लखनऊ सम्मानजक विदाई के लिए पुरजोर कोशिश करेगी। रजत पाटीदार की अगुआई वाली आरसीबी ने सीजन के आखिरी चरण में अपने पिछले पांच मैचों में से चार में जीत दर्ज करके शीर्ष पर है, जबकि लखनऊ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। आरसीबी यहां जीत हासिल कर वह दूसरे स्थान पर पहुंच सकती है और प्लेऑफ में उसे अतिरिक्त जीवनदान मिल सकता है। एलएसजी टूर्नामेंट में सम्मान के साथ विदाई के लिए अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल करनी होगी। आरसीबी के जीत के अभियान को विराट कोहली की शानदार बल्लेबाजी से बल मिला है। विराट ने इस सत्र में 548 रन बना लिए हैं और विस्फोटक बल्लेबाज फिलिप साल्ट के साथ शीर्ष पर हैं। मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा और पावर-हिटर टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड की मौजूदगी वाली उनका बल्लेबाजी क्रम लखनऊ की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाने मैदान में उतरेगी। ऋषभ पंत की कप्तानी में एलएसजी ने बहुत देर से फॉर्म हासिल किया। हालांकि पिछले हफ्ते मिशेल मार्श की 117 रनों की तूफानी पारी और विलियम ओ'रुरके के शानदार स्पेल ने उन्हें गुजरात टाइटन्स पर 33 रनों की जीत दिलाई, लेकिन टीम के बल्ले और गेंद दोनों से संघर्ष ने पूरे अभियान में उन्हें भारी कीमत चुक. नी पड़ी। स्पिनरों की मदद करने वाली इकाना पिच मध्यम स्कोर बनने के आसार है। पिछले पांच मैचों में से चार में टीमों ने सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा किया है, इसलिए टॉस फिर से महत्वपूर्ण होगा और दोनों कप्तान पहले गेंदबाजी करने का फैसला कर सकते हैं।

पर्पल कैप की दौड़ में प्रसिद्ध कृष्णा को पछाड़ नूर हुए आगे

- चेन्नई के नूर अहमद ने खेले गए अंतिम लीग मैच में 21 रन देकर तीन विकेट लिए

नई दिल्ली, वार्ता। चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद कल खेले गए अंतिम लीग मैच में 21 रन देकर तीन विकेट झटकर गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा को पछाड़ते हुए पर्पल कैप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए है। टूर्नामेंट में नूर के पास अब और मौका नहीं जबकि प्लेऑफ में पहुंची गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध के पास आगे मैचों में फिर से बेहतर प्रदर्शन कर आगे निकलने का अवसर है। प्रसिद्ध कृष्णा ने अब तक 14 पारियों में 23 विकेट हैं। हालांकि जीटी के प्लेऑफ में पहुंचने के कारण प्रसिद्ध के पास आगे और भी मैच हैं, जबकि सीएसके का सफर समाप्त हो चुका है। मुबई इंडियंस के ट्रेंट बोल्ट 19 विकेटों के साथ तीसरे और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जॉश हेजलवुड 18 विकेटों के साथ चौथे स्थान पर हैं। जीटी के साई किशोर भी 14 मैचों में 17 विकेट लिए है। कोलकाता नाइट राइडर्स के वरुण चक्रवर्ती भी टूर्नामेंट की 13 पारियों में 17 विकेट ले चुके है। क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर है।

बृजभूषण शरण के खिलाफ यौन शोषण केस खत्म

- नाबालिग पहलवान ने कहा था: बहकावे में आ गई, पूर्व सांसद बोले-दूसरा मामला भी क्लोज होगा

गोंडा, वार्ता। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह को नाबालिग पहलवान से यौन शोषण मामले में बरी कर, केस क्लोज कर दिया। पिछली सुनवाई में नाबालिग अपने बयान से पलट गई थी। जिसके बाद कोर्ट ने ये निर्णय लिया। यौन शोषण का मामला क्लोज होने के बाद गोंडा में जश्न का माहौल है। नाबा. लिग ने 1 अगस्त, 2023 को बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान कहा था कि उसने किसी राजनीतिक या भावनात्मक दबाव में आकर ये आरोप लगाए थे। ऐसी कोई घटना नहीं घटी थी।

जिसमें वह खुद को पीड़िता मानती हो। इस बयान के बाद कोर्ट ने इसे श्रगंभीर परिवर्तनीय साक्ष्यश माना था। बृजभूषण बोले कि मामले में सच्चाई नहीं कोर्ट के निर्णय पर दैनिक भास्कर ने पूर्व सांसद बृजभूषण से फोन पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि यह बजरंगबली और प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद है कि मुझे इस मामले में पहली बड़ी जीत मिली है। कथित पहलवानों के भड़कने से नाबालिग पहलवान ने मेरे ऊपर आरोप लगाया था। लेकिन जब उसको सच्चाई पता चली, तो उसने सही बयान दिया था। जिसके आधार पर कोर्ट ने उस मुकदमे को खत्म कर दिया है। कल मैं सबसे पहले अयोध्या पहुंच कर बजरंगबली का आशीर्वाद लूंगा। उसके बाद अपने नंदिनी नगर माता मंदिर पहुचूंगा, जहां आशीर्वाद लेकर अपने घर जाऊंगा। जल्द ही जो अन्य महिला पहलवानों के मामले चल रहे हैं, उसको लेकर हम हाईकोर्ट गए हुए हैं, वह मुकदमा भी जल्द खत्म होगा। उनमें कोई सच्चाई नहीं है।

खेल विशेष

मुंबई ने पंजाब को 185 रन का टारगेट दिया

जयपुर, वार्ता। मुंबई इंडियंस (एमआई) ने आईपीएल 2025 के 69वें मैच में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 185 रन का टारगेट दिया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने 39 बाल पर 57 रनों की पारी खेली। उन्होंने 6 चौके और दो छक्के लगाए। कप्तान हार्दिक पंड्या 26, रोहित शर्मा 24 और रायन रिकलटन 27 रन बनाकर आउट हुए। अर्शदीप सिंह, मार्को यानसन और विजयकुमार वैशाख ने 2-2 विकेट झटके। हरप्रीत बरार को 1 विकेट मिला। जवाबी पारी में पंजाब ने 4 ओवर में बिना नुकसान के 34 रन बना लिए हैं। प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह क्रीज पर हैं। प्रियांश आर्या ने पहले ओवर में ट्रेंट बोल्ट की बाल पर दो चौके मारे। फिर दीपक चाहर ने मेडन ओवर डाला। दीपक चाहर ने पारी का दूसरा ओवर मेडन डाला। उन्होंने प्रभसिमरन सिंह को ओवर की सभी 6 बाल डाट कराई। इस ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 10 रन रहा। प्रियांश आर्या ने नई बाल से पहला ओवर डाल रहे ट्रेंट बोल्ट की बाल पर दो चौके लगाए। उन्होंने पहली और आखिरी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। 20वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने दो विकेट झटके हैं। उन्होंने महज 3 रन दिए। अर्शदीप ने पहली बाल पर नमन धीर को प्रियांश आर्या के हाथों कैच कराया। नमन 20 रन ही बना सके। छठी बाल पर सूर्यकुमार यादव को पगबाधा आउफट किया। सूर्या 39 बाल पर 57 रन ही बना सके। 19वां ओवर डाल रहे विजयकुमार वैशाख ने 23 रन दिए। नमन धीर ने उनके ओवर की शुरुआती दो बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। फिर सूर्यकुमार यादव ने चौथी बाल पर चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया।

आयरलैंड को हरा विंडीज ने सीरीज बराबरी पर रोकी

डबलिन, वार्ता। केसी कार्टी (170) की शतकीय, कप्तान शाई होप (75) और जस्टिन ग्रीव्स (50) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद जेडेन सील्स (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत विंडीज ने तीसरे वनडे वर्षा बाधित मुकाबले में आयरलैंड को डकवर्थ-लुईस स्टर्न पद्धति से 97 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर है। केसी कार्टी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। रविवार रात खेले गए मुक. ाबले में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट 31 के स्कोर पर गवां दिए। ब्रैंडन और एविन (14) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद केसी कार्टी और कप्तान शाई होप ने ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बटोरे। केसी कार्टी और शाई होप ने तीसरे विकेट के लिए 147 गेंदों पर 137 रन की साझेदारी की।

प्रणॉय-लक्ष्य, सिंधु सिंगापुर बैडमिंटन ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती

- टूर्नामेंट के पुरुष एकल में लक्ष्य और प्रणॉय खेलेंगे

नई दिल्ली, वार्ता। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी मंगलवार से शुरू होने वाले सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2025 में भारतीय चुनौती पेश करेंगे।

महिला एकल रैंकिंग में पीवी सिंधु के साथ वह मालविका बंसोड़, अनमोल खरब और उन्नति हुड्डा के टीम का हिस्सा हैं। सिंधु इस जनवरी में इंडियन ओपन के बाद से लय में नहीं दिख रही और उन्हें लगातार संघर्ष करना पड़ा रहा है। विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी सात्विक-चिराग ने पिछली बार मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चुनौती पेश की थी और चिराग की पीठ की चोट के कारण यह दूसरे दौर में ही हट गई थी। सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वे सुदीरमन कप से भी नहीं खेल पाये थे। टूर्नामेंट के पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय पुरुष एकल में खेलेंगे। किदांबी श्रीकांत ने पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहने के बाद इस टूर्नामेंट से बाहर रहने का फैसला किया है। महिला युगल में काबिज त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी खेलेंगी।

लाहौर कलंदर्स ने जीता पीसीएल

- कुसल परेरा बने मैच विनर, नाबाद 62 रन की पारी खेली

कराची, वार्ता। लाहौर कलंदर्स ने क्वेटा ग्लैडिएटर्स को 6 विकेट से हरा कर तीसरी बार पाकिस्तान सुपर लीग का खिताब जीता। पीसीएल के 10 वें सीजन का लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में क्वेटा ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 201 रन बनाए। लाहौर कलंदर्स ने एक गेंद बाकी रहते हुए 204 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया। श्रीलंकाई विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल परेरा (62) और लोकल बल्लेबाज मोहम्मद नईम (46) ने लाहौर की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं, शाहीन अफरीदी ने 24 रन देकर 3 विकेट लिए।

क्वेटा की ओर से हसन नवाज ने 76 रन की पारी खेली क्वेटा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी की। क्वेटा की ओर से हसन नवाज ने। उन्होंने 43 गेंदों में 76 रनों की पारी खेली। शाहीन ने 3 और सलमान- हारिस रऊफ ने 2-2 विकेट लिए लाहौर कलंदर्स की ओर से कप्तान शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट लिए। सलमान मिर्जा, हारिस रउफ ने 2-2 विकेट लिए। अफरीदी ने 4 ओवर में 24 रन दिए। सलमान ने 51 और रउफ ने 2 विकेट लिए। इसके अलावा सिकंदर रजा ने 1 ओर राशिद हुसैन ने भी एक विकेट लिए। 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लाहौर कलंदर्स की अच्छी शुरुआत 202 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी लाहौर कलंदर्स को फखर जमान और मोहम्मद नईम ने बेहतर शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी हुई।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को 3-2 से हराया

अर्जेंटीना, वार्ता। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने सोमवार को उरुग्वे को 3-2 से हराकर चार देशों के टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। यहां खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम के लिए सोनम ने (21वें) और कनिका सिवाच ने (46वें, 50वें) मिनट में गोल किए। जबकि उरुग्वे के लिए मिलग्रोस सेगल ने (तीसरे) और अगस्टिना मैरी ने (24वें) मिनट में गोल दागे। उरुग्वे की मिलग्रोस सेगल के तीसरे मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दूसरे क्वार्टर में भारत की सोनम ने 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर (1-1) से बराकर कर दिया। हालांकि तीन मिनट बाद ही उरुग्वे ने अगस्टिना मैरी के गोल की बदौलत फिर से बढ़त हासिल कर ली। तीसरे क्वार्टर के कोई गोल नहीं हुआ।

कार्यालय नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज (ऊधमसिंहनगर)

पत्रांकः– 1851 /कोटेशन/2025–26 दिनांक 26/05/2025

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त निर्माण फर्म/कम्पनी/उद्योग/अधिकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों निर्माताओं/सप्लायरों को सूचित किया जाता है, नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज को राज्य वित्त आयोग की धनराशि से निम्नलिखित कार्य कराया जाना है। इच्छुक प्रतिष्ठान निम्न विवरण के अनुसार तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफों में शील्ड करेंगे ताकी तीसरे लिफाफे में दोनो बन्द निविदाएं शील्ड कर दिनांक 03/06/2025 को प्रातः 11.00 बजे तक कार्यालय में स्थित निविदा बॉक्स में डाल सकते हैं। निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के कार्यालय से दिनांक 02/06/2025 को सांय 5.00 तक क्रय की जा सकती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 03/06/2025 को अपराहन 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधि के समक्ष निविदा समिति के द्वारा खोली जायेगी तथा पहले तकनीकी निविदा खोली जायेगी। तत्पश्चात तकनीकी अर्ह पाये जाने पर ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी। किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के पास सुरक्षित होगा। अन्य जानकारी

क्र0 सं0	कार्य का नाम	नग	निविदा प्रपत्र मूल्य+GST अतिरिक्त	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	पुराने स्वागत द्वार मरम्मत कार्य, पेंटिंग व रेडियम द्वारा लिखाई व अन्य मरम्मत कार्य।	03	1000.0	30 दिन

मरम्मत शर्तेः–
1. सम्बन्धित कन्सलटेंट की फर्म का आयकर, आधार कार्ड, जी0एस0टी0 नम्बर, पैन कार्ड, आई0एस0ओ0 प्रमाण पत्र कोटेशन प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. विगत वर्ष 2024–25 आयकर आई0टी0आर0।
3. वारन्टी प्रमाण पत्र।
4. सशर्त निविदा मान्य नही होगी।
5. निविदा को स्वीकार व अस्वीकार करने का अधिकार निकाय प्रशासन को निहित होगा।
6. एम0एस0एम0ई0 को वरियता दी जायेगी।
7. निविदा दो निविदा प्रणाली पर आधारित रहेगी (तकनीकी निविदा व वित्तीय निविदा)

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज — अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज

कार्यालय नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज (ऊधमसिंहनगर)

पत्रांक:-1850/ कोटेशन / 2025-26 दिनांक: 26/05/2025

अतिअल्पकालीन कोटेशन सूचना

समस्त निर्माण फर्म/ कम्पनी / उद्योग/अधिकृत आपूर्तिकर्ता /ठेकेदारों निर्माताओं / सप्लायरों को सूचित किया जाता है, नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज को राज्य वित्त आयोग की धनराशि से निम्नलिखित कार्य कराया जाना है। इच्छुक प्रतिष्ठान निम्न विवरण के अनुसार तकनीकी एवं वित्तीय कोटेशन को लिफाफों में शील्ड करेंगे तथा बन्द कोटेशन दिनांक 03/06/2025 को प्रात: 11.00 बजे तक कार्यालय में स्थित कोटेशन बॉक्स में डाल सकते हैं। प्राप्त कोटेशन दिनांक 03/06/2025 को अपराहन 2.00 बजे उपस्थित कोटेशनदाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष कोटेशन समिति के द्वारा खोली जायेगी। किसी भी कोटेशन अथवा समस्त कोटेशनदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी / अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के पास सुरक्षित होगा। अन्य जानकारी

क्र0 स0	कार्य का नाम	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	कार्यालय नगर पालिका महुआखेड़ागंज के अध्यक्ष कक्ष का सौन्दर्यकरण एवं कार्यालय से सम्बन्धित अन्य कार्य।	30 दिन
2	कार्यालय नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के एकाउन्ट कक्ष एवं व0 सहायक कक्ष एवं संयुक्त कार्यालय कक्ष में चैम्बर पार्टीशन एवं सौन्दर्यकरण से सम्बन्धित अन्य कार्य।	

समस्त शर्तेः-
1. सम्बन्धित कन्सलटेंट की फर्म का पैनकार्ड, आधार कार्ड, जी0एस0टी0 नम्बर, कोटेशन प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. वारन्टी प्रमाण पत्र।
3. सशर्त कोटेशन मान्य नही होगी।
4. कोटेशन प्रपत्र के साथ 100/- रू0 का नोन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर एवं 1/-रू0 का रसीदी टिकट लगाना अनिवार्य होगा।
5. कोटेशन प्रपत्र के साथ फर्म के साथ जी0एस0टी0 पंजीयन का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. कोटेशन प्रपत्र के साथ 10000/- रू0 की एफ0डी0आर0 अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के नाम बंधक कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. स्वीकृत कोटेशनदाता को किये गये कार्य एवं प्रथक-प्रथक कार्य का बिल एकाउंट कक्ष में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/परिषद महुआखेड़ागंज — अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज

कार्यालय नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज (ऊधमसिंहनगर)

पत्रांक– 1852/अ0नि0सू0/2025–26 दिनांकः– 26 मई, 2025

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद् महुआखेड़ागंज जनपद ऊधमसिंहनगर, के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–2026 में राज्य वित्त आयोग/15वें वित्त आयोग धनराशि के अन्तर्गत निर्माण कार्य एवं पालिका क्षेत्र में वार्टर कूटर स्थापित किये जाने हेतु दिनांक 03/06/2025 को अपरान्ह 11.00 बजे तक शीलवन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 2.30 बजे गठित निविदा समिति एवं उपस्थित ठेकेदारों की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 02/06/2025 तक अपराहन 5.00 बजे तक नकद धनराशि जमा कर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक कार्य की निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 की एन0एस0सी0/बैंक एफडीआर/पृथक–पृथक रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् महुआखेड़ागंज के पदनाम से बन्धक कर जमा करनी अनिवार्य होगी। आमंत्रित निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन की लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र मूल्य +18%GST अतिरिक्त	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर प्याऊ निर्माण कार्य।	20.84	41600.0	2100.0	90 दिन
2	अहरपुरा वार्ड नं0–02 में धर्मेन्द्र मास्टर के मकान से विजयपाल सिंह के मकान तक इण्टर लॉकिंग टाईल्स तथा नाली निर्माण कार्य।	2.46	5000.0	250.0	30 दिन

निविदा की शर्तेः–
1. प्रत्येक निविदा के साथ 100/–रू0 का नोन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर व एक रू0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित देना अनिवार्य है।
2. निर्माण कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पालिका के निर्माण कक्ष से प्राप्त की जा सकती है। निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार कार्य स्थल का भली–भॉति निरीक्षण/परिक्षण स्वंय कर ले, बाद में स्थल पर किसी भी विवाद हेतु ठेकेदार स्वंय जिम्मेदार होगा।
3. निर्माण कार्य का भुगतान पालिका में प्राप्त धनराशि के उपरान्त ही किया जायेगा, जो ठेकेदार को स्वीकार होगा।
4. निर्माण कार्य की निविदा के साथ निर्माण कार्य की लागत का 02 प्रति0 जमानत धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं 08 प्रति0 की धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में निविदादाता को अनुबन्ध गठित करते समय जमानत धनराशि के तौर पर जमा करना अनिवार्य होगा।
5. शेष शर्ते कार्यालय दिवस में देखी एवं पढ़ी जा सकती हैं तथा शेष निविदायें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न होगी।

(सतीश कुमार) अधिशासी अधिकारी — (रिजवान अहमद) अध्यक्ष

खानपुर पुलिस ने किया मलखान के ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा

बेटे ने ही बाप के सीने में गोली मारकर की हत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

लक्सर। मामूली विवाद इतना बड़ा रूप लेगा, किसी ने सोचा न था! पिता की डांट से तंग आकर 19 साल के बेटे ने ही उसके सीने में गोली मार दी और फिर बेफिक्री से बगल के कमरे में जाकर सो गया। सुबह मगरमच्छ के आंसू बहाकर मातम मनाने की एक्टिंग की, लेकिन हरिद्वार पुलिस की पैनी नजरों ने असली कातिल को पहचान लिया।

एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने थाना खानपुर में इस सनसनीखेज ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा करते हुए बताया कि खानपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र शाह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महज 48 घंटे में सच्चाई को उजागर कर दिया। तकनीकी साक्ष्यों के अभाव में पूरी जांच मैन्युअल पुलिसिंग पर आधारित थी, लेकिन टीम की सूझबूझ, सतर्कता और अथक प्रयासों ने इस केस को अंजाम तक पहुँचाया। **घटना की जानकारी व प्रारंभिक जांच.....खानपुर** थाना क्षेत्र के हस्तमौली बस्ती निवासी युवक सौरभ ने 112 पर कॉल कर सूचना दी कि उसके पिता मलखान को किसी ने गोली मार दी है। थाना खानपुर पुलिस

तत्काल मौके पर पहुँची और सुबह 4:30 बजे घटनास्थल का मुआयना किया गया। मृतक मलखान पुत्र महेन्द्र सिंह को सीने में गोली मारी गई थी। घटनास्थल पर कोई सीसीटीवी फुटेज, डिजिटल साक्ष्य या प्रत्यक्षदर्शी नहीं था। केस पूरी तरह अंधेरे में था। ऐसे में एसएसपी के निर्देशन में थाना प्रभारी रविन्द्र शाह की अगुवाई में पुलिस टीम ने मैन्युअल जांच की कमान संभाली और पारंपरिक पुलिसिंग से सुराग खोजने शुरू किए।

❖19 साल के बेटे ने मामूली डांट से नाराज होकर पिता को मार डाला और फिर खुद ने ही पुलिस को पिता को गोली लगने की सूचना दी

संदेह की सुई बेटे की तरफ घूमी....जांच के दौरान मृतक का बड़ा बेटा सूरज संदिग्ध प्रतीत हुआ, जो सोशल मीडिया और गेम्स में लिप्त रहता था और पिता की रोक-टोक से खफा रहता था। घटना की रात दोनों के बीच मामूली बहस हुई थी। पुलिस को सूरज की ओवरएक्टिंग और नकली आंसुओं में छुपी चालाकी पर संदेह हुआ। **पूछताछ में टूटा सूरज, कबूला गुनाह....सघन** पूछताछ में सूरज टूट गया और जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह रोज-रोज की डांट से परेशान था और पिता की हत्या की योजना बना चुका था। उसी रात जब मलखान सो गए, तो सूरज ने 12 बोर के तमंचे से उनके सीने में गोली मार दी और फिर गन्ने के खेत में हथियार फेंक आया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया और सूरज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

आरोपी की पहचान....सूरज पुत्र मलखान, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम हस्तमौली बस्ती, थाना खानपुर, हरिद्वार। इस जटिल केस को हल करने पर पुलिस टीम को एसएसपी हरिद्वार द्वारा 5000 और पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र द्वारा 25000 का पुरस्कार घोषित किया गया। **काबिल-ए-तारीफ पुलिस टीम.** ..प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र शाह-एसएसआई अशोक सिरसवाल-समीप पाण्डेय (चौकी प्रभारी गोवर्धनपुर)-उ0नि0 उपेन्द्र सिंह-उ0नि0 भजराम चौहान- म0उ0नि0 कल्पना शर्मा-हे0का0 भीम सिंह-का0 अरविन्द रावत-का0 त्रिपेन सिंह-का0 अशोक-का0 दीपक भारती **पहले भी ब्लाइंड केस सुलझा चुके इंस्पेक्टर रविन्द्र शाह.....**खानपुर इंस्पेक्टर रविंद्र शाह इससे पहले भी ब्लाइंड मर्डर केस की गुत्थी सुलझा कर लोहा मनवा चुके हैं। डोईवाला के प्रॉपर्टी डीलर की खानपुर में हत्या कर शव फेंक दिया गया था। इंस्पेक्टर रविंद्र शाह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने न सिर्फ शव की पहचान कराई, बल्कि चंद दिनों में ही उसकी हत्या का पर्दाफाश करते हुए आरोपियों को भी गिरफ्तार किया था। वहीं, झबरेड़ा व बहादराबाद में भी उन्होंने कई वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया। उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें राज्यपाल पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

गंगनहर पुलिस ने 45 लाख का चोरी हुआ ट्रक किया बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। गंगनहर कोतवाली पुलिस ने एक वाहन चोर को दबोच कर चोरी हुआ 45 लाख का ट्रक डंपर उसकी निशान देही पर बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार सुनील पुत्र रामकिशन निवासी जौरासी तहसील समालखा जिला पानीपत हरियाणा की तहरीर बावत किसी अज्ञात चोरों द्वारा वादी के घर के बाहर खडे ट्रक (डम्फर) संख्या-एचआर-69 एफ-3669 (12 टायरा) को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में कोतवाली गंगनहर पर मु0अ0स0 217/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कर घटना की गंम्भीरता को देखते हुये विवेचना व0उ0नि0 अजय शाह के सुपुर्द हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार, पुलिस अधीक्षक ग्रमीण रूडकी, क्षेत्राधिकारी रूडकी द्वारा जनपद में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता अपराधियों/संदिग्ध व्यक्तियों/असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उच्चाधिकारीगणों के आदेश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा मामले की गंम्भीरता को देखते हुये तत्काल अलग-अलग टीम का गठन कर त्वरित कार्यवाही हेतु अन्दर क्षेत्र व गैर राज्य रवाना किये गये। पुलिस टीम द्वारा दौराने चौकिंग मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि जो डम्फर आज सुबह चोरी हुआ था उसे मैने भगवानपुर-छुटमलपुर की तरफ जाते देखा है इस सूचना पर व0उ0नि0 अजय शाह मय हमराहीयान कर्मगणों के मुखबीर के बताये अनुसार भगवानपुर-छुटमलपुर की ओर रवाना हुये जब हम कर्मगण माल-मुल्जिमान की तलाश करते हुये जा रहे थे तो एक डम्पर तेज गति से भगवानपुर-छुटमलपुर की तरफ जाता दिखाई दिया जो मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी का डम्पर प्रतीत हुआ पुलिस टीम द्वारा पीछा करते हुये रुकने का इशारा किया, लेकिन अज्ञात चोर द्वारा वाहन को तेजी से भगाया गया पुलिस टीम द्वारा डम्पर का पीछा करने लगे तो अभियुक्तगणो द्वारा मण्डावर के पास ओम श्री ढाबा के पास निकट क्वांटम यूनिवर्सिटी के ठीक सामने की ओर उक्त डम्पर को सड़क से नीचे रेतीली मिट्टी में डाल दिया। जिसमें 02 व्यक्ति ट्रक छोड़कर सड़क किनारे लगे आम के बाग की ओर भाग गये । पुलिस टीम द्वारा चोरी हुये रेतीले मिट्टी में फंसे ट्रक को चैक किया गया तो ट्रक पर नम्बर प्लेट 3669 लगी है। जो कि मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित है को बरामद किया गया। वाहन चोरों की तलाश की जा रहीं है। पुलिस टीम में आर0के0 सकलानी (प्रभारी निरीक्षक गंगनहर), व0उ0नि0 अजय शाह-अ0उ0नि0 मनीष कवि-कानि0 प्रभाकर थपलियाल-कानि0 पवन नेगी-कानि0 अर्जुन शामिल रहे।

होना जरूरी : सुयाल

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। ढ़डेरा नगर पंचायत के राजकीय जू हा स्कूल में बालिकाओं के लिए रोटरी क्लब रुड़की ने पिंक ट्वायलट का निर्माण कर जिसे आज स्कूल को सौंपा गया। अतिथि द्वय पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शेखर चंद्र सुयाल एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश नेगी ने फीता काटकर लोकार्पण किया।

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक एसएस सुयाल ने कहा कि रोटरी क्लब रुड़की द्वारा बालिकाओं के लिए किए गये कार्य बहुत महत्वपूर्ण हैं। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए कि खाली स्लोगन से इतिश्री नही होनी चाहिए जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मैं यह समझता हूं कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ बेटी को आगे बढ़ाओ और वह तभी आगे बढ़ सकती हैं जब हम उसकी सुविधा और सुरक्षा का ध्यान रखें जो कार्य रोटरी क्लब कर रहा है।नगर पंचायत अध्यक्ष राज्य आंदोलनकारी विशिष्ट अतिथि सतीश नेगी ने कहा रोटरी क्लब रुड़की का मेरी नगर पंचायत में यह सराहनीय कार्य है। रोटरी अध्यक्षा रोटे वन्दना मोहन एवं उनकी टीम को बधाई देता हूं कि उन्होंने मेरी नगर पंचायत के स्कूल

को यह सुविधा दी। रोटरी पूर्व सहायक गवर्नर रोटे सुभाष सरीन ने कहा कि बालिकाओं की सुविधा के लिए वर्ष 200 पिंक ट्वालेट बनाने का उद्देश्य है उसी के आधार पर आज इस स्कूल को रोटरी ने अपने कार्य के लिए चुना। रोटरी क्लब अध्यक्षा रोटे वन्दना मोहन वेब प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटरी हर्ष प्रकाश कला ने कहा कि मेरा उद्देश्य बालिकाओं को लाभान्वित करना है, बालिकाओं के हित एवं सुविधा के लिए कार्य करने के संकल्प के साथ हमारा मिशन पूरा हो रहा है ।और आगे भी क्लब द्वारा बालिकाओं के हित के लिए कार्य किए जायेंगे। इस अवसर पर सभासद विकास पाल एवं दिनेश नेगी ने भी विचार रखे।इस अवसर पर रोटरी क्लब कोषाध्यक्ष प्रेम चंद सैनी,प्रो राजेश चन्द्रा,प्रेम सरीन, वीरेंद्र जैन, अशोक अरोड़ा, निधि शांडिल्य, राजीव गोयल,भाजपा नेता प्रमोद धीमान स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। स्कूल प्रधानाध्यापक ने सभी का धन्यवाद किया।

आईआईटी रुड़की ने नियामक मामलों के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए

फोरम ऑफ रेगुलेटर्स के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की एवं विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय फोरम ऑफ रेगुलेटर्स (एफओआर) ने आईआईटी रुड़की में नियामक मामलों के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अग्रणी पहल का उद्देश्य अत्याधुनिक विनियामक एवं नीति अनुसंधान करना, सलाहकार सहायता प्रदान करना, क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करना, चर्चा मंच बनाना और नियामक क्षेत्र में ज्ञान प्रबंधन को बढ़ावा देना है।

इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से, आईआईटी रुड़की अत्याधुनिक अनुसंधान का नेतृत्व करेगा, उन्नत क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्रदान करेगा, विशेषज्ञ सलाहकार सेवाएं प्रदान करेगा, और नियामकों, उद्योग एवं शिक्षाविदों के बीच संवाद को बढ़ावा देगा, जो प्रारंभ में विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत ऊर्जा विनियमन पर ध्यान केंद्रित करेगा, और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में संभावित विस्तार करेगा। इस समझौता ज्ञापन पर आईआईटी रुड़की के बोर्ड रूम में वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए, जिनमें आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रोफेसर के.के. पंत, आईआईटी रुड़की के शैक्षणिक मामलों के कुलशासक प्रोफेसर नवीन के. नवानी, फोरम ऑफ रेगुलेटर्स (एफओआर) एवं केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) के सचिव श्री हरप्रीत सिंह पूथी, सीईआरसी के प्रमुख (नियामक मामले) डॉ. एस.के. चटर्जी एवं जल एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग (एचआरईडी) के प्रोफेसर अरुण कुमार शामिल थे। हस्ताक्षर समारोह में जल एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के प्रमुख प्रोफेसर संजीव कुमार प्रजापति, प्रोफेसर सुनील कुमार सिंघल, प्रोफेसर हिमांशु जैन और अन्य संकाय सदस्य एवं अधिकारी भी उपस्थित थे। यह उत्कृष्टता केंद्र भारत में विनियामक मामलों के क्षेत्र में एक अकादमिक एवं शोध पहल होगी, जिसे फोरम ऑफ रेगुलेटर्स से सीड फंडिंग द्वारा समर्थित किया जाएगा।

इसका उद्देश्य साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और तकनीकी अनुसंधान को बढ़ावा देकर शिक्षा, उद्योग एवं विनियामक निकायों के बीच की खाई को पाटना है। अपने संबोधन में, आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के.के. पंत ने इस ऐतिहासिक सहयोग पर गर्व व्यक्त किया और इसे भारत के विनियामक विकास में एक परिवर्तनकारी कदम बताया।यह उत्कृष्टता केंद्र एक समयबद्ध पहल है जो आईआईटी रुड़की को विनियामक और नीति अनुसंधान के लिए एक राष्ट्रीय थिंक टैंक के रूप में स्थापित करती है। डेटा-संचालित नीति निर्माण और तकनीकी क्षमता निर्माण को बढ़ावा देकर, हमारा लक्ष्य भारत की विकास कहानी एवं विकसित भारत/2047 के विजन में सार्थक योगदान देना है। मैं इस महत्वपूर्ण पहल की अवधारणा बनाने और इसे आगे बढ़ाने में एफओआर की दूरदर्शिता व प्रो. अरुण कुमार के समर्पित प्रयासों की सराहना करता हूं। जबकि हमारी यात्रा ऊर्जा विनियमन से शुरू होती है, केंद्र भारत के महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचा क्षेत्रों में सुधारों का समर्थन करने वाले एक बहु-विषयक पावरहाउस के रूप में विकसित होने के लिए तैयार है। एफओआर एवं सीईआरसी के सचिव हरप्रीत सिंह पूथी ने इस अग्रणी साझेदारी की सराहना करते हुए इसे भारत के विनियामक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा, ष्उत्कृष्टता केंद्र कठोर शोध, क्षमता निर्माण और दूरदर्शी संवाद के माध्यम से विनियामकों, उद्योग विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को सशक्त बनाने के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करेगा। यह सहयोगात्मक पहल राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप मजबूत, पारदर्शी और भविष्य के लिए तैयार विनियमन को आगे बढ़ाने के लिए फोरम ऑफ रेगुलेटर्स की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सड़क दुर्घटना में अज्ञात कार चालक के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

लंढौरा। एक माह पूर्व कार की चपेट आकर घायल बाइक सवार युवक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

इमरान निवासी ग्राम खेमपुर थिथौला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई इरफान 27 अप्रैल को लंढौरा से बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह लंढौरा में परिवहन कार्यालय के पास पहुंचा तो सामने से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। कार की टक्कर लगने से इरफान गंभीर रूप से घायल हो गया था। आसपास के लोगों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालात को गंभीर देखते हुए हर सेंटर रेफर कर दिया था। हायर सेंटर में उसका उपचार चल रहा है। इंस्पेक्टर शांति कुमार गंगवार ने बताया कि दुर्घटना में घायल युवक के भाई की तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है

ऑपरेशन मर्यादा के तहत 8 के खिलाफ की कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। ऑपरेशन मर्यादा के तहत 8 व्यक्तियों के विरुद्ध कारवाही की गयी है। पुलिस ने गंगा किनारे शराब पी रहे 8 व्यक्तियों का पुलिस एक्ट के अंतर्गत पकड चालान किया है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन मर्यादा के अंतर्गत दिनांक 25/5 /2025 को सायं को कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा सायं कालीन गस्त के दौरान रुड़की नहर पटरी पर 8 व्यक्तियों 1.सलमान पुत्र मुनीर आलम निवासी पिरान कलियर 2.साजिद पुत्र नसीर निवासी भारत नगर रूडकी 3.विपिन रावत पुत्र मातवर सिह निवासी रूद्रप्रयाग 4.सुहेब पुत्र इरशाद निवासी मोहनपुरा रुडकी 5.शक्ति सिह पुत्र सुनील कुमार निवासी अम्बर तालाब रूडकी 6.अंकुश पुत्र अभीसिह निवासी पुरानी तहसील रूडकी 7.शादाब पुत्र जान आलम निवासी मंगलौर 8.उमैर पुत्र रागिब निवासी माधोपुर सालियर को शराब का सेवन करते हुए पाया गया। जिनको पुलिस टीम द्वारा पकड़ कर थाना लाया गया और पुलिस एक्ट के अंतर्गत कारवाही की गई। धार्मिक व पवित्र स्थलों की मर्यादा को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध ऑपरेशन मर्यादा के अंतर्गत रुड़की पुलिस द्वारा अभियान लगातार जारी रहेगा। विवरण पुलिस टीम कोतवाली रुड़की उपनि विनोद थपलियाल, आनंद मेहरा, को0 रुड़की, आ0उ0नि0 बालम सिंह को0 रूडकी, हेड का भूपेंद्र, का0 रणवीर, का0 विशु पंवार, का0 मुकेश शामिल रहे।

निलंबित कर्मचारी का शांतिभंग के आरोप में किया चालान

लक्सर। धारदार हथियार लेकर टायर फैक्टरी के गेट पर पहुंचे निलंबित कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर शांतिभंग के आरोप में चालान किया है। उसके खिलाफ दर्ज मुकदमे के मामले में आरोपी को नोटिस दिया गया है। लक्सर स्थित कैवेंडिश टायर फैक्टरी के एचआर हेड आलोक कुमार ने 21 मई को पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें आरोप लगाया था कि फैक्टरी से अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर्मचारी सहीपाल निवासी ग्राम कुंआखेड़ा देर शाम को धारदार हथियार लेकर फैक्टरी के गेट पर पहुंचा था। आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए फैक्टरी अधिकारियों को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसका शांतिभंग के आरोप में चालान कर दिया। वहीं, आरोपी के खिलाफ दर्ज कराए गए मुकदमे के मामले में उसे नोटिस तामील कराया गया है।

सूचना

मंगलौर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

फिरोज खान

(संवाददाता मंगलौर)

मो. नं० 9368483651

कार्यालय : आनंद मार्केट, मलानपुरा मंगलौर।

लेबर इंस्पेक्टर की फटकार के बाद सौंपी भविष्य निधि

भगवानपुर। दवा कंपनी ने फटकार के बाद दो कर्मचारियों की भविष्य निधि उन्हें सौंप दी है। कर्मचारियों ने लेबर इंस्पेक्टर को धन्यवाद प्रेषित किया है। लेबर इंस्पेक्टर का कहना है कि अप्रैल में भी सात श्रमिकों का 1.83 लाख रुपये का मानदेय दिलाया जा चुका है। बाल मजदूरी, बंधुवा मजदूरी और श्रमिकों के हितों को लेकर श्रम विभाग की ओर से समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। छह महीने पूर्व भगवानपुर की दो कंपनियों के कर्मचारी श्रम विभाग कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने लेबर इंस्पेक्टर अनिल कुमार पुरोहित को शिकायत पत्र दिया।

अवैध खनन सामग्री खरीदने पर एक स्टोन क्रशर सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

लक्सर। भोगपुर ग्राम पंचायत की भूमि में हो रहे अवैध खनन की सूचना पर जिला खनन अधिकारी ने छापा मारा। टीम ने अवैध खनन सामग्री खरीदने पर भोगपुर क्षेत्र में लगे एक स्टोन क्रशर को सीज कर दिया है। इस कार्रवाई से अन्य स्टोन क्रशर संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही। सुल्तानपुर क्षेत्र के भोगपुर गांव के पास ग्राम समाज की भूमि स्थित है। इस भूमि में कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से अवैध खनन कर रहे थे। साथ ही खनन सामग्री को भोगपुर क्षेत्र में लगे एक स्टोन क्रशर में महंगे दामों में बेच रहे थे। इससे भूमि में गहरे-गहरे गड्ढे हो गए थे। मामले की सूचना पर ग्राम प्रधान संतोष देवी ने ग्राम समाज की भूमि में हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाई जानेऔर खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। अवैध खनन की सूचना पर शुक्रवार को जिला खनन अधिकारी काजमी रजा खान के नेतृत्व में टीम ने भोगपुर क्षेत्र में छापा मारा। कार्रवाई के दौरान मौके पर पहुंची टीम से पहले ही ग्राम समाज की भूमि में अवैध खनन करने वाले लोग अपने वाहनों को लेकर मौके से फरार हो गए थे। इस दौरान टीम खनन सामग्री खरीदने वाले स्टोन क्रशर पर पहुंची। वहां पर टीम ने अवैध खनन सामग्री पाए जाने पर स्टोन क्रशर को सीज कर दिया। जिला खनन अधिकारी काजमी रजा खान ने बताया कि भोगपुर क्षेत्र में कुछ लोगों की ओर से ग्राम समाज की भूमि में अवैध खनन होने की सूचना मिल रही थी। सूचना पर छापा मारा गया। इस दौरान भोगपुर क्षेत्र में स्थित एक स्टोन क्रशर में रात के समय बिना अनुमति के कच्चा माल खरीदा गया था।

कलियर चेयरमैन प्रतिनिधि व सभासद ने किया कब्रिस्तान में हैंडपंप लगाने का उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

पिरान कलियर। नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर जब से समीना सलीम चुनकर आयी हैं तब से ही नगर पंचायत क्षेत्र का बुनियादी विकास लगातार किया जा रहा है। सभी वार्डों में बिना भेदभाव विकास कार्य कराया जा रहे हैं तो वह जन समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल भी किया जा रहा है।

नगर पंचायत पिरान कलियर के वार्ड 2 बेडपुर कब्रिस्तान मे हैंड पंप लगाए जाने के कार्य का उद्घाटन किया गया। कहा कि लगातार नगर पंचायत क्षेत्र के वार्डों में इंटरलॉकिंग सड़क के अलावा अन्य विकास कार्य व नाला निर्माण को प्राथमिकता दी रही है ताकि बरसात के समय में कस्बे के लोग जल निकासी की समस्या से परेशान ना हो। वहीं पानी की समस्या को देखते हुए हैंडपंप भी लगाया जा रहे हैं। नगर पंचायत पिरान कलियर के वार्ड दो के बेडपुर कब्रिस्तान मे नगर पंचायत चैयरमेन प्रतिनिधि सलीम अहमद

व वार्ड सभासद ने हैंड पंप लगाए जाने का उद्घाटन करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास ही पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र मेंआम जन को ज्यादा समस्या आ रही है उन विकास कार्यों को पहले प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है।

जानलेवा हमले में फरार इनामी आरोपी दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। हरिद्वार पुलिस ने एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल के कड़े निर्देशन में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जानलेवा हमले के दो वांछित ईनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली गंगनहर क्षेत्र में हुई इस सनसनीखेज वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था, जिसमें आरोपी खुलेआम सड़क पर लाठी-डंडों से लैस होकर हमला करते नजर आए थे।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान साहिल पुत्र जितेंद्र सैनी और आदित्य सैनी पुत्र जितेंद्र सैनी, निवासी चावमंडी, रुड़की के रूप में हुई है। दोनों पर गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदलने और पुलिस को चकमा देने के चलते एसएसपी हरिद्वार द्वारा 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। **पुरानी रंजिश बनी हमले की वजह.....मामला** बीती 13 मई का है, जब वादी अमरीक सिंह के बेटे पुनीत और उसके दोस्त अमित पर उस समय जानलेवा हमला किया गया, जब वे अपनी दुकान बंद कर घर लौटने की तैयारी कर रहे थे। हमलावरों ने लाठी, डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर दोनों युवकों पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। सीसीटीवी में कैद हुई यह घटना सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी।

आपराधिक इतिहास भी रहा भारी.....गिरफ्तार आरोपी झगड़ालू प्रवृत्ति के हैं और इनका आपराधिक इतिहास भी लंबा-चौड़ा है। पुलिस जांच में पता चला कि पुरानी रंजिश के चलते यह हमला योजनाबद्ध तरीके से किया गया था। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में आर.के. सकलानी, उप निरीक्षक अजय शाह, प्रवीण बिष्ट, कांस्टेबल अजय बिष्ट, रणवीर और नितिन शामिल रहे। टीम ने गहन सुरागरसी और साक्ष्य संकलन के माध्यम से दोनों आरोपियों को नशेमन तिराहे के पास से दबोचा।

बाइक सवारों को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत, दो गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

कलियर। इमलीखेड चौकी क्षेत्र में एक ट्रक ने तीन बाईक सवारों को रौंद दिया। जिसमें एक युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक को पीएम के लिए भिजवाया व घयलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार दरियापुर पेट्रोल पंप के पास एक बाईक पर सवार तीन युवक जा रहे थे। पीछे से एक ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। जिसमें फरमान निवासी हल्लूमजरा थाना भगवानपुर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे कलियर थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार ने तुरंत घायलों को अस्पताल भिजवाया और मृतक के शव का पंचनामा भर पीएम को भेजा। वहीं परिजनों को सूचना दी गयी। घायल होने वाले कादिर व अयान की हालत गंभीर देखकर उन्हें हायर सैंटर रेफर कर दिया। कोतवाल का कहना है कि ट्रक को हिरासत में ले लिया है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 27 मई 2025

अटकलों को विराम

सोमवार को संसदीय समिति की बैठक में सरकार ने सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर अपनी रणनीति साझा की। जिसमें उसने कूटनीतिक पहल और अन्य कोशिशों की पूरी जानकारी दी। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद की सलाहकार समिति को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के चलते पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो आतंकवाद को केंद्र थे। उन्होंने माना कि इससे पाकिस्तानी सेना के मनोबल को भारी चोट लगी, क्योंकि वह आतंकी शिविरों की रक्षा नहीं कर सकी। उन्होंने यह भी साफ किया कि पाकिस्तान को भारतीय सेना द्वारा उनके क्षेत्र में स्थित आतंकी शिविरों पर किए गए हमलों की जानकारी केवल हमले के बाद डीजीएमओ स्तर पर दी गई थी। उन्होंने यह भी दावा किया कि पाक को यह सूचना हमलों के बाद दी गई थी। उन्होंने डोनाल्ड ट्रम्प के सीजफायर में हस्तक्षेप की बात से भी इन्कार किया और कहा कि अमेरिकी हस्तक्षेप की जो बातें कही जा रही थीं वह निराधार हैं। उन्होंने तमाम अटकलों को विराम देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोकने का निर्णय भारत में पाकिस्तान की ओर से आए अनुरोध के बाद द्विपक्षीय स्तर पर लिया और इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी। उनके कहने का मतलब साफ था कि पाक डीजीएमओ द्वारा संघर्ष विराम की मांग के बाद ही यह सैन्य कार्रवाई रोकी गई। साथ ही यह भी साफ किया कि भारत के किसी भी अधिकारी ने पाक से सीधी बातचीत नहीं दी और जो भी बातचीत हुई वह केवल दो देशों के डीजीएमओ के बीच थी। उन्होंने यह जरूर स्वीकार किया कि अमेरिका व अन्य देश भारत पर पाकिस्तान से वार्ता करने का दबाव बना रहे थे, लेकिन भारत किसी तरह के दबाव में नहीं आया भारत का स्टैंड साफ है कि आतंकवाद और वार्ता एकसाथ नहीं चल सकते। विदेश मंत्री ने कांग्रेस द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों की सफाई दी। उनका कहना था कि बेईमानी और घटनाओं का गलत चित्रण किया गया। सिंधू जल समझौते को लेकर समिति द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि फिल्हाल सिंधू जल समझौता स्थगित है और भविष्य में जो कदम उठाया जाएगा उसके बारे में संसद को जानकारी दे दी जाएगी। विदेश मंत्री ने संसदीय समिति से राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की अपील भी की और बताया कि इसी के तहत सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर भेजे गए हैं। असल में कांग्रेस के नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी विदेश मंत्री एस. जयशंकर को लेकर कई सवाल पूछते रहे हैं और कई बातों को लेकर उनको कटघरे में खड़ा करने की कोशिश करते रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया था कि भारतीय विदेश मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी पहले ही पाक को दे दी थी। जयशंकर ने इससे इन्कार किया है और सबसे बड़ी बात अमेरिकी राष्ट्रपति जो सीजफायर का श्रेय लेते नहीं थकते, उनको भी यह कहकर आयना दिखाया है कि उनकी इसमें कोई भूमिका नहीं है।

सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है कृषि

कृषि सब्सिडी किसानों के बैंक खातों में मिलनी चाहिए, कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि इसका उद्योग से व्यापक जुड़ाव है, किसानों की हर प्रकार की सहायता सीधे बैंक खाते में जानी चाहिए, इससे किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी, खाद को लेकर सब्सिडी की राशि बहुत बड़ी है और अन्य भी सब्सिडी की राशियां भी बहुत बड़ी हैं, पर ये अप्रत्यक्ष हैं, यदि ये सब सीधी किसानों को दी जाएं, तो मेरा आकलन है कि हर किसान को हर साल कम से कम 35,000 रुपये मिलेंगे, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को इस पर ध्यान देना चाहिए और अध्ययन कराया जाना चाहिए, इससे किसान को ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधा किसानों के खाते में जाती है, पर अन्य सहायता भी सीधी किसानों के खाते में जानी चाहिए।

-जगदीप धनखड़, उप राष्ट्रपति

विज्ञान, लोकतंत्र और बच्चों के संरक्षक पंडित जवाहर लाल नेहरू



पुण्यतिथि पर विशेष

भारतीय इतिहास में 27 मई का दिन केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक युग के अवसान का प्रतीक है। यह वही दिन है, जब भारत ने अपना पहला प्रधानमंत्री, एक दूरदर्शी नेता, एक मानवतावादी चिंतक और बच्चों के चहेते चाचा नेहरू को सदा के लिए खो दिया था। पंडित जवाहरलाल नेहरू न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे बल्कि आजादी के बाद आधुनिक भारत की नींव रखने वाले प्रमुख शिल्पी भी थे। उनका जीवन भारतीय राजनीति और समाज के पुनर्निर्माण की यात्रा का वह अध्याय है, जिसे बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। नेहरू का सपना केवल एक स्वतंत्र भारत नहीं था बल्कि ऐसा भारत था, जो वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास से आलोकित हो। उनका विश्वास था कि गुलामी ने देश की आत्मा को कुचल दिया है और उसे फिर से जगाने के लिए केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं होगी बल्कि आवश्यकता होगी सोच की स्वतंत्रता, अवसर की समानता और ज्ञान की पहुंच की। यही कारण था कि उन्होंने स्वतंत्रता के बाद जिस भारत की कल्पना की, वह कारखानों, स्कूलों, विश्वविद्यालयों, बांधों और अनुसंधान संस्थानों से भरा हुआ भारत था।

पंडित नेहरू की राजनीति केवल सत्ता का अभ्यास नहीं थी, वह एक वैचारिक यात्रा थी। वे केवल नेता नहीं थे, वे विचार थे, प्रगति, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र और मानवतावाद के विचार। उनका विश्वास था कि विविधता में ही भारत की शक्ति है। वे बार-बार कहते थे, भारत की आत्मा अनेकता में एकता है। यही कारण था कि उन्होंने भारत के संविधान में धर्मनिरपेक्षता को न केवल संरक्षित किया बल्कि उसे भारतीय पहचान का अभिन्न हिस्सा बना दिया। बच्चों के प्रति नेहरू जी का प्रेम भारतीय समाज में एक विशेष स्थान रखता है। वे मानते थे कि बच्चे देश का भविष्य नहीं बल्कि वर्तमान हैं, जिनकी देखभाल और शिक्षा आज ही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उनके दिल में बच्चों के लिए अत्यधिक स्नेह था। वे जब भी किसी विद्यालय या बालसभा में जाते तो बच्चों की आंखों में चमक आ जाती। उनके पास बैठकर बच्चे खुद को सहज महसूस करते थे। वह खुद को चाचा कहलवाना पसंद करते थे क्योंकि उन्हें बच्चों के साथ औपचारिकता से परे आत्मीयता चाहिए थी।

उनका यह प्रेम केवल भावनात्मक नहीं था बल्कि व्यावहारिक योजनाओं और नीतियों के माध्यम से भी परिलक्षित होता था। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया और भारतीय शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) जैसी संस्थाएं उन्हीं की कल्पनाओं का परिणाम थी, जिनकी नींव उन्होंने अपने कार्यकाल में रखी। नेहरू जी की विदेश नीति ने भी भारत को विश्वपटल पर प्रतिष्ठा दिलाई। गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापकों में उनका नाम अग्रणी था। उनका दृष्टिकोण था कि भारत किसी वैश्विक ध्रुव की कठपुतली नहीं बनेगा बल्कि अपनी स्वतंत्र नीति के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को तय करेगा। उन्होंने शांति, सह-अस्तित्व और संवाद को भारत की कूटनीति की आधारशिला बनाया। इतिहास में कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो केवल व्यक्ति के जाने की सूचना नहीं देते बल्कि एक युग के समाप्त होने की उद्घोषणा करते हैं। 27 मई 1964 की सुबह भी ऐसा ही एक क्षण थी। दिल्ली के तीन मूर्ति भवन से निकली उस दिन की खबर ने पूरे देश को शोक में डुबो दिया। पंडित नेहरू नहीं रहे यह वाक्य भारत के हर घर में बिजली की तरह गिरा। लाखों लोग सड़कों पर निकल आए, रेडियो की आवाजें धीमी हो गई, विद्यालयों में मौन धारण किया गया, संसद में सन्नाटा छा गया और बच्चों की आंखों में एक ऐसा खालीपन आ गया, जैसे उनके अपने चाचा अचानक कहीं खो गए हों। उनकी मृत्यु केवल एक राजनीतिक नेता की मृत्यु नहीं थी, यह उस स्वप्नदृष्टा की चुप्पी थी, जिसने भारत को केवल भौगोलिक रूप से नहीं बल्कि वैचारिक रूप से भी गढ़ा था। उनकी अंतिम यात्रा में जो जनसैलाब उमड़ा, वह भारत के उस भावनात्मक जुड़ाव का प्रमाण था, जो एक नेता और उसके देशवासियों के बीच दुर्लभ होता है। नेहरू जी की मृत्यु के बाद देश को कई तरह के सवालों ने घेरा, क्या उनके बिना भारत उस मार्ग पर चल पाएगा, जो उन्होंने तैयार किया? क्या धर्मनिरपेक्षता, वैज्ञानिक सोच और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हो पाएगी? क्या भारत का लोकतंत्र उनकी दूरदर्शिता के बिना टिकाऊ रह पाएगा? समय ने इन प्रश्नों का उत्तर संघर्षों और बदलावों के बीच दिया लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि नेहरू का प्रभाव भारत की रगों में आज भी बहता है। नेहरू जी की आलोचनाएं भी हुई, चीन नीति, कश्मीर, समाजवाद की धीमी प्रगति जैसे विषयों पर कई लोगों ने उनके निर्णयों को कटघरे में खड़ा किया परंतु आलोचना के बीच उनकी मूल नीयत, उनके इरादे और उनकी दूरदृष्टि पर कभी कोई बड़ा प्रश्नचिन्ह नहीं लगाया जा सका। उन्होंने कभी अपने विचारों को छिपाया नहीं, न ही अपने विरोधियों को दबाने की कोशिश की। उनके लिए लोकतंत्र केवल शासन का तरीका नहीं बल्कि जीवन का मूल मंत्र था। भारत आज जब 21वीं सदी में वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है तो यह आवश्यक है कि हम उस नींव को न भूलें, जो नेहरू ने रखी थी। आज की तकनीकी, वैज्ञानिक और शैक्षणिक प्रगति उन्हीं नीतियों की फलश्रुति है, जिन्हें उन्होंने स्वतंत्र भारत की शुरुआत में लागू किया था। एक ऐसे दौर में, जब विश्व युद्धों की विभीषिका से देश जूझ रहा था और भारत को नई पहचान चाहिए थी, तब नेहरू जैसे नेता का मिलना किसी वरदान से कम नहीं था। उनकी पुण्यतिथि केवल श्रद्धांजलि देने का दिन नहीं बल्कि आत्ममंथन का अवसर है कि क्या हम उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं, जिसका सपना नेहरू ने देखा था? क्या हम बच्चों को शिक्षा, पोषण और संस्कार दे पा रहे हैं? क्या हम विज्ञान और विवेक के मार्ग पर हैं? क्या हम विविधता को अपनाकर एकता को सशक्त कर रहे हैं? इन सवालों के उत्तर खोजते समय पंडित नेहरू की पुस्तकें, उनके भाषण और उनका जीवनदर्शन हमारा मार्गदर्शन कर सकते हैं। डिस्कवरी ऑफ इंडिया जैसी रचनाएं हमें बताती हैं कि उन्होंने भारत को केवल शासन के लिए नहीं बल्कि समझने और आत्मसात करने के लिए अपनाया था। उन्होंने भारत को केवल इतिहास की दृष्टि से नहीं बल्कि सांस्कृतिक, दार्शनिक और मानवीय दृष्टिकोण से देखा। आज भी जब किसी बच्चे की मुस्कान में मासूम सपने दिखते हैं, जब किसी छात्र को वैज्ञानिक प्रयोगशाला में नए आविष्कार की प्रेरणा मिलती है, जब किसी युवा को लोकतांत्रिक अधिकारों का अभ्यास करते समय विश्वास होता है कि वह बदलाव ला सकता है, तब नेहरू की आत्मा मुस्कराती है।

-अतुल गोयल

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

मनाली घूमने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

गर्मियों का मौसम हो या फिर सर्दियों का, मनाली में हर सीजन में पर्यटकों की भीड़ देखने को मिलती है। गर्मी में ठंडक के अहसास के लिए लोग मनाली जाते हैं। वहीं सर्दियों में स्नो का नजारा देखने के लिए मनाली जाते हैं। यही वजह है कि यहां पर किसी भी मौसम में पर्यटकों की भीड़ कम नहीं होता है। मई-जून के महीने में अक्सर लोग पूरे परिवार के साथ मनाली ट्रिप का प्लान कर रहे हैं, क्योंकि गर्मियों में बच्चों की छुट्टियां पड़ती हैं। ऐसे में अगर आप इस महीने मनाली घूमने जाने का प्लान कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मनाली घूमने जाने के दौरान किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। गर्मियों के मौसम में जा रहे हैं, यह सोचकर ट्रिप देर से न करें। प्रयास करें कि आस यात्रा की शुरूआत सुबह जल्दी करें। इससे आप आधा रास्ता जल्दी और सुकून से कवर कर लेंगे। वरना आप दिन में मनाली की सड़कों पर लगे जाम में घंटों तक फंसे रह सकते हैं। यदि आप सोच रहे हैं कि गर्मियों में आपको मनाली में होटल सस्ते मिल जाएंगे, तो ऐसा नहीं है। क्योंकि इस दौरान पर्यटकों की भीड़ ज्यादा बढ़ जाती है, इसलिए आप भी पहले से होटल आदि बुक कर लें। वहीं आप मनाली घूमने के लिए ट्रैवल एजेंट या फिर ऑनलाइन बुकिंग भी कर सकते हैं। बता दें कि शहर में आपको पर्यटन स्थलों पर जाने के लिए घंटों ट्रैफिक में फंसे रहना पड़ सकता है। इसलिए प्रयास करें कि आप

ट्रैफिक से बचने के लिए सुबह जल्दी होटल से निकल जाएं। वहीं अगर आप अटल टनल, सोलांग वैली या रोहतांग के आसपास की जगहों को एक्सप्लोर करने का प्लान बना रहे हैं, तो सुबह जल्दी होटल से निकल जाएं। ए जगहें सनसेट व्यू प्वॉइंट के लिए जाने जाते हैं। वहीं मनाली में आप दिन में सर्दी लगने के कारण वहीं बल्कि तेज धूप की वजह से परेशान हो सकते हैं। इसलिए छाता और टोपी साथ लेकर चलें। वहीं गर्मी और सर्दी वाले कपड़े भी लेकर जाएं। क्योंकि रात के समय तापमान यहां पर कम हो जाता है। अगर आपको ऑनलाइन पेमेंट करने में समस्या हो सकती है, इसलिए कैश साथ लेकर चलें।

गुजरात घूमने का बना रहे प्लान तो इन जगहों को करें एक्सप्लोर, ट्रिप होगी यादगार

यहां के टूरिस्ट स्पोर्ट्स का कोई मुकाबला नहीं

गुजरात घूमने जा रहे लोगों के लिए जरूरी है कि वह वहां के फेमस टूरिस्ट स्पॉट घूमने जरूर जाएं। क्योंकि जब भी आप किसी जगह पर घूमने के लिए जाते हैं। तो सबसे पहले आपके दिमाग में वही लोकेशन आती हैं। जिनके बारे में वह शहर जाना जाता है। गुजरात में कई ऐसी जगहें हैं, जिसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। ऐसे में अगर आप इन फेमस जगहों पर घूमने नहीं जाते हैं, तो आपको यकीनन अफसोस होगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गुजरात की कुछ फेमस जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आपको गुजरात की इन फेमस जगहों पर घूमने जरूर जाना चाहिए।

गिर राष्ट्रीय उद्यान

गिर राष्ट्रीय उद्यान भारत के फेमस उद्यानों में से एक है। इसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। गिर राष्ट्रीय उद्यान एशिया में सिंहों का एकमात्र निवास स्थान माना जाता है। यहां पर आप सफारी का भी आनंद ले सकते हैं। वहीं इस उद्यान में आपको कई तरह के प्रजातियों वाले जीव देखने को मिलेंगे। ऐसे में गुजरात आने के बाद आपको यहां जरूर आना चाहिए।

सोमनाथ मंदिर

आपको सोमनाथ मंदिर के भी दर्शन के लिए जाना चाहिए। यह भारत के प्राचीन और ऐतिहासिक शिव मंदिरों में से एक है। भगवान शिव के भक्त दूर-दूर से इस मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। यह मंदिर शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। अरब सागर के तट पर स्थिति यह मंदिर खूबसूरत होने के साथ चमत्कारी भी माना जाता है। बताया जाता है कि सोमनाथ मंदिर में सच्चे मन से दर्शन करने वाले लोगों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह परिवार के साथ घूमने के लिए अच्छी जगहों में से एक है।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी

बता दें कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 182 मीटर ऊंची भव्य प्रतिमा देश की सबसे बड़ी प्रतिमाओं में से एक है। साल 2018 में पीएम मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। यह गुजरात का फेमस टूरिस्ट स्पॉट है। यहां का सुंदर नजारा काफी आकर्षित करता है।

अंधड़, बारिश और अलर्ट: बदलता मौसम, बिगड़ता संतुलन

24-25 मई की रात उत्तर भारत के लिए एक बार फिर ऐसी रात बनकर आई, जिसने न केवल दिल्ली-एनसीआर बल्कि पूरे उत्तर भारत को झकझोरकर रख दिया। इस प्रचंड मौसमीय तांडव ने न केवल जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया बल्कि एक बार फिर यह संकेत दे दिया कि अब मौसम चक्रों में स्थायित्व नहीं रहा और जलवायु परिवर्तन का प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से हमारे सिर पर मंडरा रहा है। एक ओर जहां लोगों को चिलचिलाती गर्मी से थोड़ी राहत मिली, वहीं दूसरी ओर भीषण बारिश और तेज हवाओं ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। मई महीने में जब उत्तर भारत 44-45 डिग्री सेल्सियस की झुलसाने वाली गर्मी के लिए जाना जाता है, ऐसे समय में अचानक ऐसे तूफान, तेज बारिश और ओलावृष्टि जैसे दृश्य आमतौर पर मानसून के चरम काल में भी दुर्लभ होते हैं।

हालांकि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इस तूफान से पहले ही रेड अलर्ट जारी कर दिया था परंतु तूफान की तीव्रता और व्यापक प्रभाव ने पारंपरिक मौसमी पूर्वानुमानों को भी पीछे छोड़ दिया। रविवार की देर रात तेज हवाओं ने पूरे दिल्ली-एनसीआर में अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया। पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिशा से तेजी से बढ़ते तूफानी बादल महज कुछ ही घंटों में दिल्ली-एनसीआर की ओर आ गए। आसमान में अचानक तेज बिजली चमकने लगी, फिर गरज के साथ बारिश शुरू हुई और देखते ही देखते स्थिति एक शक्तिशाली तूफान में बदल गई। हवा की रफ्तार इतनी अधिक थी कि कई इलाकों में पेड़ उखड़ गए, ट्रैफिक सिग्नल गिर गए, बिजली के खंभे झुक गए और कई वाहनों को क्षति पहुंची। आईएमडी के अनुसार, इस दौरान हवा की गति 60 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच गई थी और कुछ स्थानों पर तो यह इससे भी अधिक रिकॉर्ड की गई। केवल दिल्ली ही नहीं, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम जैसे एनसीआर के प्रमुख शहरों में भी हालात कुछ अलग नहीं थे। गुरुग्राम में तेज हवा के कारण कई जगहों पर निर्माणाधीन साइटों की छतें उड़ गईं जबकि नोएडा में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की क्रेन गिरने से दो लोग घायल हो गए। उत्तर भारत के अन्य भागों, जम्मू, पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, राजस्थान में भी यह तूफान तबाही लेकर आया। जगह-जगह सैकड़ों पेड़ उखड़ गए, जिससे कई जगहों पर सड़कों का संपर्क टूट गया। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बादल फटने की घटना भी सामने आई, जहां सात वाहन बह गए और कई अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। पंजाब में वर्षाजनित हादसों में कुछ लोगों की मौत की भी पुष्टि हुई। खेतों में काम कर रहे किसान तेज आंधी की चपेट में आ गए। इससे पहले 21 मई को भी शाम के समय अचानक दिल्ली-एनसीआर का मौसम बदल गया था और अचानक बदले मौसम के बीच भीषण आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने जमकर तबाही मचाई थी। तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि नोएडा, गाजियाबाद सहित देश के कई राज्यों में लोगों के लिए मुसीबत बन गया था। उस दौरान हुए हादसों में 7 लोगों की जान चली गई थी और दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि देशभर में करीब 26 लोगों की मौत होने की सूचना मिली थी। इस साल मई महीने की शुरुआत ही इसी प्रकार के अप्रत्याशित मौसमी बदलावों के साथ हुई थी। 2 मई की सुबह दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई क्षेत्रों में तेज आंधी, बारिश और तूफान जैसी स्थिति बनी थी। दिल्ली में उस दिन 78 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चली थी और बारिश के साथ भारी नुकसान हुआ था। पेड़ उखड़ गए थे, बिजली की आपूर्ति बाधित हुई थी और तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि उस समय भी लोगों को थोड़ी राहत महसूस हुई थी लेकिन इस बार मई के अंत में आया यह तूफान कहीं अधिक गंभीर और व्यापक प्रभाव वाला था। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सब केवल सामान्य मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं हैं बल्कि जलवायु परिवर्तन के गहरे संकेत हैं। दिल्ली सहित समूचे उत्तर भारत में तेजी से बढ़ता शहरीकरण, औद्योगीकरण और पर्यावरणीय असंतुलन अब मौसम चक्रों को अस्थिर कर रहा है। शहरी हीट आइलैंड प्रभाव के चलते रात के तापमान में गिरावट नहीं होती और वातावरण की ऊष्मा बढ़ती जाती है। कंक्रीट, एस्फाल्ट और अन्य मानव निर्मित सतहें सूरज की ऊष्मा को अवशोषित कर लेती हैं और धीरे-धीरे उसे छोड़ती हैं, जिससे रात में भी वातावरण गर्म बना रहता है। 2 मई की सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि सामान्यतः ऐसी बारिश के बाद तापमान 18.20 डिग्री तक गिर जाता है। मौसम विभाग ने इस बार के तूफान के पीछे पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से उठने वाली नम हवाओं के संगम को कारण बताया है। आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ नवंबर से अप्रैल के बीच सक्रिय रहता है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह मई-जून में भी सक्रिय रहने लगा है, जो वैश्विक तापमान वृद्धि का संकेत है। यह संकेत स्पष्ट करता है कि पारंपरिक मौसम चक्रों में अब स्थायित्व नहीं रहा और मौसम की गतिविधियां अधिक अनियमित और अस्थिर होती जा रही हैं। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाएं जब पश्चिमी विक्षोभ से टकराती हैं तो वह एक संगठित मौसमी प्रणाली का निर्माण करती हैं, जिससे उत्तर भारत में भारी वर्षा, तेज हवाएं और ओलावृष्टि होती है। यह आमतौर पर मानसून के मध्य चरणों में होता है लेकिन मई की शुरुआत में या मई के अंतिम सप्ताह में इस प्रकार की घटनाएं असामान्य हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि मौसमी प्रवृत्तियों की दिशा अब बदल रही है। कृषि क्षेत्र पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है।

इस समय अधिकांश क्षेत्रों में मूंग, सब्जियां, तरबूज, खरबूजा और अन्य ग्रीष्मकालीन फसलों की खेती होती हैं। तेज हवाएं, ओलावृष्टि और बारिश इन फसलों को नुकसान पहुंचाती हैं। बिहार, हरियाणा और राजस्थान के किसानों ने फलों और सब्जियों के खराब होने की शिकायत की है। इससे न केवल किसानों की आमदनी प्रभावित होती है बल्कि खाद्य आपूर्ति श्रंखला और खुदरा बाजारों में कीमतों पर भी इसका व्यापक असर पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन का असर अब हिमालय क्षेत्र में भी गहराई से महसूस किया जा रहा है। बर्फबारी का स्तर 23 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुका है, जिससे हिमालय की नदियों पर निर्भर करोड़ों लोगों की जल सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। आईपीसीसी की छठी आकलन रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय उपमहाद्वीप में मौसम अब पहले की तुलना में अधिक अनिश्चित और अस्थिर हो गया है। असामान्य तूफान, बेमौसम बारिश और अचानक तापमान में बदलाव, यह सभी इस बात के संकेत हैं कि जलवायु अब अपने पुराने स्वरूप से हट चुकी है। वर्तमान स्थिति में सरकार, वैज्ञानिक समुदाय और आम नागरिकों के लिए यह एक गंभीर चेतावनी है। अब समय आ गया है कि हम जलवायु परिवर्तन को केवल वैज्ञानिक बहस का विषय न मानें बल्कि इसे सार्वजनिक नीति और व्यक्तिगत जीवनशैली में भी प्राथमिकता दें। भारत को अब मौसम विज्ञान, कृषि, जल संरक्षण, ऊर्जा नीति और शहरी नियोजन को आपस में जोड़ते हुए एक समग्र रणनीति बनानी होगी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भी अपनी रणनीतियों को अद्यतन करना होगा। अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों की जलवायु विशेषताओं के अनुसार अलग योजनाएं बनानी होंगी। दिल्ली-एनसीआर जैसे घने शहरी क्षेत्रों के लिए अलग मॉड्यूल हो जबकि हिमालई क्षेत्रों के लिए भूस्खलन, बाढ़ और बर्फबारी पर केंद्रित योजनाएं हों। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए मौसम अनुकूल बीमा योजनाएं, सटीक पूर्वानुमान सेवाएं और प्राकृतिक आपदाओं से पहले सतर्कता की विश्वसनीय प्रणाली विकसित करनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

ट्रम्प ने मांगे हार्वर्ड के विदेशी छात्रों के 'नाम और पते'

अंतर्राष्ट्रीय छात्र अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह हार्वर्ड विश्व. विद्यालय में नामांकित प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय छात्र के नाम और देश जानना चाहते हैं। यह मांग संघीय न्यायाधीश द्वारा ट्रम्प प्रशासन को हार्वर्ड की विदेशी छात्रों को नामांकित करने की क्षमता को रद्द करने से रोकने के कुछ ही दिनों बाद आई है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा कि हम जानना चाहते हैं कि वे विदेशी छात्र कौन हैं। यह एक उचित अनुरोध है क्योंकि हम हार्वर्ड को अरबों डॉलर देते हैं लेकिन हार्वर्ड बिल्कुल भी आगे नहीं आ रहा है। हम उन नामों और देशों को चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हार्वर्ड यह क्यों नहीं कह रहा है कि उनके लगभग 31 प्रतिशत छात्र विदेशी देशों से हैं, और फिर भी वे देश, जिनमें से कुछ अमेरिका के लिए बिल्कुल भी अनुकूल नहीं हैं, अपने छात्रों की शिक्षा के लिए कुछ भी भुगतान नहीं करते हैं और न ही वे कभी ऐसा करने का इरादा रखते हैं। किसी ने हमें यह नहीं बताया। ट्रम्प ने आइवी लीग संस्थान से आगे संघीय वित्त पोषण के लिए आवेदन करना बंद करने का भी आह्वान किया। गुरुवार को, होमलैंड सुरक्षा विभाग ने घोषणा की कि वह हार्वर्ड के छात्र और विनिमय आगंतुक कार्यक्रम प्रमाणन को रद्द कर देगा, जिससे विश्वविद्यालय को प्रभावी

रूप से अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को प्रवेश देने से रोक दिया जाएगा। सभी मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को किसी अन्य विश्वविद्यालय में स्थानांतरित होना होगा या अपनी कानूनी स्थिति खोनी होगी। हार्वर्ड ने तुरंत प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया और मैसाचुसेट्स में एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को एक अस्थाई निरोधक आदेश जारी किया जिससे सरकार को पूर्ण सुनवाई तक प्रतिबंध लागू करने से रोक दिया गया। हार्वर्ड के डेटा से संकेत मिलता है कि 2023 सेमेस्टर की समाप्ति तक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों ने इसके कुल नामांकन का 27 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बनाया। विश्व. विद्यालय वर्तमान में 140 से अधिक देशों और

ट्रम्प यूरोपीय संघ पर नौ जुलाई तक शुल्क न बढ़ाने पर सहमत

न्यूयॉर्क/ब्रुसेल्स। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूरोपीय संघ से आयात पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत शुल्क नौ जुलाई तक स्थगित करने पर सहमत हो गए हैं। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अमेरिका के राष्ट्रपति को फोन पर इस संबंध में अनुरोध किया था। इसके बाद, ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि 'ऐसा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने लिखा कि वॉन डेर लेयेन ने उनसे कहा है कि वह इस मुद्दे पर गंभीर बातचीत करना चाहती हैं। सुलेयेन ने भी 'एक्स' पर लिखा कि ट्रम्प के साथ बातचीत अच्छी रही। उन्होंने कहा कि यूरोप शुल्क पर तेजी से और निर्णायक रूप से बातचीत आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। इससे पहले, शुक्रवार को ट्रम्प ने कहा था कि यूरोपीय संघ के साथ बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच रही है और उन्होंने एक जून से यूरोपीय संघ से आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी थी।

ट्रम्प की रूस-यूक्रेन के नेताओं पर कड़ी टिप्पणी

लॉस एंजिल्स। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की पर काफी तीखी टिप्पणी करते हुए पुतिन के काम से 'नाखुश' होने और जेलेंस्की को उनके 'बड़बोलेपन' के लिए आड़े हाथों लिया है। ट्रम्प ने न्यूजर्सी के मॉरिसटाउन में एयर फोर्स वन से वाशिंगटन डीसी वापस लौटने से पहले संवाददाताओं से कहा कि 'मैं पुतिन के काम से खुश नहीं हूं। मुझे नहीं पता कि पुतिन को क्या हो गया। मैं उन्हें लंबे समय से जानता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह हमेशा से पुतिन के साथ रहे हैं। लेकिन अब वह शहरों में रॉकेट भेज रहे हैं और लोगों को मार रहे हैं जो उन्हें बिल्कुल भी पसंद नहीं है। उन्होंने कहा हम बातचीत कर रहे हैं जबकि रूस यूक्रेन मे कीव और दूसरे शहरों पर रॉकेट दाग रहा हैं। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं है।

क्षेत्रों के लगभग 6,800 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों और विद्वानों को नामांकित करता है, जिनमें से अधिकांश स्नातक स्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय छात्र अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

मुंबई। बारिश के बीच जलमग्न वाली सड़क से गुजरते यात्री।

मेलबर्न शॉपिंग सेंटर में चाकूबाजी के बाद लॉकडाउन

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शॉपिंग सेंटर में दो गिरोहों के बीच चाकू से हुए झगड़े के कारण वहां लॉकडाउन लगाना पड़ा। विक्टोरिया राज्य की पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अपराह्न 2:30 बजे के बाद आपातकालीन सेवाएं नॉर्थलैंड शॉपिंग सेंटर पहुंचीं, जो सेंट्रल मेलबर्न से 10 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है। यहां करीब 10 लोगों के बीच झगड़े की खबरें आई थीं। इनमें से कुछ लोग चाकू से लैस थे जिसके कारण वहां लॉकडाउन लगाना पड़ा। पुलिस ने घटनास्थल पर दो किशोरों को गिरफ्तार किया जबकि 20 वर्षीय एक युवक को गंभीर रूप से घायल होने के कारण अस्पताल ले जाया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में 15 और 16 साल के दो किशोर शामिल हैं। उन पर झगड़ा करने, जानबूझकर चोट पहुंचाने, नियंत्रित हथियार रखने और नियंत्रित हथियार का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। विक्टोरिया की प्रीमियर जैसिटा एलन ने घोषणा की कि प्रांतीय सरकार एक सितम्बर को चाकू रखने पर कानूनी प्रतिबंध लागू होने से पहले बुधवार से चाकू की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के लिए असाधारण शक्तियों का उपयोग करेगी। बिक्री प्रतिबंध के कारण चाकू रखने पर प्रतिबंध लागू होने से पहले चाकू की आपूर्ति कम हो जाएगी।

इजरायल ने गाजा में नया संघर्ष विराम प्रस्ताव किया खारिज

यरुशलम। इजरायल ने गाजा में हमले रोकने और उसके 10 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित कराने के उद्देश्य वाले एक नए अमेरिकी प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इजरायल के सरकारी 'कान' टीवी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इस बाबत जारी 'वार्ता' दल में शामिल एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने कान टीवी को बताया कि अमेरिकी मध्यस्थों ने कल रात एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें पांच जीवित बंधकों की रिहाई एवं पांच बंधकों के शवों की सुपुर्दगी, गाजा में मानवीय सहायता सामग्री की आवा. जाही, 70-दिवसीय युद्धविराम और स्थाई युद्धविराम की दिशा में बात. चीत जैसे मुद्दे शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि इजरायल ने इसे 'हमास के सामने आत्मसमर्पण' मानते हुए

इजरायली सेना की वापसी या फलस्तीनी कैदियों की रिहाई का उल्लेख नहीं

सिरे से खारिज कर दिया है। इजरायल ने तथाकथित 'विटकॉफ' प्रारूप पर जोर दिया है, जो देश के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा मार्च की शुरुआत में प्रस्तुत एक प्रस्ताव है। इसमें 50-दिवसीय युद्धविराम के बदले में अतिरिक्त इजरायली बंधकों की रिहाई और लंबे समय तक युद्धविराम पर बात. चीत करने का वायदा किया गया है। इसमें हालांकि इजरायली सेना की वापसी या फलस्तीनी कैदियों की रिहाई का उल्लेख नहीं है, जो हमास की दो प्रमुख मांगें हैं। इस बीच, इज़रायल और हमास के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता का एक और दौर पिछले गुरुवार को नेतन्याहू द्वारा देश के प्रतिनिधिमंडल को वापस बुलाये जाने के बाद समाप्त हो गया। इसका उद्देश्य इज़रायल के 19 महीने लंबे सैन्य अभियान को समाप्त करना और गाजा में अभी भी बंधक बनाकर रखे गए 58 लोगों की रिहाई सुनिश्चित करना था। इज़रायल ने दो महीनों के संघर्षविराम के बाद मार्च में तीन चरण के युद्धविराम समझौते को समाप्त कर दिया था, इस दौरान हमास ने 33 इज़रायली बंधकों को रिहा किया। इजरायल ने हालांकि दूसरे चरण में इस बाबत आगे बढ़ने से इनकार कर दिया और गाजा पर अपना हमला फिर से शुरू कर दिया। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार युद्ध शुरू होने के बाद से लेकर अब तक क्षेत्र में 53000 से अधिक फ़लस्तीनी मारे गए हैं।

अफगानिस्तान के 480 शरणार्थियों की घर वापसी

काबुल। पाकिस्तान और ईरान से कुल 480 अफगान शरणार्थी परिवार अफगानिस्तान लौट आए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी बख्तर ने सोमवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी पूर्व शरणार्थियों को अपने वतन लौटने के बाद क्रॉसिंग पॉइंट पर आवश्यक सहायता प्रदान की गई है। पिछले सप्ताह ईरान और पाकिस्तान से 3300 से अधिक अफगान शरणार्थी परिवार अपने वतन लौट आए। उल्लेखनीय है कि लगभग 70 लाख अफगान शरणार्थी विदेश में रह रहे हैं और कथित तौर पर पिछले साल 20 लाख शरणार्थी, जिनमें से अधिकांश पड़ोसी देश पाकिस्तान और ईरान से हैं, अफगानिस्तान लौट आए हैं क्योंकि मेजबान देशों ने बिना दस्तावेज वाले शरणार्थियों को घर लौटने के लिए कहा है।

गाजा पर इजरायली हमलों में 34 मरे

गाजा। गाजा में ताजा इजरायली हमलों में कम से कम 34 फलस्तीनी मारे गए जिनमें एक पत्रकार और नागरिक सुरक्षा का एक अधिकारी शामिल हैं। नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने यह जानकारी दी है।

प्रवक्ता ने बताया कि उत्तरी गाजा के जबालिया और बेत लाहिया में घरों और सभाओं पर इजरायली हवाई हमलों में पत्रकार हसन अबू वर्दा सहित दस लोग मारे गए और दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में घरों, एक सभा और एक मोटरसाइकिल पर इजरायली हमलों में 14 लोग मारे गए। उन्होंने बताया कि मध्य गाजा में डेयर अल-बलाह शहर में विस्थापित लोगों के लिए बने एक तंबू पर इजरायली हमले में पांच लोग मारे गए। नागरिक सुरक्षा में संचालन के निदेशक अशरफ अबू नार और उनकी पत्नी अपने घर पर इजरायली

2023 से गाजा में मारे गए पत्रकारों की संख्या बढ़कर 220 हो गई है

बमबारी में मारे गए और नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक तंबू पर इजरायली हमले में एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। बसल ने कहा कि गाजा शहर के उत्तर में अल-करामा पड़ोस में फलस्तीनियों की एक सभा को निशाना बनाकर इजरायली ड्रोन द्वारा एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई और शहर के पश्चिम में ताल अल-हवा पड़ोस में एक वाहन पर इजरायली हमले में एक और व्यक्ति मारा गया। इस बीच रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति ने कहा कि शनिवार को खान यूनिस में उनके घरों पर इजरायली हमलों में उसके दो फलस्तीनी कर्मचारी मारे गए। हमास की सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने भी कहा कि

गाजा हमले में दो आईसीआरसी कर्मचारियों की मौत

गाजा सिटी। अंतर्राष्ट्रीय लाल क्रॉस समिति (आईसीआरसी) के दो कर्मचारी दक्षिणी गाजा पट्टी में उनके घर पर हुए हमले में घायल हो गए। आईसीआरसी ने अपने बयान में कहा कि हम अपने दो प्रिय सहयोगियों इब्राहिम ईद और अहमद अबू हिलाल की मौत से बहुत दुखी हैं, जो शनिवार को खान यूनिस में अपने घर पर हुए हमले में मारे गए। हम उनके परिवारों, मित्रों और सहयोगियों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। आईसीआरसी ने संघर्षविराम और नागरिकों, मेडिकल व राहत कर्मियों की सुरक्षा की मांग की है।

उसके सदस्यों ने खान यूनिस के पूर्व में अल-क़रारा शहर के पूर्व में एक घर के अंदर शरण लिए हुए एक सैन्य बल को निशाना बनाकर एक जटिल अभियान चलाया। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि उत्तरी गाजा में हमास के साथ संघर्ष के दौरान उसकी 52वीं बटालियन का एक टैंक कमांडर गंभीर रूप से घायल हो गया। इजरायल ने हमास के साथ जनवरी में हुए युद्ध विराम समझौते के पहले चरण की समाप्ति के बाद दो मार्च को गाजा में माल और आपूर्ति के प्रवेश को रोक दिया। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इजरायल ने 18 मार्च को गाजा पर हमले फिर से शुरू कर दिए। हमले में अब तक 3785 लोग मारे गए हैं और 10756 घायल हुए हैं। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार अक्टूबर 2023 से गाजा में मारे गए पत्रकारों की संख्या बढ़कर 220 हो गई है।

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाने से पहले क्वारंटीन हुए शुभांशु शुक्ला

नई दिल्ली। इंडियन एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जाने से पहले क्वारंटीन में चले गए हैं। उनके साथ मिशन के अन्य तीन एस्ट्रोनाट ने भी शनिवार को क्वारंटीन में प्रवेश किया। शुभांशु ने कहा-मुझे पूरा भरोसा है कि एक्सिओम मिशन सफल होगा। यह कमर्शियल स्पेस फ्लाइट के लिए मील का पत्थर साबित होगा। एक्सिओम स्पेस ने एक कार्यक्रम में मिशन पर जाने वाले क्रू को विदाई दी।

दरअसल, अंतरिक्ष में जाने से पहले क्वारंटीन एक जरूरी फेज होता है। इसमें पूरे क्रू को आइसोलेशन में रखा जाता है, ताकि वो पूरी तरह से स्वस्थ्य रहे और मिशन के दौरान उन्हें कोई संक्रमण ना हो। एक्सिओम मिशन

बोले: पूरा भरोसा कि मिशन सफल होगा, आठ जून को एक्सिओम मिशन के तहत आईएसएस जाएंगे

4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनाट 8 जून को 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है। एक्सिओम स्पेस ने क्वारंटीन एंट्री से पहले एक स्पेशल इवेंट किया। इसमें साथी कर्मचारियों और वैज्ञानिकों ने ट्रेडिशनल तरीके से क्रू को विदाई दी। शुभांशु के साथ तीन और एस्ट्रोनाट जाएंगे एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल में भारत, पोलैंड और हंगरी के मेंबर शामिल हैं। स्लावोज़ उजनान्स्की 1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। टिबोर कापू 1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे।

चीन, इंडोनेशिया स्थानीय मुद्रा लेन-देन को बढ़ावा देने पर सहमत

बीजिंग। चीन और इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए एक सहयोग ढांचा स्थापित करने के लिये समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) ने यह जानक. री दी। केंद्रीय बैंक ने रविवार को एक बयान में कहा कि चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो की संयुक्त गवाही के तहत, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) के गवर्नर पैन गोंगशेंग और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) के गवर्नर पेरी वारजियो ने स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए सहयोग के वास्ते एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

शराब से सऊदी में हटेगा बैन

600 टूरिस्ट प्लेस पर खुलेंगी दुकानें, वर्ल्ड एक्सपो और फुटबाल वर्ल्डकप के चलते तैयारी

रियाद। कट्टर इस्लामी नियमों को लेकर मशहूर सऊदी अरब अब शराब पर बैन हटाने की तैयारी में जुट गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी सरकार देश में 600 टूरिस्ट प्लेस पर शराब की बिक्री शुरू करने की योजना बना रही है। मेट्रो न्यूज के मुताबिक शराब की अनुमति देने वाले नए लाइसेंसिंग कानून 2026 में लागू होंगे।

ऐसा 2030 में वर्ल्ड एक्सपो और 2034 में शुरू होने वाले फुटबाल वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। सऊदी अरब में क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) के हाथों में सत्ता आने के बाद से कई बड़े बदलाव हो चुके हैं। उन्होंने

महिलाओं को गाड़ी चलाने की इजाजत दी, सिनेमाघर फिर से खोले और संगीत समारोहों की भी मंजूरी दी। अब शराब को भी सीमित तौर पर मान्यता देने की तैयारी हो रही है। सऊदी अरब में शराब पर बैन की असली वजह वहां के इस्लामिक कानून (शरिया) हैं। इसके अलावा इस्लाम से जुड़े दो पवित्र शहरों मक्का और मदीना होने की वजह से यहां शराब के खिलाफ बने नियमों को सख्ती से लागू किया जाता रहा है। क़ुरान में शराब को हराम माना गया है, क्योंकि यह सामाजिक और नैतिक बुराइयों का कारण बन सकती है। यहां पर शराब से संबंधित अपराधों (बिक्री, तस्करी, सेवन) के लिए सजा में कोड़े मारना, जेल, जुर्माना, या विदेशियों के लिए निर्वासन शामिल है। यह शराब सिर्फ कुछ लाइसेंस प्राप्त जगहों जैसे 5-स्टार होटल, लग्जरी रिसार्ट और खास विदेशी इलाकों में ही मिलेगी। यहां सिर्फ बीयर, वाइन जैसे हल्के अल्कोहल वाले पेय ही मिलेंगे। 20 प्रतिशत से ज्यादा अल्कोहल वाले पेय अभी भी बैन रहेंगे।

ऑपरेशन सिंदूर ने तोड़ी मुनीर सेना की कमर

बलूचिस्तान से पीओके तक टुकड़े-टुकड़े होने वाला है पाकिस्तान!

वाशिंगटन। ऑपरेशन सिंदूर ने ना सिर्फ पाकिस्तान सेना को करारी शिकस्त दी है। बल्कि पाकिस्तान को अंदर से तोड़ दिया है। दरअसल आसिम मुनीर की फिसड्डी फौज का खोखला दम दुनिया के सामने आ चुके हैं।

अब पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में आजादी के लिए विद्रोह हो रहा है और इसमें सबसे आगे बलूचिस्तान है। जहां के बलूच लड़ाकों की दहाड़ से पाकिस्तान सेना के पैर उखड़ रहे हैं। शहबाज-मुनीर को अब पाकिस्तान के टुकड़े-टुकड़े होने का डर सता रहा है। ऑपरेशन सिंदूर का मकसद पहलगाम आतंकी हमले का बदला था, लेकिन इस ऑपरेशन ने बलूचिस्तान से लेकर पीओके तक नई जान फूंक दी है। पाकिस्तान के

पाक के अलग-अलग हिस्सों में आजादी के लिए विद्रोह हो रहा है और इसमें सबसे आगे बलूचिस्तान

हर एक हिस्सा से आजादी की मांग उठ रही है और शहबाज मुनीर की जोड़ी मीटिंगों के सिवा कुछ नहीं कर पा रही। दरअसल पाकिस्तान में शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के खिलाफ 3 फ्रंट खुल गए हैं। पहला फ्रंट बलूचिस्तान का है, जहां बलूच नेताओं ने स्वतंत्र बलूचिस्तान का एलान कर डाला है। तो वहीं बलोच लड़ाके लगातार पाकिस्तान सेना पर हमला कर रहे हैं। दूसरी फ्रंट सिंध का है, यहां अलग-अलग जगह आजादी की मांग को लेकर लोग सड़कों पर उतरे हैं। तीसरी फ्रांट पीओके में खुल गया है, जहां मुजफ्फराबाद में पाकिस्तान सेना के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन जारी है। पाकिस्तान में सबसे बुरा हालात इस वक्त बलूचिस्तान के हैं। जहां हाल ही में बलूच नेता मीर यार ने स्वतंत्र बलूचिस्तान का एलान किया था। जिसके बाद से ही पाकिस्तान सेना पर जगह-जगह बड़े हमले हो रहे हैं। बीते 48 घंटे में बलूचिस्तान में बीएलए ने 3 जगह बड़े हमले किए गए। इन हमलों में बीएलए का टारगेट पाकिस्तान सेना थी। 24 घंटे में बलूचिस्तान के कलात, केच और अवारन में बीएलए ने हमला किया, तीनों जगहों पर कुल 4 आईईडी ब्लास्ट किए गए। सबसे बड़ा हमला कलात में हुआ, जहां पाकिस्तान सेना की 2 गाड़ियों को आईईडी धमाके में उड़ा दिया गया।

फिलीपींस में गोलीबारी, चार लोगों की मौत

मनीला। फिलीपींस के दक्षिणी प्रांत कैंविटे में सोमवार सुबह गोल. ीबारी में हमलावर सहित चार लोग मारे गए और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब आठ बजे दासमारिनास शहर में झंडा फहराने समारोह के दौरान गांव के हॉल के सामने गोलीबारी हुई। सूचना मिलने पर अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पाया कि चार लोग गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। एक महिला भी घायल हुई है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में तीन गांव के अधिकारी थे। मृतक में एक हमलावर भी है। जिसकी पहचान 50 वर्षीय पूर्व चौकीदार के रूप में हुई है।

तुर्की-पाक बढ़ाएंगे द्विपक्षीय सहयोग

शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से की मुलाकात

इस्तांबुल। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से यहां मुलाकात की तथा इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने का संकल्प लिया।

दोनों नेताओं के बीच यहां हुई बैठक के बाद तुर्की के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में एर्दोगन ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच हर क्षेत्र में, विशेष रूप से ईंधन, परिवहन और रक्षा में सहयोग बढ़ाने का प्रयास करेंगे। राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में तुर्की और पाकिस्तान के बीच बढ़ती एकजुटता दोनों देशों के हितों की पूर्ति करती है। उन्होंने

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में तुर्की और पाकिस्तान के बीच बढ़ती एकजुटता दोनों देशों के हितों की पूर्ति करती है: रेसेप एर्दोगन

कहा कि दोनों पक्ष पांच अरब डॉलर के व्यापार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कदम उठाना जारी रखेंगे। इसके अलावा इस्तांबुल-तेहरान-इस्लामाबाद रेलवे लाइन की दक्षता में सुधार के महत्व पर जोर दिया। इस बीच शरीफ ने बैठक के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि दोनों पक्षों ने बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों, विशेष रूप से व्यापार और निवेश में चल रही प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने यह भी लिखा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने के अपने संकल्प की पुष्टि की।

इथियोपिया में एमपॉक्स का पहला मामला आया सामने

अदीस अबाबा। इथियोपिया में एमपॉक्स का पहला मामला सामने आया है। देश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। इथियोपिया के स्वास्थ्य मंत्रालय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान ने एक संयुक्त बयान में कहा कि केन्या की सीमा के पास मोयाले शहर में 21 दिन के एक शिशु में एमपॉक्स की पुष्टि हुई है। मंत्रालय ने कहा कि बाद में किए गए परीक्षण में भी पुष्टि हुई है कि बच्चे की मां भी वायरस से संक्रमित है। मंत्रालय ने कहा कि बच्चे और उसकी मां को क्वारंटीन में रखा गया है। मंत्रालय के अनुसार बच्चे और उसकी मां दोनों को अब तक कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं हुई है और वे फिलहाल स्थिर स्थिति में हैं।